Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

Page 10

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

**संन्यास का मन बना चुके हैं धोनी 4 से 5 महिना बाद लेंगे फैसला...**

देश

**पाकिस्तान की कमर तोड़ने का तैयार है प्लान, पांच एशियाई विदेश मंत्री आ सकते है...**



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, भरणी, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • मंगलवार • 27 मई 2025 • वर्ष 27 • अंक 165 • पृष्ठ 12

## पादरी से मिलने पाकिस्तान पहुंची नागपुर की महिला

● ऑनलाइन हुआ प्यार, कारगिल से बॉर्डर क्रॉस किया ● गिलगित में पकड़ी गई, पाक रेंजर्स ने वापस लौटाया

अमृतसर (एजेंसी)। नागपुर की रहने वाली 43 वर्षीय सुनीता जांगड़े को पाकिस्तानी रेंजर्स ने अमृतसर के अटारी बॉर्डर पर बीएसएफ को सौंप दिया है। नागपुर की यह महिला पाकिस्तानी पादरी के प्यार में पड़कर 14 मई 2025 को कारगिल के हुंदरमन गांव से नियंत्रण रेखा पार कर आई थी।



यहां से वह गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक, सुनीता अपने 14 वर्षीय बेटे के साथ छुट्टियां मनाने लद्दाख गई थी, इस दौरान उसके अचानक लापता होने की बात सामने आई, वह अपने बेटे को होटल में छोड़कर गई थी। जांच में पता चला कि सुनीता दो पाकिस्तानी नागरिकों से बात कर रही थी। इनमें से एक पादरी था और दूसरा जुल्फिकार नाम का युवक था। उसके फोन रिकॉर्ड, सोशल मीडिया गतिविधियों और ऐप्स से पता चला है कि वह पहले भी दो बार अटारी-वाघा बॉर्डर से पाकिस्तान जाने की कोशिश कर चुकी है, लेकिन तब सुरक्षा एजेंसियों ने उसे रोक लिया था। सूत्रों के मुताबिक, महिला ने कारगिल के जिस सीमावर्ती गांव से पाकिस्तान में प्रवेश किया।

# ऑपरेशन सिंदूर का लोहा दुनिया ने माना: उपराष्ट्रपति

● एमपी में कहा-जिनको चोट लगी है,प्रमाण उन्होंने दिया ● धनखड़ बोले-पीएम मोदी का फैसला लौह पुरुष जैसा

**नरसिंहपुर (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सरकार पहलगाम आतंकी हमले का जवाब ऑपरेशन सिंदूर से दिया है। इसका लोहा दुनिया ने भी माना है। भारत अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। पूरा देश राष्ट्र प्रेम की भावना से ओत-प्रोत है और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने लौह पुरुष की तरह फैसला लिया। उपराष्ट्रपति ने सोमवार को नरसिंहपुर में कृषि समागम मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी मौजूद रहीं। इस मौके पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण कुशवाह, गोविंद सिंह राजपूत, ऐंदल सिंह कंषाना, प्रहलाद सिंह पटेल, राव उदय प्रताप सिंह और राज्यसभा सांसद माया नरोलिया भी मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने संदेश दिया है कि जिसने सिंदूर मिटाया है, उसे धरती पर रहने का अधिकार नहीं। सीमा में घुसकर सेना ने क्या सटीक बमबारी की है। कोई प्रमाण नहीं मांग रहा। जिनको चोट लगी है,उन्होंने प्रमाण दे दिया है।



● **दुनिया की तीसरी महा शक्ति बनने वाला है भारत-** उपराष्ट्रपति ने कहा कि पिछले दशक में भारत ने बड़ी आर्थिक उछाल लगाई। हम बड़ी कमजोर स्थिति में थे। आज भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बना है। हमने जापान जैसे बड़े देशों को पीछे छोड़ दिया है। भारत दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने वाला है। विकसित भारत का रास्ता किसान के खेत और गांव से निकलता है। पूंजी किसान के पास है। इससे अर्थव्यवस्था में बड़ा उछाल आएगा। धनखड़ ने कहा कि अमेरिका में किसान परिवार की आय सामान्य परिवार से ज्यादा है। देश को आगे बढ़ाने के लिए सांसद, विधायक कृषि आधारित उद्योग गांव को गोद लें। उसके विकास का संकल्प लें।

● **सीएम बोले-प्रदेशभर में लगाए जाएंगे किसान मेले-** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में 2002-03 से आज तक एक लाख 32 हजार रुपए प्रति व्यक्ति आय हुई है। आने वाले समय में बिजली बिल से मुक्ति मिल जाएगी। 32 लाख किसानों को सोलर पंप देने की योजना लागू की है। यहां प्रदर्शनी के माध्यम से आधुनिक कृषि यंत्र आए हैं। फसल का उत्पादन बढ़ेगा। कृषि आधारित फूड प्रोसेसिंग कम है। इसी के मकसद से किसान मेला शुरू हुआ है। तीन दिन तक प्रदर्शनी लगेगी। किसान सब्सिडी के माध्यम से जो यंत्र चाहेंगे, सरकार देगी। नरसिंहपुर में 102 हेक्टेयर में नए कृषि आधारित फूड पार्क तैयार किया जा रहा है।

# सिंदूर मिटाने वालों का हर हाल में मिटना तय था

### दाहोद में पीएम बोले-ऐसे हालात में मोदी कैसे चुप बैठ सकता था

**कहा-आतंकियों ने चुनौती दी,हमने उनके ठिकाने मिट्टी में मिला दिए**

**दाहोद (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने सोमवार को गुजरात के दाहोद में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। हमने भी आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। मोदी ने कहा, आप बताइए... ऐसे हालात में क्या मोदी चुप बैठ सकता था। जब कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है। पीएम ने कहा, साथियों जिन्हें कोई नहीं पूछता उन्हें मोदी पूछता है। आदिवासी समाज में लोग पीछे रह गए हैं। उसमें भी पीछे रहने वाले लोगों की चिंता मैं करता हूं। मैने उनके लिए भी योजना बनाई। लाखों आदिवासी भाई बहनों को इसका लाभ मिल रहा है। मैं यहां रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए काम कर रहा हूं।



आमसभा से पहले मोदी ने यहां रोड शो भी किया। पीएम मोदी दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद राज्य में यह उनका पहला दौरा है। वे सोमवार सुबह सबसे पहले वडोदरा पहुंचे और रोड शो किया। पीएम मोदी ने कहा, 'जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जो कुछ किया, क्या भारत चुप बैठ सकता है, क्या मोदी चुप बैठ सकता है। जब कोई हमारी बहनों का सिंदूर मिटाएगा तो उसका भी मिटना तय हो जाता है।

### पीएम मोदी के रोड-शो में पहुंचा कर्नल सोफिया का परिवार



**वड़ोदरा (एजेंसी)।** रोड शो की शुरुआत में ही प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट के बाहर बने मंच पर मौजूद कर्नल सोफिया के परिवार से मुलाकात की। कर्नल सोफिया कुरैशी ऑपरेशन सिंदूर के बारे में प्रेस ब्रीफिंग करने वाली टीम का हिस्सा थीं। कर्नल सोफिया की जुड़वां बहन शायना कुरैशी ने कहा, उन्होंने हमसे नमस्कार किया, लेकिन यहां बहुत शोर था। उनसे बात नहीं हो सकी। मोदीजी बहुत ईमानदार पीएम हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर किया। वह बहुत सक्सेजफुल रहा। ऑपरेशन मे कोई कैजुअल्टी नहीं हुई। महिलाओं को उन्होंने ऐसे लेवल पर पहुंचा दिया है, जो पहले कभी नहीं हुआ। वे हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ाते हैं। जो महिलाएं इतने सालों से दबी हुई थीं। आज वे अपने आप पर बहुत गर्व फील कर रही हैं।

## पाकिस्तान की कमर तोड़ने का प्लान है तैयार

● पांच एशियाई विदेश मंत्री जल्द आ सकते हैं भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने पाकिस्तान की कमर तोड़ने का प्लान तैयार कर लिया है। पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। वहीं चाबहार बंदरगाह के जरिए भारत पाकिस्तान को अलग-थलग कर देना चाहता है। हाल के दिनों में पाकिसतान और तालिबान के बीच संबंध खराब हुए हैं। भारत चाहता है कि पाकिस्तानी बंदरगाहों पर निर्भरता कम हो जाए। वहीं ईरान चाहता है कि इस बंदरगाह के जरिए वह भारत के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे में शामिल हो जाए। अगले महीने सेंट्रल एशिया के पांच विदेश मंत्री भारत आ सकते हैं। उस दौरान भारत पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, सीमापार आतंकवाद और पाकिस्तान पर व्यापार की निर्भरता को कम करने का मुद्दा उठा सकता है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के आसपास सेंट्रल एशिया आतंकवाद का शिकार लंबे समय से रहा है। अफगानिस्तान में भी सीमापार आतंकवाद की समस्या बढ़ रही है। जून में होने वाली विदेश मंत्रियों की यह बैठक पहले 2022 में ही गणतंत्र दिवस के मौके पर होनी थी। हालांकि किसी वजह से उस समय यह मीटिंग नहीं हो पाई थी।



## मुंबई में भारी बारिश, हर ओर तबाही का मंजर

● डूब गई सड़कें और मेट्रो स्टेशन रेलवे स्टेशनों का भी बुरा हाल

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई में सोमवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। हाल ही में शुरू हुए वर्ली अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भर गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 1 मई को ही इसका उद्घाटन किया था। इधर घने बादलों की वजह से विजिबिलिटी लो है। इस वजह से 8 फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। सड़कों पर भी लोग गाड़ियों



की लाइट ऑन करके ड्राइव कर रहे हैं। बारिश के साथ मुंबई में 70 से 80 किमी की रफ्तार से हवा चली, जिससे कई इलाकों में पेड़ गिर गए हैं। बारिश के बाद कई जगह 7-8 किमी लंबा जाम लगा हुआ है। हार्बर, सेंट्रल लाइन पर लोकल ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। हजारों लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इधर पुणे में रविवार की तेज बारिश की वजह से नदी-नाले अचानक उफान पर आ गए। पुणे-सोलापुर हाईवे पर पाटस इलाके में बादल फटने से पुणे के बारामती और इंदापुर में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। बारिश के बाद यहां सड़कें पानी में डूब गईं। करीब 200 घरों में पानी भर गया और कई गाड़ियां बह गईं। हृष्ठक्रस्न की 2 टीमें रेस्क्यू के लिए तैनात की गई हैं। भारतीय मौसम विभाग ने बताया, मुंबई और उपनगरीय क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है।

# कोरोना की वापसी! गहरा सकता है 'संकट'

● *दिल्ली में 100 पार, केरल में सबसे अधिक* ● *देश भर में 1000 से ज्यादा ऐक्टिव केस हुए*

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में एक बार फिर कोविड-19 संक्रमण के मामलों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक सप्ताह में भारत में कोविड-19 के कुल 750 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें से सबसे अधिक संक्रमण केरल में 400 और दिल्ली 100 से अधिक केस रिपोर्ट किए गए हैं। देशभर में 1000 से अधिक एक्टिव केस हो गए हैं। देश के अधिकांश हिस्सों में कोरोना केसों की रफ्तार से लोगों में हड़कंप जरूर है, लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय ने जनता से घबराने की बजाय सावधानी बरतने की अपील की है। अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल संक्रमण की दर कम है और अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता बहुत सीमित है। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। केरल में बीते 24 घंटों में 335 नए केस सामने आए हैं, जिससे वहां सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 430 हो गई है।

महाराष्ट्र में 153 नए संक्रमण मिले हैं और वहां अब 209 सक्रिय केस हैं। वहीं दिल्ली में 99 नए मरीजों के साथ कुल



ऐक्टिव केस 104 हो गए हैं। इनके अलावा गुजरात में 83, कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 और पश्चिम बंगाल में 12 सक्रिय केस दर्ज किए गए हैं। बिहार में सोमवार को एम्स पटना के एक डॉक्टर और एक 31 साल के व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई। यह कोरोना की मौजूदा लहर में राज्य का पहला मामला है। पिछले एक सप्ताह में कोविड-19 के 752 नए मामले सामने आए हैं। देश में कुल मामलों की संख्या 1,009 हो गई है। पिछले एक सप्ताह में केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली में सबसे ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। केरल में 335 नए मामले सामने आए हैं, जिसके साथ ही कुल ऐक्टिव मामले 430 हो गए हैं। महाराष्ट्र में 153 और दिल्ली में 99 नए मामले सामने आए हैं। दिल्ली में इस वक्त कुल 104 ऐक्टिव मामले हैं। इन शहरों के बाद गुजरात में 83 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 मामले दर्ज किए गए हैं। देश में कोविड के नए मामलों में अब तक 7 मौतें देश में कोरोना के बढ़ते नए मामलों के बीच अब तक 7 लोगों की मौत भी हुई है। कलवा अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के कोविड मरीज की मौत हो गई।

## पाकिस्तान को खुफिया जानकारी भेजी, सीआरपीएफ जवान गिरफ्तार

● एनआईए बोला-आरोपी को पाकिस्तानी अधिकारियों से डिटेल के बदले पैसे मिले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने दिल्ली से सीआरपीएफ के जवान मोती राम जाट को गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को भारत की संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है। एनआईए के मुताबिक, 2023 से पाकिस्तान खुफिया अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी डिटेल शेयर कर रहा था। मोती राम को अलग-अलग तरीकों से पैसे भी मिल रहे थे। मोती राम को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 6 जून तक की कस्टडी में भेजा गया है। एनआईए उससे पूछताछ कर रही है। 24 मई को गुजरात एटीएस ने कच्छ से एक शख्स सहदेव सिंह गोहिल को गिरफ्तार किया था। गोहिल सेना की मौजूदा आर्मी यूनिट्स की फोटो-वीडियो वॉट्सएप के जरिए पाकिस्तानी एजेंट को भेजा करता था।




## पाकिस्तानी सैलरी पर थीं गोगोई की ब्रिटिश पत्नी

● असम सीएम बोले-सीनियर कांग्रेस नेता ने किया है कबूल ● कहा-अगर यह सच तो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा ने सोमवार को कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की विदेशी पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के पाकिस्तानी कनेक्शन को लेकर फिर सवाल किया। उन्होंने एक्स पर ट्वीट किया, जिसमें सीनियर कांग्रेस नेता रिपुन बोरा के हवाले से बताया कि सांसद गौरव गोगोई की पत्नी पाकिस्तान सरकार से सैलरी ले रही थीं। हिमंता ने पोस्ट में लिखा- कल एक सीनियर कांग्रेस नेता रिपुन बोरा ने चौंकाने वाला कबूलनामा किया। बोरा ने माना कि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की ब्रिटिश पत्नी पाकिस्तान सरकार के पेरोल पर थी। अगर यह सच है तो यह देश की राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाता है। देश के मुख्य विपक्षी दल के नेता की पत्नी और दुश्मन देश के बीच इस तरह के सीधे संबंध देश की एकता और सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है। हम पहले इस चौंकाने वाले तथ्यों के बारे में नहीं जानते थे अब जब यह बात सामने आई है तो इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए।



# भारत के लिए 'चिकन नेक' बना अभेद्य किला

● चीन के दम पर उछलना भूल जाएंगे मोहम्मद यूनुस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान जंग के बाद देश की पूर्वी सीमाओं की सुरक्षा को देखते हुए भारत ने एक बड़ा कदम उठाया है। उसने अपनी सबसे आधुनिक एस-400 ट्रायंफ मिसाइल सिस्टम और राफेल जैसे फाइटर्स को सिलीगुड़ी कॉरिडोर में तैनात किया है। यह कॉरिडोर पश्चिम बंगाल में है, जो भारत के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर एक पतला सा रास्ता है। यह सिर्फ 20-22 किलोमीटर चौड़ा है, जिसे 'चिकन नेक' भी कहा जाता है। यह भारत के मुख्य भूभाग को उत्तर-पूर्वी राज्यों से जोड़ता है। उत्तर-पूर्वी राज्य प्राकृतिक संसाधनों से भरे हुए हैं। ऐसे में यह कॉरिडोर भारत के लिए बहुत जरूरी है। डिफेंस सिक्योरिटी एशिया पर छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, एस-400 मिसाइल सिस्टम बहुत ही शक्तिशाली है। यह एक साथ कई हवाई लक्ष्यों को मार सकता है। इसकी रेंज 400 किलोमीटर से भी ज्यादा है। भारत ने इसे चीन और बांग्लादेश की बढ़ती हवाई गतिविधियों को देखते हुए तैनात किया है।





● **चीन के साथ नजदीकी बढ़ा रहे यूनुस पर भी शिकंजा-** सिलीगुड़ी कॉरिडोर हमेशा से भारत के लिए एक चिंता का विषय रहा है। डोकलाम के बाद से ही भारतीय सेना ने तेजी से कार्रवाई करने, हर तरह से मुकाबला करने और कॉरिडोर के आसपास हमेशा तैयार रहने पर ध्यान दे रही है। भारत ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब बांग्लादेश में राजनीतिक बदलाव हो रहे हैं। मोहम्मद यूनुस की सरकार चीन के साथ नजदीकियां बढ़ा रही है। पहले बांग्लादेश की सरकार भारत के साथ अच्छे संबंध रखती थी। लेकिन अब यूनुस की सरकार चीन और पाकिस्तान के साथ दोस्ती कर रही है। भारत इन दोनों देशों को अपना दुश्मन मानता है।

## इजराइल का गाजा के स्कूल पर हमला, 30 लोगों की मौत

● शरणार्थी कैंप बनाया गया था, स्पेन ने प्रतिबंध लगाने की मांग की

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइल ने रविवार देर रात गाजा में कई जगहों पर हमले किए। इन हमलों में एक स्कूल को भी निशाना बनाया, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई है। स्कूल में आग लगने से लोग जिंदा जल गए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह एक किंडरगार्टन स्कूल था, जिसे शरणार्थी शिविर को तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। मरने



वालों में रेड क्रॉस के दो कार्यकर्ता, एक पत्रकार और कई बच्चे शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल के हमले में सोमवार को गाजा में अब तक 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। दूसरी तरफ स्पेन ने दुनिया भर के देशों से इजराइल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। गाजा पर 23 मई को हुए इजराइली हमले में खान यूनिस की एक महिला डॉक्टर अल-नज्जर के 9 बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गेट पर गोबर फेंकने को लेकर दो पक्ष भिड़े, रोड़ेबाजी में छह घायल

**मानपुर**। मानपुर भोरे पंचायत के कठौतिया गांव में शनिवार देर शाम दरवाजे पर गोबर फेंकने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों ओर से लाठी-डंडे चले। रोड़ेबाजी भी हुई। घटना में छह लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया।पुलिस ने दोनों पक्षों के छह लोगों को हिरासत में लिया। इनमें अक्षय यादव, राम लगन यादव, रामाशीष यादव, लाल बाबू यादव, चंदन कुमार और नीतीश कुमार शामिल हैं। गांव वालों के अनुसार, एक पक्ष की महिला अक्सर दूसरे पक्ष के घर के सामने गोबर फेंक देती थी। इसे लेकर पहले भी कई बार विवाद हो चुका था।शनिवार शाम दोनों पक्षों ने अपने-अपने समर्थकों को बुला लिया। कहासुनी के बाद मामला हिंसा में बदल गया। दोनों ओर से लाठियां चलीं। रोड़ेबाजी हुई। इस दौरान तीन बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गईं। थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर 22 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। छह लोगों को जेल भेजा गया है।

### दुकान के बाहर से बाइक ले उड़े बदमाश

**मानपुर**| मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की वारदातें लगातार हो रही हैं। पुलिस की सख्ती और दावों के बावजूद चोर अब तक पकड़ से बाहर हैं। चोरी गई बाइकें भी नहीं मिल सकी हैं। इससे लोगों में डर और नाराजगी बढ़ रही है। ताजा मामला एसएच 70 भुसुंडा-फतेहपुर मार्ग पर बंधुआ गुमटी के पास का है। कालीबाड़ी, सिविल लाइंस निवासी दिलीप कुमार अमरपुर में अपने बड़े भाई की गल्ला दुकान पर गए थे। उन्होंने अपनी ग्लैमर बाइक नंबर बीआर-02एएल-4671 दुकान के बाहर खड़ी की थी। करीब एक घंटे बाद बाहर निकले तो बाइक गायब थी। दिलीप ने मुफस्सिल थाना में लिखित शिकायत दी है।

### न्यायालय कर्मी से रंगदारी मांगने पर एफआईआर दर्ज

**गया**| रंगदारी मांगने के मामले में व जमीन से बेदखल करने के संबंध में न्यायालय कर्मी (पेशकार) ने प्राथमिकी दर्ज करवाई थी । मामले के सूचक सत्येंद्र कुमार ने रामपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई । उन्होंने प्राथमिकी में कहा कि हाउसिंग बोर्ड के द्वारा वर्ष 2003 में उसके नाम से भूमि आवंटित किया गया था । आवंटन के पश्चात उसने आवास बोर्ड को वर्ष 2009 में सारे पैसे का भुगतान कर दिया था । व्यक्तिगत कारणो से 2022 तक उक्त भूमि पर उसके द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया था । 2024 में भूमि पूजन के दौरान उसके साथ गुड्डू यादव , अजय कुमार व धीरेन्द्र यादव द्वारा अभद्र व्यवहार तथा 10 लाख रुपए रंगदारी की मांग की गई थी । उसने प्राथमिकी में यह भी लिखा कि जब वह उन लोगों से संपर्क किया तो उन लोगों ने बताया कि रंगदारी टैक्स पहले जमा करना होता है । जब वह इसमें असमर्थता जाहिर की तो उन लोगों ने अपने पास रखे पिस्टल को निकाल कर उसकी कनपटी पर सटा दिय तथा जान से मारने की धमकी दिया । मामला रामपुर थाना काण्ड संख्या 98/.2025 से संबंधित है ।

### नमामि निरंजना प्रोजेक्ट की दी जा रही ताइवान में जानकारी

**बोधगया**। "नमामि निरंजना" प्रोजेक्ट के अंतर्गत पवित्र निरंजना नदी का ताइवान के ताइपे शहर में निर्मल निरंजना ट्रस्ट द्वारा जागरुकता अभियान चलाया गया। प्रोजेक के ताइवान के कंट्री हेड दयानंद कुमार द्वारा पूरे ताइवान में घूम-घूम कर यह जागरुकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि वहां के लोगों के बीच भारत सरकार द्वारा पवित्र नदी निरंजना के सदानीरा करने के कार्यों के बारे में वहां के लोगों को जागरूक किया जा सके। सुरेश सिंह महासचिव निर्मल योजना ट्रस्ट ने यह जानकारी दी।

### कई बेटियों की शादी का उठाया खर्च, दिव्यांगजनों को दिए सहायक उपकरण

**गया**। न्यू कॉलनी कालीबाड़ी, गयाजी स्थित कार्यालय के मोबाइल नंबर 7717783499 से संपर्क किया जा सकता है। चीफ रिपोर्टर | गया समाजसेवी सह शिक्षाविद् डॉ. मनीष पंकज मिश्रा हर जरूरतमंदों की हमेशा मदद करते हैं और सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। चाहे समाज में गरीब परिवार की बेटी की शादी हो या फिर बच्चों की पढ़ाई, डॉ. मनीष इनका पूरा खर्च खुद वहन करते हैं। मेधावी छात्रों को भी हमेशा कॉपी, किताब व बैग आदि देकर उनका मनोबल बढ़ाते हैं। ये दिव्यांगजनों को आर्थिक मदद के साथ-साथ उन्हें निःशुल्क सहायक उपकरण भी उपलब्ध कराते रहते हैं। रास्ते में भी अगर कोई जरूरतमंद मिल गया तो उसकी बेहिचक मदद कर देते हैं। इन्होंने साइबर अपराध के विरूद्ध एक साल तक जागरूकता अभियान चलाया। छोटे वाहनों के जरिए शहर में विभिन्न मोहल्लों और गली-कुचियों में लोगों को साइबर अपराध से बचने को सतर्क किया। इनके इस कार्य की लोगों ने खूब सराहना की। ये धूप-बारिश में ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मियों की भी मदद करते हैं। इनके द्वारा कई बार ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के बीच छाता और रेनकोट का वितरण किया गया। रेलवे स्टेशन प्रबंधक को भी दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध कराए। अभी वे सेवा भारती द्वारा संचालित विद्यालय के एक छात्र को गोद लेकर उनकी शिक्षा का पूरा खर्च वहन कर रहे हैं। डॉ. मिश्रा समाजसेवी व शिक्षाविद होने के साथ-साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। ये हरेक साल पितृपक्ष मेला, ईद-मोहर्रम समेत अन्य पर्व त्योहारों के अवसर श्रद्धालु व अकीदतमंदों के लिए दूध, शीतल जल, चाय, बिस्कुट, फल आदि की व्यवस्था करते हैं। देश के महापुरुषों की जयंती पर ये अपनी पूरी टीम के साथ दलित बस्तियों में पहुंचकर अंगवस्त्र, कंबल व अन्य खाद्य सामग्री बांटते हैं। पीएम मोदी के मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत इन्होंने कई शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों से मिलकर उन्हें सम्मानित किया।

### मानपुर में धड़ल्ले से चल रहा अवैध लॉटरी का धंधा

**मानपुर**| प्रखंड के मुफस्सिल और बुनियादगंज थाना क्षेत्र में कई जगहों पर अवैध लॉटरी और गेसिंग का कारोबार खुलेआम चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस को इसकी जानकारी है, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इस कारण सैकड़ों बेरोजगार और गरीब लोग रोज अपनी किस्मत आजमाकर कंगाल हो रहे हैं। लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अबगिल्ला, जगदीशपुर के महुआडीह, नौरंगा, भुसंडा, मल्लाहटोली दुर्गा स्थान और बुनियादगंज थाना क्षेत्र के शहीद ईश्वर चौधरी के नीचे, पुदीना खेत, जोड़ा मस्जिद, पेहानी मोहल्ले में सुबह 9 बजे से देर शाम तक चोरी-छिपे यह धंधा चल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस अवैध कारोबार को दबंग और प्रभावशाली लोगों का संरक्षण मिला हुआ है। पुलिस भी इन्हीं के दबाव में कार्रवाई से बच रही है।

### युवक को पकड़ने आई पटना पुलिस, सवाल करने पर तान दिया हथियार

**मानपुर**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उत्तरी लक्खीबाग रोड नंबर 2 स्थित यादव टोली में पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को पकड़ा। युवक की पहचान राजीव कुमार के रूप में हुई। उसके पास से विभिन्न ब्रांड की 19 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई मद्य निषेध विभाग की ओर से की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छापेमारी करने आई टीम खुद को पटना पुलिस बता रही थी। मोहल्ले के लोगों ने जब युवक की गिरफ्तारी को लेकर सवाल किया तो टीम में शामिल एक अधिकारी ने हथियार निकालकर पूछने वाले युवक पर तान दिया। इस घटना के बाद मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया। खास बात यह रही कि इस कार्रवाई की जानकारी स्थानीय मुफस्सिल थाना को नहीं थी। अपर थानाध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ने ऐसी किसी कार्रवाई की जानकारी से इनकार किया। उन्होंने कहा कि अगर बाहर की टीम होती तो युवक और बरामद सामान को स्थानीय पुलिस को सौंपा जाता।

# बिहार खेल विश्वविद्यालय का पहला प्रॉस्पेक्टस आज होगा लॉन्च

निज संवाददाता। नालंदा




**♦ विभिन्न पाठ्यक्रमों की पूरी जानकारी मिलेगी, आरक्षण से संबंधित प्रावधान भी होगा स्पष्ट**

राजगीर स्थित बिहार खेल विश्वविद्यालय (BSUR) कल अपना प्रथम विवरणिका (प्रॉस्पेक्ट्स) का लोकार्पण करने जा रहा है, जो राज्य में खेल शिक्षा के नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर सिन्हा, 27 मई को दोपहर 12:30 बजे विश्वविद्यालय के सभागार के द्वितीय तल पर इस महत्वपूर्ण दस्तावेज का लोकार्पण करेंगे। यह प्रॉस्पेक्ट्स शैक्षणिक सत्र 2025-26 से शुरू होने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा। कुलसचिव रजनी कांत की ओर से जारी आमंत्रण पत्र के अनुसार, इस विवरणिका में संभावित अभ्यर्थियों को निम्नलिखित महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध होंगी। **1.** प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता की विस्तृत जानकारी। **2.** सीटों की संख्या और उनका वितरण। **3.** आरक्षण संबंधी प्रावधान की स्पष्टता। **4.** तिथि-वार नामांकन कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा। **5.** शुल्क संरचना की पारदर्शी व्यवस्था। **6.**हॉस्टल सुविधाओं की जानकारी।

**विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक:** विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि यह प्रॉस्पेक्टस न केवल विद्यार्थियों बल्कि उनके अभिभावकों और सभी हितधारकों के लिए एक व्यापक मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा। खेल शिक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगा। बिहार खेल विश्वविद्यालय की स्थापना बिहार खेल विश्वविद्यालय अधिनियम 2021 के तहत की गई है और इसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) की मान्यता प्राप्त है। यह राज्य का पहला विशेष खेल विश्वविद्यालय है जो राजगीर के ऐतिहासिक शहर में स्थित है।

**खेल शिक्षा में नई दिशा:** बिहार खेल विश्वविद्यालय के प्रॉस्पेक्टस का लांच राज्य की खेल नीति और खिलाड़ियों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे न केवल प्रतिभाशाली युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे बल्कि बिहार में खेल संस्कृति को भी नई दिशा मिलेगी।

## गया के नक्सल प्रभावित डुमरिया से 5 घंटे में पहुंचेंगे पटना

निज संवाददाता। गया



गया के नक्सल प्रभावित डुमरिया से राजधानी पटना के लिए सीधी बस सेवा की आज से शुरुआत हो रही है। डुमरिया से बस पहले सरकारी बस स्टैंड आएगी, फिर यहां से पटना के लिए रवाना होगी। संचालन बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (BSRTC) की ओर से किया जा रहा है। निगम ने संचालन की पूरी तैयारी कर ली है। शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है।

**परमिट के लिए आवेदन दिया गया है:** क्षेत्रीय प्रबंधक अशोक सिंह ने बताया कि डुमरिया-गया-पटना के लिए सरकारी बस सेवा शुरू होने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। लंबे समय से इस रूट पर पटना के लिए सरकारी बस की डिमांड थी। इसके अलावा परिवहन निगम कई महवपूर्ण और लंबी दूरी के लिए बसों का संचालन भी शुरू करने जा रही है। फिलहाल उन रूटों पर परमिट के लिए आवेदन दिया गया है। डुमरिया-पटना के अलावा पिंक बस के टाइम टेबल तय कर दिए गए हैं। तय समय पर सोमवार से बसों का संचालन होगा। पिंक बस का लाभ महिलाओं को मिलेगा।

**विभाग ने टाइम टेबल किया जारी:** डुमरिया से बस सुबह 5:30 बजे खुलेगी। दोपहर 1:30 बजे पटना पहुंचेगी। गया से सुबह 8:03 बजे खुलेगी। शाम 4:03 बजे पटना पहुंचेगी।

**डुमरिया से 5 घंटे में पटना:** डुमरिया से गया के बीच स्टेट हाइवे-69 और गया से पटना के बीच फोरलेन सड़क होने से यात्रा अब आसान हो जाएगी।

## महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के दिघौरा पहुंचे मंत्री, जीविका दीदियों से किया संवाद

निज संवाददाता। गया



सरकार समाज के हर वर्ग के लिए काम कर रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे यह सरकार की प्राथमिकिता है। उक्त बातें महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के दिघौरा ग्राम पहुंचे ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कही। श्री कुमार ने जीविका से जुड़ी दीदियों व अन्य महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार पहला राज्य है जहां महिलाओं के लिए अपना बैंक है। महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार कई कदम उठा रही है। मंत्री श्री कुमार ने बताया कि जल्द ही सभी प्रखंड तथा अंचल कार्यालय तथा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति विद्यालयों में भी जीविका दीदी की रसोई खोलकर उन्हें रोजगार से जोड़े जाने की योजना लाई जाएगी। संवाद के दौरान उपस्थित जीविका के बीपीएम उत्तम कुमार ने मंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि टिकारी प्रखंड में कुल 2996 समूह बनाए गए जिसमें कुल लगभग 35000 जीविका दीदियों को जोड़ा गया उन्हें बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया गया जिसके माध्यम से छोटे-छोटे ऋण लेकर वह स्वरोजगार कर रहे हैं और अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं। महिलाओं के कुल 52 करोड़ का बैंक ऋण विभिन्न बैंकों के माध्यम से दिया गया है जिसे वह लाभान्वित हुई है सतत जीवकोपार्जन योजना के माध्यम से जीविका दीदियों को एक करोड़ 71 लाख रूपये का सहायता पहुंचा गया है जिससे अति गरीब महिलाओं को रोजगार मिला है। महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए बिहार के सभी सरकारी अस्पतालों में जीविका दीदी की रसोई खोली गई है जिनके माध्यम से जीविका दीदियों को रोजगार से जोड़ा गया है। इसके अलावा श्री कुमार ने जीविका दीदियों से उनके अनुभव सुने। मौके पर मनोज कुमार, मुकेश कुमार वंशल सहित जीविका से जुड़ी दीदी शामिल थे।

## परिवार के 4 लोगों की हत्या करने वाला नक्सली गिरफ्तार




**♦ साथियों के साथ मिलकर सभी को फंदे से लटकाया था, वारदात के 4 साल बाद धराया**

निज संवाददाता। गया

गया जिले की डुमरिया-छकरबंधा थाना पुलिस और STF ने 4 साल से फरार कुख्यात नक्सली शिव कुमार सिंह भोक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। नक्सली ने अपने साथियों के साथ एक ही परिवार के 4 लोगों को फंदे से लटका कर मार डाला था। उनके घर को डाइनामाइट से उड़ा दिया था। घटना 2021 के दिसंबर की है। घटना को नक्सलियों ने डुमरिया थाना क्षेत्र के मोनावार में अंजाम दिया था। यह इलाका पूरी तरह से जंगल से घिरा है।

**गांव आने की सूचना पर एक्टिव हुई पुलिस:** 25 मई 2025 को डुमरिया थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि वांछित नक्सली शिव कुमार सिंह भोक्ता अपने गांव कचनार (थाना छकरबंधा) आया हुआ है। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए STF और दोनों थानों की टीम ने छापेमारी शुरू की। जैसे ही पुलिस बल गांव पहुंचा, एक संदिग्ध व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में पहचान छकरबंधा थाना कचानार निवासी जगदेव सिंह भोक्ता का बेटा शिव कुमार सिंह भोक्ता बताया। शिव कुमार सिंह भोक्ता पर डुमरिया थाना में हत्या, विस्फोटक, यूएपीए और एससी-एसटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। आरोप है कि 13 नवंबर 2021 की रात नक्सलियों के एक समूह ने पीड़ित के घर पर हमला कर परिवार के चार सदस्यों को गोशाला में फांसी पर चढ़ा दिया था। मामले में अब तक 5 नक्सली पहले ही गिरफ्तार होकर न्यायिक हिरासत में भेजे जा चुके हैं, जबकि अन्य 3 को रिमांड पर लिया गया है।

# 73 स्कूलों के एचएम बेंच डेस्क खरीद की उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं कर रहे जमा

निज संवाददाता। नालंदा



शिक्षा विभाग बेंच डेस्क की खरीद को लेकर एक बार फिर चर्चा में हैं। लेकिन इस बार अधिकारियों द्वारा बेंच डेस्क घोटाला नहीं किया गया हैं। इस बार स्कूलों के एचएम द्वारा बेंच डेस्क क्रय के लिए दी गई राशि का यूसी (उपयोगिता प्रमाणपत्र) जमा नहीं किये जाने की वजह से विभाग चर्चा में है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राथमिक, मध्य , माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों को बेंच डेस्क खरीदने के लिए योजना लेखा ने राशि उपलब्ध कराई थी। ताकि नामांकित बच्चों को क्लास में बैठने में दिक्कत नहीं हो। योजना लेखा ने जिले के 73 स्कूलों को 2464 बेंच डेस्क के लिए 1 करोड़ 19 लाख 65 हजार 239 रुपए जारी किए थे। यह राशि स्कूल के एचएम को बेंच डेस्क खरीदने के लिए दी गई थी। एचएम द्वारा राशि की उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा नहीं की गई है। जबकि इसके लिए विभाग के द्वारा कई बार रिमाइंडर भी भेजा गया है। सबसे ज्यादा हिलसा अनुमंडल में यूसी लंबित बेंच डेस्क घोटाले की खबर के बाद अब यूसी जमा नहीं किये जाने से स्कूल स्तर पर भी गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। यानी अब इस कड़ी में स्कूल के एचएम भी जुड़ गए हैं। इनके द्वारा बेंच डेस्क खरीदगी को लेकर उपयोगिता जमा नहीं किया गया हैं। जिसके कारण 1 करोड़ से भी ज्यादा की राशि लंबित हैं। तीनों अनुमंडलों में से हिलसा अनुमंडल में सबसे ज्यादा राशि लंबित हैं। दूसरे और तीसरे नम्बर पर क्रमशः बिहारशरीफ और राजगीर हैं। पदाधिकारी ने कहा- 29 तक अंतिम समय ◗ सभी संबंधित एचएम को पांच दिन का अल्टिमेटम दिया गया है। 29 मई तक सभी को डीपीओ योजना लेखा कार्यालय में यूसी जमा कर देना हैं। जिन एचएम ने अभी तक उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया है। उन्हें अंतिम मौका दिया जा रहा है। इसके बाद भी उपयोगिता जमा नहीं करते है तो संबंधित एचएम पर कार्रवाई की जाएगी। मो. शाहनवाज़,डीपीओ योजना लेखा नालंदा। किस अनुमंडल में कितनी राशि लंबित अनुमंडल स्कूल डेस्क उपयोगिता लंबित (राशि में) बिहारशरीफ 22 826 39 लाख 67 हजार 619 राजगीर 15 581 27 लाख 21 हजार 60 हिलसा 36 1057 52 लाख 76 हजार 560 इन स्कूलों में बेंच डेस्क के लिए ज्यादा राशि दी गयी एमएस पचौरा हरनौत- 3 लाख 9 हजार 380, पीएस किचनी हरनौत- 2 लाख 79 हजार 440, एमएस कुंदी नूरसराय-2 लाख 79 हजार 440, एमएस अस्थावां- 2 लाख 90 हजार, हाई स्कूल आदमपुर गिरियक- 3 लाख 99 हजार 200, यू एचएस इशुआ गिरियक -2 लाख 70 हजार, यू एचएस अकबरपुर हिलसा-2 लाख 53 हजार 320, यूएचएस मदारगंज इसलामपुर- 2 लाख 50 हजार, यूएमएस करायपरसुराय- 2 लाख 50 हजार, हाई स्कूल केशोपुर एकंगरसराय-2 लाख 50 लाख और यूएमएस महकार चंडी- 2 लाख 74 हजार 450।

## मधुमेह नियंत्रित न रहने पर हो सकती हैं गंभीर जटिलताएं

निज संवाददाता। गया

फतेहपुर प्रखंड मुख्यालय में रविवार को मधुमेह जागरूकता अभियान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को मधुमेह रोग के प्रति जागरूक करते हुए खान-पान और जीवन शैली से सुधार के विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर मौजूद रहे गया के जेनरल फिजिशियन व मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ सुमित कुमार ने कहा मधुमेह एक दीर्घकालिक स्थिति है जो तब होती है जब शरीर रक्त शर्करा के स्तर को ठीक से नियंत्रित करने में असमर्थ होता है। यह सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है और अगर प्रभावी ढंग से प्रबंधित नहीं किया जाता है तो गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बन सकता है। मधुमेह के प्रकारों को समझना और लक्षणों को जल्दी पहचानना रोकथाम और उपचार में महत्वपूर्ण कदम हैं। मधुमेह एक दीर्घकालिक स्वास्थ्य स्थिति है, जिसे अगर नियंत्रित न किया जाए तो हृदय रोग, गुर्दे की विफलता, दृष्टि हानि और तंत्रिका क्षति जैसी गंभीर जटिलताएँ हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि मधुमेह के तीन मुख्य प्रकार टाइप 1 मधुमेह , टाइप 2 मधुमेह और गर्भावधि मधुमेह है। हालांकि वे कुछ समानताएँ साझा करते हैं, लेकिन प्रत्येक प्रकार के अलग-अलग कारण और प्रभाव होते हैं। सामान्य लक्षणों के बारे में जागरूक होना जैसे कि अधिक प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, बिना किसी कारण के वजन कम होना और थकान, व्यक्तियों को समय पर चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक प्यास और बार-बार पेशाब आना, नियमित भोजन के बावजूद अचानक वजन कम होना, धुंधली दृष्टि, लगातार थकान टाइप 1 मधुमेह के लक्षणों में शामिल हैं। इस प्रकार का मधुमेह अक्सर समय के साथ धीरे-धीरे विकसित होता है और स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और वजन प्रबंधन सहित जीवनशैली में बदलाव करके इसे रोका या प्रबंधित किया जा सकता है। हृदय रोग, गुर्दे की क्षति और तंत्रिका संबंधी समस्याओं जैसी जटिलताओं के जोखिम को कम करने के लिए प्रारंभिक निदान महत्वपूर्ण है।

## बूथ प्रमुख को 300 वोटरों से संपर्क बनाने का लक्ष्य

निज संवाददाता। गया

गया जिले के मानपुर प्रखंड के खिजरसराय रोड स्थित कुकरा गांव में भारतीय जनता पार्टी की कार्यसमिति सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। बैठक पूरी तरह से बूथ और पन्ना प्रमुखों की मजबूती पर केंद्रित रही। कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा गया कि हर चुनावी जीत की कुंजी बूथ पर ही छिपी है। गौरतलब है कि मानपुर वजीरगंज विधानसभा के तहत आता है। बैठक में वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह ने मंडल नगर और ग्रामीण इकाइयों के उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री और कोषाध्यक्ष को सम्मानित किया। भाजपा का गमछा पहनाकर उन्हें जिम्मेदारी का अहसास दिलाया गया। विधायक ने दो टूक कहा संगठन हवा में नहीं, ज़मीन पर खड़ा होता है। बूथ पर वोटर से सीधा संवाद ही चुनाव जिताएगा। पदाधिकारी खुद को सक्रिय करें, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरें।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps. gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **नीलामी की कैटेगरी:** पार्सल जगह (एसएलआर) को लीज पर देना। **ई-नीलामी कैटलॉग सं.:** एसएन-पीएआरसी-090625, **नीलामी शुरू होने की तिथि:** 09.06.2025, 11.00 बजे। **क्रम सं., ट्रेन नं. एवं एसएलआर : (1)** 15625 (देवघर-अगरतला) आरएसएलआर-1, **(2)** 12942 (आसनसोल-भावनगर टर्मिनस) आरएसएलआर-1, **(3)** 19436 (आसनसोल-अहमदाबाद) आरएसएलआर-1, **(4)** 12361 (आसनसोल-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) आरएसएलआर-1, सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-59/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 22.05.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-36-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/ सियालदह के क्षेत्राधिकार में नॉर्थ मेन एवं साउथ सेक्शन में अगरपाड़ा और बेलघड़िया के उपनगरीय स्टेशनों की उन्नति के लिए शेष कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,67,84,471.91, **बयाना राशि :** रु.2,33,900/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 16.06.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 16.06.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-64/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 25_2025-26, दिनांक 23.05.2025** वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/ मुख्यालय/हावड़ा** के अधीन। **कार्य का विवरण :** हावड़ा (फेज-1) में नए डिवीजनल रेलवे हॉस्पिटल बिल्डिंग का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 44,75,48,482.67, **बयाना राशि:** रु. 23,87,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 20.06.2025 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-101/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नवादा के ग्रामीण बाजारों में मिलेगी पेयजल और शौचालय की सुविधा

निज संवाददाता | नवादा



नवादा जिले के ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में स्थित सघन बाजारों और हाटों में अब आम नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं को पेयजल एवं शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझना नहीं पड़ेगा। जिला प्रशासन इस दिशा में गंभीर प्रयास करते हुए व्यापक योजना पर कार्य आरंभ कर चुका है। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले के प्रत्येक प्रखंड में भीड़भाड़ वाले प्रमुख बाजार स्थलों पर लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस योजना के तहत बाजारों में महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए जाएंगे, जिससे कि महिलाओं की सुविधा और गरिमा का विशेष ध्यान रखा जा सके। इसके साथ ही महिलाओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक महिला शौचालय में सैनिटरी पैड डिस्पोजल मशीन की भी व्यवस्था की जाएगी, ताकि मासिक धर्म के दौरान उन्हें असुविधा न हो और स्वच्छता भी बनी रहे। जिला पदाधिकारी ने इस योजना की सफलता के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। शौचालय निर्माण के लिए न्यूनतम 45x40 वर्गफुट भूमि की आवश्यकता होगी, जिसे चिन्हित करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी। इन निर्माण कार्यों को डीएमएफ (जिला खनिज फाउंडेशन), 15वीं वित्त आयोग या षष्ठम् राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत वित्तीय सहायता से पूरा किया जाएगा। निर्मित शौचालयों की नियमित सफाई, संचालन एवं रख-रखाव की जिम्मेदारी 'जीविका' समूहों को सौंपी जाएगी, जिससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा और इन सुविधाओं की गुणवत्ता भी बनी रहेगी। इस पहल से न केवल बाजारों में आने वाले लोगों को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि बाजार क्षेत्र की स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सामाजिक वातावरण में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। इस योजना के प्रथम चरण में जिले के कई महत्वपूर्ण बाजारों को चयनित किया गया है। इनमें अकबरपुर प्रखंड के अकबरपुर बाजार एवं नेमदारगंज बाजार, गोविन्दपुर के गोविन्दपुर व थाली बाजार, हिसुआ प्रखंड का मंझवे बाजार, काशीचक के चंडीनामा बाजार, कौआकोल के पांडेय गंगोट, भलुआही एवं प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार, मेसकौर का बीजू बिगहा बाजार, नारदीगंज का नारदीगंज बाजार, नरहट प्रखंड के चांदनी एवं शेखपुरा बाजार, नवादा प्रखंड के अंबिका बिगहा और कादिरगंज बाजार, पकरीबरावां के पकरीबरावां एवं धमौल बाजार, रजौली का अमांवा पूर्वी बाजार, रोह प्रखंड के रोह एवं रूपौ बाजार और सिरदला के सिरदला एवं लौन्द बाजार शामिल हैं। यह प्रयास जिले के विकास और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे न केवल आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी बल्कि बाजारों की समग्र व्यवस्था में भी सुधार होगा। इससे स्वच्छ भारत अभियान को भी बल मिलेगा और सामाजिक चेतना के स्तर पर स्वच्छता के प्रति लोगों की सोच में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

# रजौली में तीन वारंटी और एक नामजद आरोपी हुए गिरफ्तार, भेजे गए जेल

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



रजौली थाना क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां पुलिस ने बीती रात छापेमारी अभियान चलाकर तीन वारंटी और एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की सख्ती और सक्रियता का स्पष्ट संकेत मिलता है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने जानकारी दी कि यह गिरफ्तारी न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में की गई। पुलिस बलों की संयुक्त टीम ने रात में ही अंधरवारी और सिमरकोल गांव में छापेमारी कर तीनों वारंटियों को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए वारंटियों की पहचान अंधरवारी गांव निवासी सुरेश प्रसाद के पुत्र सुबोध कुमार, गनौरी प्रसाद के पुत्र राकेश प्रसाद एवं सिमरकोल गांव निवासी महेंद्र यादव के पुत्र दिलीप यादव के रूप में हुई है। इन सभी के खिलाफ पहले से न्यायालय में वाद चल रहा था और उनके नाम पर वारंट निर्गत था। पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए इन सभी को उनके ठिकानों से पकड़ा और थाना लाकर पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की। इसी बीच एक अन्य मामले में, जो कि 3 फरवरी को जोगियामारण गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुए गंभीर मारपीट की घटना से जुड़ा है, उसमें भी पुलिस को सफलता मिली है। उस दिन जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई भिड़ंत में एक पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

घायलों का पहले रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हुआ, फिर उन्हें नवादा सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहां से विम्स पावापुरी और अंततः बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच भेजा गया। इस घटना को लेकर अगले दिन यानी 4 फरवरी को जोगियामारण गांव निवासी साधु यादव की पत्नी बलवंती देवी ने रजौली थाना में लिखित आवेदन देकर थाना कांड संख्या 55/25 के तहत पांच लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस इस मामले में लगातार जांच कर रही थी और इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर नामजद आरोपी जोगियामारण गांव निवासी अनिल यादव के पुत्र सनोज कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों अभियुक्तों को सोमवार को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर चलाया जा रहा विशेष अभियान, कर्मी डोर-टू-डोर दे रहे हैं सेवा

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



रजौली नगर पंचायत क्षेत्र समेत पूरे प्रखंड क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम और अन्य कर्मी घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने की सेवा दे रहे हैं। यह विशेष मुहिम 26 मई से शुरू होकर 28 मई तक लगातार चलेगी, जिसमें प्रतिदिन 4500 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। सोमवार को नगर पंचायत के वार्ड संख्या 7 में स्थित मनोकामना धाम परिसर में शिविर लगाकर कर संग्रहक नवीन कुमार, कार्यपालक सहायक विक्कू कुमार और बीसीएम किरण गुप्ता के नेतृत्व में लोगों का कार्ड बनाया गया। बीसीएम किरण गुप्ता ने जानकारी दी कि लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए राशन कार्ड के साथ आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लाना आवश्यक होता है। वहीं जो लाभार्थी 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं, उनके लिए सिर्फ आधार कार्ड और मोबाइल नंबर से ही आयुष्मान कार्ड बन जाता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को कार्ड प्रदान कराना है, ताकि उन्हें साल भर में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज मिल सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा के निर्देश पर प्रखंड के सभी पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रह जाए। बीडीओ ने यह भी बताया कि लाभार्थी अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी, पंचायत भवनों में कार्यरत पंचायती राज के सहायक, सरकारी अस्पताल, प्रखंड कार्यालय या नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जा सकते हैं। इसके अलावा महादलित बस्तियों में विकास मित्रों की मदद से भी आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। यह योजना विशेष रूप से उन परिवारों के लिए शुरू की गई है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और इलाज के खर्च का बोझ नहीं उठा सकते। ऐसे में आयुष्मान कार्ड उनके लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। राशन कार्डधारी परिवार और 70 वर्ष से ऊपर के वृद्धजन इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## संदिग्ध राशन कार्डधारियों की पात्रता की होगी जांच

**नवादा (नि.सं.)।** नवादा जिले में संदिग्ध राशन कार्डधारियों की पात्रता की जांच की जाएगी। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार द्वारा देशभर में 36 लाख से अधिक संदिग्ध लाभुकों की पहचान की गई है। इसी क्रम में नवादा जिले में कुल 50,476 राशन कार्डधारियों को संदिग्ध लाभुकों की सूची में शामिल किया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिंहा ने जानकारी दी कि खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार द्वारा नवादा सदर अनुमंडल के अंतर्गत 25,030 तथा रजौली अनुमंडल में 25,446 संदिग्ध लाभुक चिन्हित किए गए हैं। इन सभी की पात्रता की जांच हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं रजौली द्वारा संबंधित प्रखंडों के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को अधिकृत किया गया है। जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत प्रत्येक लाभुक के संदर्भ में नियमानुकूल निर्णय लिया जाएगा। जिला प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी तथा बिचौलियों से बचें और सत्यापन कार्य में पूर्ण सहयोग करें, ताकि केवल पात्र लाभुकों को ही योजना का लाभ मिल सके।

# सीआरसी अकरी में मशाल 2024 खेल प्रतियोगिता संपन्न

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



बिहार के प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन हेतु खेल प्रतियोगिता मशाल 2024 का आयोजन संपन्न हो गया। 22 से 24 मई तक चलने वाले इस सीआरसी स्तरीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, साइक्लिंग, आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। उल्लेखनीय है कि उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अँकरी में आयोजित समापन समारोह के दौरान मशाल 2024 खेल प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। साइक्लिंग में जहाँ छात्रा में आरती कुमारी ने एवं छात्र में मनीष शर्मा ने बाजी मारी, वहीं कबड्डी में अंडर 16 छात्रा की ग्रुप कैप्टन अनमिका कुमारी के नेतृत्व राजनंदनी कुमारी, सोनाली कुमारी, महिका सिन्हा आदि ने अपनी जीत दर्ज की जबकि अंडर 16 के छात्र अभिजीत कुमार, सुमीत कुमार, अंकुल कुमार आदि ने भी बड़ा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर 14 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय अँकरी की छात्राओं ने तो अंडर 14 में कानूनगोबिगहा के छात्रों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। सौ मीटर की दौड़ में दसवीं की छात्रा संगम कुमारी ने तो छात्र में प्रतीक कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 60 मीटर की दौड़ में छात्रा चंचला कुमारी एवं छात्र छात्र गोलू कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जबकि 600 मीटर की दौड़ में धर्मेंद्र कुमार एवं नेहा कुमारी क्रमशः छात्र एवं छात्राओं में अव्वल रहे। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभा को खोजना एवं उन्हें प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय स्तर के मंच तक पहुँचाना है। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अँकरी के प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं सीआरसी संचालक डॉ. गोपाल प्रसाद ने बताया कि इस पूरे खेल प्रतियोगिता में नोडल शिक्षक अजाद कुमार एवं कंप्यूटर शिक्षक दयानंद सागर की भूमिका बड़ी सराहनीय रही, वहीं मध्य विद्यालय अँकरी के खेल शिक्षक सद्दाम हुसैन एवं मनोज कुमार सहित देवरा के उदय कांत निराला एवं कानूनगोबिगहा के नीतीश कुमार ने खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने में बड़ा सहयोग किया। वहीं सीआरसी अँकरी के समन्वयक एवं इसके अंतर्गत आने वाले मध्य विद्यालय अँकरी, देवरा एवं कानूनगोबिगहा के छात्र-छात्राओं एवं प्रभारी व प्रधानाध्यापक क्रमशः अरुण कुमार, राजवल्लभ पासवान एवं मनोज कुमार सहित शिक्षक व शिक्षिकाओं ने बड़ी उल्लेखनीय भूमिका निभाई। आगे उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को उभारने के लिए बिहार सरकार के द्वारा आयोजित इस मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत लाभदायक रहा है। हम विभिन्न खेलों में अनेक उम्दा खिलाड़ियों को खोज सके जो आज विद्यालय एवं संकुल स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं तो कल निस्संदेह कल देश एवं दुनिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएँगे। मौके पर मौजूद सैकड़ों अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने इस तरह के आयोजन का तालियाँ बजाकर स्वागत किया। शिक्षकों में चारों विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ-साथ टीआरई थ्री के शिक्षक विनय कुमार की भी भूमिका बड़ी सराहनीय रही।

# यातायात नियमों की अनदेखी पर 76 हजार रुपए का जुर्माना

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



रजौली सड़क सुरक्षा को लेकर चल रहे विशेष अभियान के तहत चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर सोमवार को परिवहन विभाग की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी नवादा के निर्देश पर ईएसआई संदीप कुमार के नेतृत्व में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहनों की जांच की गई, जिसमें विभिन्न गड़बड़ियों के आधार पर कुल 76 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। बिहार सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार कड़े कदम उठाए जा रहे हैं और इसी क्रम में 1 अप्रैल 2025 से राज्यभर में हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) को अनिवार्य कर दिया गया है। परिवहन विभाग द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि यदि किसी वाहन पर हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगी होगी तो उस पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। इसी नियम के पालन को सुनिश्चित कराने के लिए पूरे जिले में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एक खास तरह की एल्यूमीनियम से बनी होती है, जिसमें एक विशेष होलोग्राम और यूनिक कोड मौजूद होता है। यह न केवल वाहन की सुरक्षा को बढ़ाता है, बल्कि नंबर प्लेट की नकल और जालसाजी को भी रोकता है। इससे यातायात प्रबंधन में भी आसानी होती है और वाहन चोरी जैसे मामलों में सहायता मिलती है। ईएसआई संदीप कुमार ने बताया कि फर्जी नंबर प्लेट की वजह से ई-चालान की प्रक्रिया में भी रुकावटें आ रही हैं और पंजीकरण में गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। परिवहन विभाग ने न केवल नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई तेज की है, बल्कि अवैध तरीके से फर्जी नंबर प्लेट तैयार करने वालों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस और विभाग की संयुक्त टीम अब ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है। विभाग ने यह भी बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 2,500 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, और यदि वाहन पर गलत या फर्जी नंबर प्लेट पाई जाती है, तो यह राशि और अधिक हो सकती है। वहीं, विभाग की कार्रवाई सिर्फ नंबर प्लेट तक सीमित नहीं है। क्षमता से अधिक वजन ढोने वाले वाहनों पर भी लगातार नजर रखी जा रही है और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। बीते कुछ समय में ऐसे कई वाहन जब्त किए गए हैं जो निर्धारित मानक से अधिक भार लेकर सड़कों पर चल रहे थे, जिससे न केवल सड़क की स्थिति खराब होती है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। परिवहन विभाग की इस सख्ती के बाद वाहन चालकों और मालिकों में हड़कंप मच गया है। कई लोग अब जल्दबाजी में अपने वाहनों पर हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवा रहे हैं और अपने कागजातों को दुरुस्त कर रहे हैं। विभाग ने सभी वाहन मालिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक परेशानी और आर्थिक दंड से बचने के लिए जल्द से जल्द अपने वाहनों को निर्धारित मानकों के अनुसार अपडेट करवा लें। इस अभियान के माध्यम से सरकार और परिवहन विभाग यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि राज्य में सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन हो और दुर्घटनाओं में कमी आए।

## 24 घंटे में 72 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा (नि.सं.)।** नवादा पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 25 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में गिरफ्तारी/रिकॉल 03, रंगदारी अपराध में 01, साईबर अपराध में 02, एनडीपीएस एक्ट में 03, आर्म्स एक्ट में 01, मद्य निषेध में 13 एवं अन्य गिरफ्तारी 49 कुल 72 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 463.75 लीटर महुआ शराब एवं 5.25 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन जॉच के क्रम में कुल 231 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 89 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत कार ट्रैक्टर 03, मोटरसाईकिल 04, कट्टा 01 एवं मोबाईल 03 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।

# सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा, 16 श्रृंगार कर मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



रजौली प्रखंड मुख्यालय समेत पूरे क्षेत्र में सोमवार को वट सावित्री व्रत का पर्व श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःकाल से ही सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर, पूजा की थाल सजाकर अपने-अपने गांवों और मोहल्लों के वटवृक्षों की ओर निकल पड़ीं। मान्यता है कि ज्येष्ठ अमावस्या के दिन वट सावित्री व्रत रखने से पति की आयु लंबी होती है और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। सुहागिन स्त्रियों ने पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ वट वृक्ष की पूजा की। पूजा स्थल पर महिलाओं ने मौसमी फल, मिठाई, धूप, दीप, सिंदूर, रोली, वस्त्र, जल कलश आदि सामग्री से वटवृक्ष को अर्पण करते हुए सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी और सुनाई। कई स्थानों पर समूह में महिलाएं एकत्रित होकर कथा-पाठ में लीन रहीं, तो कहीं पंडितों द्वारा पूजा का आयोजन किया गया। पूजा के बाद सुहागिनों ने एक-दूसरे को खोइछा भरकर पंखा, सुपारी, मिठाई, फल और सिंदूर भेंट किया तथा बड़ों का आशीर्वाद ग्रहण किया। व्रती महिलाओं का कहना था कि यह पर्व उनके वैवाहिक जीवन के प्रति समर्पण, प्रेम और आस्था का प्रतीक है। सावित्री की तरह वे भी अपने पति के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ यह व्रत करती हैं। बरगद के वृक्ष की पूजा के साथ ही पीपल वृक्ष की भी परिक्रमा कर महिलाएं त्रिदेव – ब्रह्मा, विष्णु और महेश का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं, जिनका वास इन वृक्षों में माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन देवी सावित्री ने अपने अटल तप और प्रेम के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस ले लिए थे। उसी प्रतीक के रूप में आज भी लाखों महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा और दीर्घायु जीवन की कामना से यह व्रत करती हैं। वट वृक्ष की दीर्घायु जीवन का प्रतीक होने के कारण इसे 'अक्षय वट' कहा जाता है और इसकी पूजा से जीवन में सौभाग्य और स्थायित्व की प्राप्ति होती है। रजौली क्षेत्र में वट सावित्री व्रत का उत्साह देखते ही बनता था। विभिन्न गांवों में सुबह से लेकर दोपहर तक महिलाएं पूजा में जुटी रहीं। पारंपरिक गीत, कथा, सोलह श्रृंगार और सामूहिक उत्सव की यह झलक न केवल धार्मिक भावना का परिचायक थी, बल्कि समाज में नारी शक्ति की सांस्कृतिक भूमिका को भी मजबूती प्रदान करने वाली रही।

# गोपालपुर विद्यालय में बच्चों ने सीखा लोकतंत्र का पाठ, बाल संसद चुनाव ने रच दिया नया इतिहास

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



रजौली। चितरकोली पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोपालपुर में सोमवार को लोकतंत्र का जीवंत अभ्यास देखने को मिला, जब विद्यालय परिसर में पूरे विधि-विधान और चरणबद्ध प्रक्रिया के तहत बाल संसद चुनाव 2025-26 का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए एक रोचक अनुभव रहा, बल्कि उन्हें भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली की बारीकियों को व्यावहारिक रूप में समझने का अवसर भी मिला। चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत आम बाल सभा के आयोजन से हुई, जिसके तहत विद्यालय स्तर पर चुनाव आयोग का गठन किया गया। नामांकन प्रक्रिया, नाम वापसी, प्रचार प्रसार, आचार संहिता, मतदाता सूची निर्माण, मतदान, मतगणना और अंत में शपथ ग्रहण तक की हर प्रक्रिया बच्चों के बीच लोकतंत्र की सजीव झलक बन गई। चुनाव प्रचार के दौरान उम्मीदवारों ने पारंपरिक लोकतांत्रिक शैली में मतदाताओं से संवाद स्थापित किया। माला पहनकर उम्मीदवारों ने विभिन्न कक्षाओं का दौरा किया, बच्चों से हाथ जोड़कर समर्थन मांगा और अपनी प्राथमिकताएं बताईं। विद्यालय परिसर में माहौल कुछ ऐसा बन गया मानो कोई वास्तविक आम चुनाव हो रहा हो। बच्चों ने इस आयोजन में न केवल भागीदारी की बल्कि मतदान के दौरान अनुशासन, उत्साह और जिम्मेदारी का परिचय भी दिया। मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में प्रधानाध्यापक दयानंद सिन्हा ने चुनाव प्रक्रिया की पूरी निगरानी की, जबकि विशिष्ट शिक्षक निशांत कुमार और नीतू कुमारी ने चुनाव प्रभारी की भूमिका निभाई। मतदान कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में पोलिंग पार्टी की भी अहम भूमिका रही, जिसमें किशोरी रमण प्रसाद, रेशमा राणा, प्रज्ञा भारती और इस्माइल अहम पदों पर रहे। मतगणना के दौरान वरिष्ठ शिक्षक सुनैना कुमारी ने पर्यवेक्षक के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही पूरे विद्यालय परिसर में उल्लास की लहर दौड़ गई। प्रधानमंत्री पद के लिए हुए मुकाबले में पंकज कुमार ने अपने प्रतिद्वंदी स्वराज मणि को 28 मतों से पराजित कर विजय हासिल की। अन्य विजयी उम्मीदवारों में उपप्रधानमंत्री सोनम कुमारी, शिक्षा मंत्री जिया कुमारी, उपशिक्षामंत्री अंचल कुमारी, स्वच्छता और स्वास्थ्य मंत्री रवि कुमत, उप स्वास्थ्य मंत्री रौशन कुमार, खेल मंत्री अवधेश कुमार, पुस्तकालय मंत्री दिव्या कुमारी, उप पुस्तकालय मंत्री ममता कुमारी, सुरक्षा मंत्री नीरज कुमार तथा उप सुरक्षा मंत्री प्रशांत कुमार शामिल हैं।

## नरहट में 30 मई को होगा किसानों का प्रशिक्षण शिविर

**नवादा (नि.सं.)।** नवादा जिले के नरहट प्रखंड से किसानों के लिए एक बड़ और अहम खबर सामने आई है। आगामी 30 मई को नरहट प्रखंड कृषि कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन शारदीय खरीफ महाअभियान 2025 के तहत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किसानों को आगामी खरीफ सीजन में खेती-बारी के लिए तैयार करना एवं कृषि योजनाओं की जानकारी देना है। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा नवादा के निर्देश पर किया जा रहा है। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह कृषि समन्वयक अमरेंद्र कुमार भारती एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शिवनाथ केसर वाणी ने संयुक्त रूप से जानकारी दी है कि कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें प्रखंड के सभी किसान भाग ले सकेंगे। शिविर के दौरान किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के गुर सिखाए जाएंगे, साथ ही बदलते मौसम, जलवायु और मिट्टी की प्रकृति के अनुसार फसल चयन, बीज का चुनाव, कीट नियंत्रण, सिंचाई प्रणाली और उर्वरक के संतुलित उपयोग की विधियों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# स्कूल के समय पर कोचिंग के संचालन होने के कारण 50 प्रतिशत बच्चे नहीं पहुंच रहे है विद्यालय

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



रजौली प्रखंड मुख्यालय में शिक्षा व्यवस्था एक गंभीर संकट से जूझ रही है। एक ओर बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कोचिंग संस्थानों की बेलगाम मनमानी इन प्रयासों को पंगु बना रही है। शहर के विभिन्न इलाकों में दर्जनों कोचिंग संस्थान ऐसे समय में संचालित हो रहे हैं, जब सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई चलती है। स्थिति यह हो गई है कि रजौली के प्रमुख सरकारी विद्यालयों – जैसे इंटर विद्यालय रजौली, प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल सहित कई अन्य विद्यालयों में नामांकित छात्रों की संख्या के आधे से भी कम छात्र नियमित उपस्थिति दर्ज करवा पा रहे हैं। इसका सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता और शैक्षणिक अनुशासन पर पड़ रहा है। इंटर विद्यालय रजौली के प्राचार्य संजय कुमार तरुण के अनुसार, विद्यालय में कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक कुल 1,021 छात्र नामांकित हैं, लेकिन प्रतिदिन मुश्किल से 400-450 छात्र ही विद्यालय पहुंचते हैं। विद्यालय सुबह 6:30 बजे से 12:30 बजे तक संचालित हो रहा है, लेकिन इसी समय दर्जनों निजी कोचिंग सेंटर छात्रों को आकर्षित कर रहे हैं।

कई कोचिंग संचालक बिना किसी वैधानिक निबंधन या अनुमति के स्कूल समय में ही शिक्षण कार्य चला रहे हैं और छात्रों को भ्रमित कर विद्यालय की पढ़ाई को महत्वहीन सिद्ध करने में जुटे हुए हैं। प्राचार्य ने बताया कि कोचिंग संस्थानों के अनियमित संचालन पर रोक लगाने की मांग कई बार की जा चुकी है। उन्होंने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अनुमंडल पदाधिकारी को पत्राचार कर शिकायतें दी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे सरकारी विद्यालयों के शिक्षकगण बेहद निराश और स्तब्ध हैं। वे लगातार छात्रों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन छात्रों और उनके अभिभावकों का झुकाव कोचिंग की ओर अधिक है। गौरतलब है कि विद्यालय में शिक्षकों की कुल संख्या 12 है, जिनमें माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर योग्य व अनुभवी शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें से कई शिक्षक बीपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएं उत्तीर्ण कर विद्यालयों में नियुक्त हुए हैं। इसके बावजूद कोचिंग की चकाचौंध और भ्रामक प्रचार के कारण छात्रों का झुकाव सरकारी शिक्षा से हटता जा रहा है। स्थिति यह है कि रजौली ही नहीं, पूरे प्रखंड के अधिकांश सरकारी विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं है। कोचिंग संस्थानों की बढ़ती निर्बाधता और प्रशासन की चुप्पी शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। एक ओर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सिद्धार्थ द्वारा प्रदेशभर में शिक्षा को मजबूत करने हेतु कई योजनाएं लागू की जा रही हैं, तो दूसरी ओर रजौली में इन योजनाओं की जमीनी सच्चाई बिल्कुल विपरीत नजर आती है। यदि प्रशासन शीघ्र सख्त कार्रवाई नहीं करता है तो सरकारी विद्यालय केवल भवन मात्र बनकर रह जाएंगे, और शिक्षा की मूल भावना व लक्ष्य पूरी तरह दिशाहीन हो जाएगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# संक्षिप्त समाचार

## आम तोड़ने के विवाद में मारपीट तीन घायल

**आरा**| टाउन थाना क्षेत्र के सिंगाही गांव में आम तोड़ने के विवाद में रविवार दोपहर करीब एक बजे जानलेवा हमला हुआ। गांव के श्रीनिवास सिंह ने बताया कि वह अपने बगीचे में आम के पेड़ के पास थे। तभी पड़ोसी प्रदीप नारायण सिंह, सोनू कुमार सिंह, काशीनाथ सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, वरुण कुमार सिंह और विनायक कुमार उर्फ गांगुली सिंह लाठी, भाला और हथियार लेकर पहुंचे। सभी ने आम तोड़ना शुरू कर दिया। विरोध करने पर श्रीनिवास पर हमला कर दिया। फायरिंग भी की गई। फायरिंग की आवाज सुनकर श्रीनिवास का बेटा राहुल कुमार दौड़कर पहुंचा। आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। किसी तरह राहुल जान बचाकर भागा। घटना के बाद परिवार के अन्य सदस्यों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, तब जाकर सभी की जान बची। परिजन घायलों को सदर अस्पताल ले गए। श्रीनिवास सिंह, राहुल कुमार सिंह और मनीष कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस जांच कर रही है।

## डॉ. भीम सिंह भवेश को 27 को मिलेगा पद्मश्री सम्मान

**आरा**। प्रधानमंत्री मोदी ने भी उनके कार्यों की सराहना की थी सिटी रिपोर्टर|आरा सामाजिक कार्यकर्ता, साहित्यकार और पत्रकार डॉ. भीम सिंह भवेश को 27 मई को दिल्ली में पद्मश्री सम्मान दिया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें यह सम्मान प्रदान करेंगी। भारत सरकार ने 25 जनवरी 2025 को उनके नाम की घोषणा की थी। डॉ. भवेश आरा के मदन जी का हाता मोहल्ले के निवासी हैं। वे पिछले बीस वर्षों से मुसहर जाति के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके कार्यों की सराहना की थी। 25 फरवरी 2024 को 'मन की बात' के 110वें एपिसोड में उनका जिक्र किया गया था। डॉ. भवेश ने समाज सेवा के साथ साहित्य के क्षेत्र में भी अहम योगदान दिया है। उन्होंने चार पुस्तकें लिखी हैं— सान्निध्य का संस्मरण, नेम प्लेट, हाशिए पर हसरत और कलकत्ता से कोलकता। इनमें हाशिए पर हसरत मुसहर जाति की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति पर आधारित चर्चित पुस्तक है। इसका लोकार्पण राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने किया था। पद्मश्री सम्मान समारोह में डॉ. भवेश के साथ उनकी पत्नी प्रेमा देवी, भाई उपेंद्र नारायण सिंह, दामाद मनीष कुमार सिंह, पुत्र दीपक कुमार और पुत्रवधू अंशु सिंह भी मौजूद रहेंगे।

## दुकान से दवा लेने गई युवती का अपहरण, दो दिन तक रखा घर में

**आरा**। आरा मुफस्सिल थाना पुलिस ने चिंतकुंडी गांव से एक युवती को बरामद किया। युवती टाउन थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसने बताया कि 23 मई की शाम वह बुढ़िया माई मंदिर के पास एक मेडिकल दुकान पर दवा लेने गई थी। उसी दौरान चिंतकुंडी गांव के पारस यादव ने उसका हाथ पकड़कर जबरन गाड़ी में बैठा लिया और अपने गांव ले गया। युवती ने बताया कि गांव पहुंचने के बाद पारस यादव ने कहा कि जब तक उसके पिता केस का सुलह नहीं करेंगे, वह उसे नहीं छोड़ेगा। 10 महीने पहले युवती के पिता ने टाउन थाना में पारस यादव के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया था। रविवार को पारस यादव के पिता सूर्यनाथ यादव ने डायल 112 पर कॉल कर बताया कि उनका बेटा पारस यादव जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो सूर्यनाथ यादव ने बताया कि पारस यादव दो दिन से एक लड़की को घर में रखे हुए है। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो पारस ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में सूर्यनाथ की हाथ की अंगुली कट गई। पुलिस ने पारस यादव और युवती को थाने लाकर पूछताछ शुरू की है। आरोपी के पास से एक चाकू भी बरामद हुआ है। मुफस्सिल थाना के थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।युवती के परिजन को भी थाना पर बुलाया गया है। इसके 10 माह पहले भी टाउन थाना में पारस यादव पर युवती के पिता द्वारा अपहरण का केस करने की बात आ रही है। टाउन थाना से भी इस मामले में संपर्क बनाया गया है। घटना की जांच के बाद आगे की करवाई की जाएगी।

## पीएम रैली में शाहपुर से जाएंगे हजारों लोग : राकेश

**आरा**| प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को बिक्रमगंज में रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली में शामिल होने के लिए शाहपुर प्रखंड के धर्मागतपुर गांव में तैयारी संवाद बैठक हुई। भाजपा के युवा नेता ई. राकेश विशेश्वर ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा ऐतिहासिक होगा। शाहपुर क्षेत्र से हजारों लोग बिक्रमगंज पहुंचेंगे। शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम प्रभारी पियूष शर्मा ने भी अधिक से अधिक लोगों को रैली में शामिल होने का आग्रह किया। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष भुवर पांडेय, राजा राम शाह, अनिल पांडेय, उप मुखिया विजय पाठक, राजेन्द्र मिश्र, मनोज पासवान, संजय राम, राजदेव गोंड, मुन्ना पंडित, रघुवंश पांडेय, रामजी राम, रविन्द्र सिंह व सैकड़ों लोग थे।

## पीएम की रैली में शामिल होने की अपील

**ब्रह्मपुर**| भाजपा ब्रह्मपुर नगर मंडल कार्य समिति की बैठक बृजेश चौबे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ब्रह्मपुर नगर मंडल के प्रभारी सीडी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विक्रमगंज रैली को लेकर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि सीडी शर्मा ने अधिक से अधिक संख्या में विक्रमगंज रैली में जाने को प्रेरित किय गया। सभी कार्यकर्ता के विचार के बाद ब्रह्मपुर नगर मंडल की तरफ से 3 बसें और 3 छोटी गाड़ी ले जाने की सहमति बनी। रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

## बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए बनाए गए 15 केंद्र

**बक्सर**। बीएड कोर्स सत्र, 2025-27 में नामांकन के लिए 28 मई को होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा भोजपुर जिले के 15 केंद्रों पर होगी। इन केंद्रों पर कुल 6 हजार 870 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी केंद्रों पर आब्जर्वर के साथ मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। महिलाओं के लिए 9 केंद्र और पुरुषों के लिए 6 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा जिन केंद्रों पर होगी, उनमें टीएसआई महिला कॉलेज, एचडी जैन कॉलेज, राजकीय कन्या प्लस टू विद्यालय, टाउन प्लस टू विद्यालय, एचपीडी जैन प्लस टू विद्यालय, डॉ नेमीचंद शास्त्री कन्या विद्यालय, पयहारी महाराज जी कॉलेज, जगजीवन कॉलेज, एसबी कॉलेज, एमएम महिला कॉलेज, एसबी प्लस टू विद्यालय, महाराजा कॉलेज, अल हफीज कॉलेज, अमीरचंद प्लस टू विद्यालय और राजकीय कन्या पाठशाला शामिल हैं।

## 13 आरोपितों को पुलिस ने भेजा जेल

**बक्सर**| औद्यौगिक थाने की पुलिस ने 24 घंटे के अंदर विभिन्न मामलों के 13 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। औद्यौगिक थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शनिवार को शराब बरामदगी में फरार चल रहे मझरिंया के राजेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसके सहयोगी सरोज सिंह के गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि मझरिंया गांव के ही पति और पत्नी को शराब के मामले में जेल भेजा गया। बड़की बसौली से पांच, दलसागर से चार लोगों को विभिन्न मामलों में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## कॅरियर बनाता है एजुकेशन एक्सपो

**ब्रह्मपुर**। एजुकेशन सोल्यूशन एवं विहार विजन फाउंडेशन द्वारा पटना के एक होटल में एजुकेशन एक्सपो और कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बसपा बक्सर के प्रभारी महावीर यादव शामिल हुए। श्री यादव ने 10वीं, 12वीं एवं स्नातक के छात्र और छात्राओं को सर्टिफिकेट, मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम राज्यभर के विद्यार्थी पहुंचे थे। संस्था की संस्थापिका सोनी तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 500 से अधिक स्कूलों एवं कॉलेजों के विद्यार्थी पहुंचे। कार्यक्रम में भारत के कई कॉलेज एवं कोचिंग इंस्टिट्यूट हिस्सा ले रहे थे जिसमें एमिटी यूनिवर्सिटी, आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी, फोनिक्स यूनिवर्सिटी, श्री राम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस, लैंड मार्क फाउंडेशन, गुरु काशी यूनिवर्सिटी, मेवाड़ यूनिवर्सिटी, पी.डब्ल्यू इंस्टिट्यूट ऑफ इनोवेशन, एस्पायरिंग लाइफ, गुलजार ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस, जीएनआईओटी (ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस), शोभित यूनिवर्सिटी, ऑक्सफोर्ड बिजनेस कॉले, गोल एजुकेशनल सर्विसेज, दृश्यम इंस्टीट्यूट के अलावा कई संस्थान के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# बक्सर जिले में जी पी एस से पकड़ा गया बाइक चोर गिरोह

निज संवाददाता। बक्सर



◆ नाच पार्टी की आड़ में करते थे चोरी, घर में रखे भूसे में और गड्ढे से मिले पार्टस

बक्सर के डुमरांव थाना क्षेत्र में एक नई बाइक चोरी का मामला सामने आया है। जहां बाइक में लगे GPS ट्रैकर की मदद से पुलिस ने चोरों का पता चल गया। चोरों ने बाइक को काटकर उसके पाट्र्स को भूसे और गड्ढे में छिपा दिया था। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। वही एक चोर को भी गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार डुबकी गांव के दीनानाथ यादव का बेटा रोहतास में एक शादी समारोह में गया था। वहां नाच देखने के दौरान उसकी बाइक चोरी हो गई। परिजनों ने GPS ट्रैकर से बाइक की लोकेशन बंझू डेरा में फुलेना यादव के घर के पास ट्रेस की। जिसके बाद डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर घर की तलाशी ली। जहां पहुंचने पर देखा गया कि बाइक को कटर से काटकर उसके पाट्र्स अलग-अलग कर दिए गए थे। साइलेंसर, टंकी, इंजन, हैंडल ,और पहिए भूसे और पास के गड्ढे में छिपाए गए थे। इस घटना के पास आरोपी रविशंकर यादव और उसका भाई अभिमन्यु यादव फरार हो गए। पुलिस ने उनके घर में चोरी की बाइक का पाट्र्स मिलने के आरोप में पिता फुलेना यादव को हिरासत में लिया है।

**नाच पार्टी की आड़ में चलाते गिरोहः** थानाध्यक्ष शंभू भगत के अनुसार FIR दर्ज कर ली गई है। जांच में पता चला है कि फरार आरोपी अपने दोस्त पप्पू यादव और प्रिंस यादव के साथ नाच पार्टी चलाते हैं। घटना वाले दिन यह पार्टी रोहतास में प्रदर्शन कर रही थी। चुराई गई बाइक डुबकी गांव की बबीता देवी के नाम रजिस्टर्ड है। जिसके घर के सदस्य शादी समारोह में बाइक को खड़ी कर नाच को देख रहे थे। तभी इनकी बाइक वहां से अचानक गायब हो गई।जिसे बाइक लगे जीपीएस के मदद से ढूंढने लगे। पुलिस का मानना है कि यह एक संगठित गिरोह है जो नाच पार्टी की आड़ में वाहन चोरी करता है। पुलिस जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश करने की कोशिश कर रही है।

# भोजपुर जिले में सड़क हादसे में एक शख्स की मौत



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के सिकरहटा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल शख्स की मौत हो गई। मृतक श्रीभगवान राम(55) रोहतास कच्छवां इलाके के रहने वाले थे। पेशे से मजदूर थे। घटना बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे की है।

**बारात से वापस घर लौट रहे थेः** मृतक के बेटे राजन कुमार ने बताया कि पिताजी शुक्रवार को रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए रोहतास के चांदी गांव गए थे। शनिवार को पिकअप में सामान लोड करके बारात से वापस लौट रहे थे। इस दौरान सड़क किनारे खड़े ट्रक से गाड़ी टकरा गई। हादसे में एक युवक कल्लू कुमार(18) की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि पिताजी समेत 7 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए PHC में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# चौसा थर्मल के गेट पर ठेकेदार को मारी 4 गोलियां



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के चौसा थर्मल पावर प्लांट के मुख्य गेट पर सोमवार को एक ठेकेदार पर बाइक सवार अपराधियों ने गोलीबारी कर दी। घायल की पहचान चौसा गोला निवासी ठेकेदार अर्जुन यादव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वह अपनी थार से पावर प्लांट के मुख्य गेट से अंदर जा रहे थे। इसी दौरान अपराधियों ने उनके सिर, पीठ और जंघा में चार गोली मार दीं। घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने प्लांट की एम्बुलेंस से घायल ठेकेदार को बक्सर सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

**घायल की हालत गंभीरः** सदर अस्पताल के डॉ. एससी मिश्रा ने बताया कि अर्जुन यादव की स्थिति नाजुक है। बक्सर सदर डीएसपी धीरज कुमार ने घटना की पुष्टि की है।

**तीन दिन में तीसरी वारदातः** मुफस्सिल थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि जिले में तीन दिन में यह गोलीबारी की तीसरी घटना है। सीआईएसएफ की सुरक्षा वाले पावर प्लांट के मुख्य गेट पर हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार बिहार आएंगे प्रधानमंत्री

◆ 5000 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन, 30 मई को बिक्रमगंज में कार्यक्रम

निज संवाददाता। आरा



ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार 30 मई को बिहार आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर पार्टी की तैयारी जोरो पर है। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भाजपा के अलग-अलग विभागों के मंत्री के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अपनी ताकत झोंक दी है। नेताओं ने शाहाबाद की पूरी जनता को आमंत्रित किया है। इसी क्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता डॉक्टर संजय जायसवाल आरा पहुंचे। जहां अपने कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ बैठक की। इसके बाद PM के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रूपरेखा रखी गई। डॉक्टर संजय जायसवाल ने कहा कि शाहाबाद क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक समय है, 30 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी रोहतास के बिक्रमगंज आ रहे हैं। वहां से 5000 करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। बिहटा एयरपोर्ट का शिलान्यास होगा। इससे भोजपुर समेत अन्य जिलों के लोगों अब पटना जाने की नौबत नहीं आएगी, वह बिहटा एयरपोर्ट से सफर कर सकते हैं। वहीं, नवी नगर में एक थर्मल पावर यूनिट की शुरुआत कर रहे हैं। जिसे बिहार को बिजली की कोई समस्या नहीं होगी। नए सिक्स लेन एक्सप्रेस-वे का भी उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

**एस समय ऐसा था जब सीएम आवास पर अपराधी डील करते थेः** कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर जनता में काफी खुशी की लहर है। लाखों की संख्या में बिक्रमगंज के मैदान में लोग पहुंचेंगे और एक नया इतिहास बनाने का काम जनता करेगी। बक्सर में हुए हत्या के मामले में संजय जायसवाल ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आज कहीं भी क्राइम होता है तो निश्चित तौर पर अपराधी पकड़े जाते है। एक समय ऐसा था कि मुख्यमंत्री आवास से ही अपराधी डील करते थे। लगातार आपराधिक घटनाओं को प्रश्रय दिया जाता था। तेजस्वी यादव बताएं कि 3 लाख में डेढ़ सौ करोड़ का घर फ्रेंड्स कॉलोनी में बन गया है। वह अपनी गुणवत्ता युवाओं को भी बताएं।

**राहुल के आने से हमें ही फायदा होताः** राहुल गांधी के बिहार आगमन को लेकर संजय जायसवाल ने कहा कि उनका बिहार में स्वागत है। वह बराबर बिहार आते रहे। उनके आने से हमें कोई घाटा नहीं होता बल्कि फायदा ही मिलता है। राहुल गांधी जिस तरीके से आकर बातें करते हैं उससे हमारे वोट बढ़ते हैं और जनता को यह समझ में भी आता है कि अगर आज मोदी जी नहीं रहते तो इस देश का क्या हश्र होता।

# ट्रिपल मर्डर मामले में मुख्य आरोपी अब भी फरार

निज संवाददाता। बक्सर



◆ सीओ ने राजस्व कर्मचारी से मांगा स्पष्टीकरण, लोगों बोले-आरोपी का सरकारी जमीन पर भी कब्जा

बक्सर के अहियापुर में हुए तीन लोगों की हत्या के मामले में 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। घटना में दो लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए घटना के दिन ही क्षेत्र के चौकीदार रितेश पांडेय को निलंबित कर दिया है। हीं राजपुर सीओ डॉ शोभा कुमारी ने दूसरे दिन अकबरपुर पंचायत के राजस्व कर्मचारी श्याम कुमार से स्पष्टीकरण मांगा है। घटना का मूल कारण सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा है। सीओ ने अपने पत्र में कहा है कि नहर विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर गिट्टी-बालू का व्यवसाय किया जा रहा था। राजस्व कर्मचारी ने इसकी सूचना कभी नहीं दी। क्यों नहीं आप पर प्राथमिकी दर्ज कराया जाए इसका जबाब दें।

**आरोपी का सामुदायिक भवन और कृषि भवन पर भी कब्जाः** मिली जानकारी के अनुसार, मुख्य आरोपी मनोज सिंह और संतोष सिंह भी सरकारी जमीन पर सरकारी पैसे से सामुदायिक भवन और कृषि भवन पर कब्जा जमाए हुए है। लेकिन इसके खिलाफ आज तक कोई प्रशासनिक करवाई नहीं हुई है। वर्ष 2021 से ही दोनों मुख्य आरोपी के खिलाफ जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज थी। इसमें सरकारी भूमि पर अतिक्रमण और सामुदायिक भवन व किसान भवन पर कब्जे की बात कही गई थी। लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की कार्रवाई केवल छोटे स्तर के कर्मचारियों तक सीमित है, जबकि इस पूरे मामले की असली जवाबदेही सीओ और थाना अध्यक्ष पर बनती है। लेकिन उन्हें बचाने की कोशिश हो रही है। साथ ही एक नया जानकारी निकलकर कर समाने आ रही है। अहियापुर कांड में छह लोगों को गोली लगी थी। इस बात का पता घरवालों को भी नहीं था।

**चचेरे भाई के पैर में लगी गोलीः** मृतक वीरेंद्र यादव के बेटे अजीत ने बताया कि हम सभी घटना के काफी देर बाद तक यही समझ रहे थे कि पांच लोगों को गोली मारी गई है। कुछ देर बाद पता चला कि उसके चचेरे भाई अमित कुमार को भी पैर में गोली मारी गई थी। बताया कि उसका इलाज बनारस में चल रहा है। हालंकि हालात खतरे से बाहर है।

# कपिल चौधरी हत्याकांड में गिरफ्तारी के लिए छापेमारी



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने कपिल चौधरी हत्याकांड में 3 आरोपियों के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। सरेंडर नहीं करने पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। 13 नवंबर 2024 को शाहपुर थाना क्षेत्र के देवाईच कुंडी गांव में लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर द गई थी। परिजनों ने रविंद्र उर्फ बऊल, विनोद प्रसाद, संजय प्रसाद समेत 11 लोगों के खिलाफ नामजद FIR दर्ज कराई थी।

**जल्द से जल्द सरेंडर करने की चेतावनीः** वारदात के बाद से ही सभी फरार है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। रविवार को थानाध्यक्ष रजनीकांत और दरोगा ज्योति कुमारी के नेतृत्व में पुलिस देवाईच कुंडी गांव पहुंची। आरोपियों के घर पर इश्तेहार चिपकाया। जल्द से जल्द सरेंडर करने को कहा है। 2 आरोपियों की पहले की गिरफ्तारी हो चुकी है। मृतक के छोटे भाई बच्चा नंद प्रसाद ने बताया कि घटना वाले दिन भाभी खेत में शौच के लिए गई थी। इस दौरान दूसरे पक्ष से विवाद हुआ था। जब बड़े भाई कपिल चौधरी शौच करने के लिए खेत की ओर जा रहे थे, तभी उन्हें घेर लिया। लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने जो भी पहुंचा, उसकी भी पिटाई कर दी। मारपीट में 6 लोग घायल हुए थे।

# जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी

निज संवादादाता। बक्सर



श्वेत नगर स्थित दीपक मैथ क्लासेज में "सुखी निरोगी जीवन" विषय पर वर्कशॉप हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों का जीवन सुखमय बनाने, कैरियर के प्रति जागरूक करने और उन्हें मानसिक व नैतिक रूप से सशक्त बनाना था। इसमें सच सपना है शीर्षक पर लिखित प्रतियोगिता हुई। इसमें विद्यार्थियों ने अपने विचारों को शब्दों में व्यक्त किया। प्रतियोगिता में रानी कुमारी मौर्य ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्कशॉप का संचालन शशि भूषण मिश्र ने किया। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य का निर्धारण अति आवश्यक है, लेकिन उससे भी अधिक जरूरी यह जानना है कि उस लक्ष्य को प्राप्त कैसे किया जाए। बिना सही दिशा और योजना के लक्ष्य तक पहुंचना कठिन हो जाता है। विशिष्ट अतिथि रामेश्वर प्रसाद वर्मा ने कहा कि हर रात की एक सुबह होती है, इसलिए कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य न छोड़ें। उन्होंने धैर्य को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में शिक्षाविद् उमेश पाठक "रवि" ने ध्यान और चित्त की एकाग्रता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रयत्न की मात्रा और मन की एकाग्रता ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। वहीं, रविंद्र कुमार मिश्र ने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिना अनुशासन के कोई भी व्यक्ति जीवन में स्थायी सफलता नहीं पा सकता। वर्कशॉप में शशि भूषण मिश्र, दीपक कुमार, उमेश पाठक "रवि", रविंद्र कुमार मिश्र आदि उपस्थित थे।

# बक्सर जिले में जमीन का हुआ घोटाला

निज संवाददाता। बक्सर



◆ 58 साल पहले मृत महिला के नाम पर 16 कट्ठा जमीन की फर्जी रजिस्ट्री, 9 लोगों पर एफ आई आर

बक्सर से एक मामला सामने आया है, जिसमें 58 साल पहले मृत मंगरी देवी के नाम पर सोआ मौजा में 16 कट्ठा जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कर दी गई। मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। मृतका के बेटे दिवाकर मिश्रा ने बताया कि उनकी मां मंगरी देवी की मौत 15 अक्टूबर 1967 को हो गई थी। बावजूद इसके कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेज़ों के सहारे उनके नाम पर ज़मीन की रजिस्ट्री करा ली।

**तीन महीने में रद्द हुई फर्जी रजिस्ट्रीः** घोटाले की भनक लगते ही मामला प्रशासनिक स्तर पर पहुंचा। जांच के बाद तीन महीने के भीतर रजिस्ट्री रद्द कर दी गई। इस कार्रवाई से पहले जमीन की बिक्री प्रक्रिया पूरी की जा चुकी थी, जिससे कई कानूनी सवाल खड़े हो गए हैं।

**धोखाधड़ी के आरोप में 9 के खिलाफ केस दर्जः** कृष्णाब्रह्म थाना पुलिस ने मामले में 9 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की है। आरोपियों में —भगवान सिंह, रामायण सिंह, मोतीलाल सिंह, शिव बिहारी सिंह, मुन्ना सिंह, अजय कुमार सिंह, रामाशंकर सिंह, मनर्जिय देवी और पवित्रा देवी शामिल हैं। इन पर धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करना, और भूमि हड़पने के आरोप लगे हैं। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है, और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**बक्सर में यह पहला मामला नहींः** इससे पहले भी सदर अंचल के नदाव गांव में ऐसा ही मामला सामने आया था, जहां एक महिला के नाम पर 5 बीघा जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराई गई थी। उस मामले में भी जिलाधिकारी के आदेश पर रजिस्ट्री रद्द की गई थी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# मुंगेर जिले में मंदिर निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद

निज संवाददाता। मुंगेर

नया रामनगर के महमदा गांव में रविवार की रात साढ़े आठ बजे मंदिर की दीवार तोड़े जाने के बाद ग्रामीणों और गढ़ीरामपुर गांव के लोगों के बीच पत्थरबाजी हुई। इसमें गढ़ीरामपुर के छह लोग घायल हो गए और तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही जिले के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। इस दौरान पूरा गांव छावनीमें तब्दील हो गया। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद और डीएसपी अभिषेक भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। देर रात तक वहां स्थिति तनावपूर्ण हो गई। गांव में पुलिस कैंप कर रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। इन लोगों को पथराव के कारण चोटें आई हैं।

**5 जून को होनी थी प्राण प्रतिष्ठाः** जानकारी के अनुसार, महमदा गांव में गढ़ीरामपुर गांव के ठाकुरबारी की जमीन है। पहले महमदा गांव के लोग सड़क किनारे खेत में चैती दुर्गा की प्रतिमा बैठाते थे। इस पर गढ़ीरामपुर गांव



के लोगों ने ठाकुरबारी की जमीन पर एक मंदिर बना उसमें प्रतिमा बैठाने की अनुमति दे दी। कुछ साल प्रतिमा उसी मंदिर में बैठाई गई। बाद में महमदा गांव के लोग मंदिर पर अधिकार जताने लगे। इस पर गढ़ीरामपुर वालों ने आपत्ति जताई। बाद में मामला कोर्ट में चला गया। गढ़ीरामपुर गांव लोगों को कोर्ट से डिग्री मिल गयी। इसके बाद मंदिर में दुर्गा की प्रतिमा बैठानी बंद हो गयी। अब इस मंदिर में ठाकुरबाड़ी न्यास समिति राधा-कृष्ण की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी चल रही थी। पांच जून को प्रतिमा बैठाई जानी है। इसके लिए मंदिर का गेट व दीवार बनायी जा रही थी। रविवार की रात महमदा गांव के कुछ लोगों ने नवनिर्मित दीवार को तोड़ दिया। इसके बाद ही विवाद बढ़ गया।

**8 राउंड चली गोलियांः** स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 8 राउंड गोलियां भी चलीं, हालांकि पुलिस ने इससे इनकार किया है। घटना के बाद गढ़ीरामपुर के ग्रामीणों के महमदा की ओर बढ़ने पर किसी ने महमदा गांव का ट्रांसफार्मर बंद कर दिया। करीब 4 घंटे तक क्षेत्र में अंधेरा रहा। स्थानीय थाना पुलिस के साथ आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। सदर डीएसपी अभिषेक आनंद और एसपी सैयद इमरान मसूद ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**जांच में जुटी पुलिसः** एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि नया रामनगर क्षेत्र में रविवार की देर शाम में सूचना मिली कि महमदा और गढ़ीरामपुर गांव में ठाकुरवाड़ी को लेकर कुछ विवाद था। ठाकुरवाड़ी में दीवार दिया जा रहा था, जिसे और सामाजिक तत्वों ने आकर तोड़ दिया।

# भागलपुर जिले में वंदे भारत के लिए बन रहा पिट लाइन

निज संवाददाता। भागलपुर

हावड़ा-भागलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का मेंटेनेंस भागलपुर में ही होगा। इसके लिए पुराने यार्ड के पास 500 मीटर लंबी पिट लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। दो माह में बनकर तैयार हो जाएगी। फिलहाल ट्रेन का मेंटेनेंस हावड़ा में होता है। वहां से आने के बाद गाड़ी यार्ड में खड़ी रहती है। फिर यहीं से हावड़ा के लिए रवाना होती है।

**कर्मचारियों को ट्रेनिंग दिया जाएगाः** पिट लाइन बन जाने के बाद ट्रेन की वॉशिंग और मेंटेनेंस की सभी प्रक्रिया भागलपुर में ही होगी। वंदे भारत जैसी हाईटेक ट्रेन के मेंटेनेंस के लिए पिट लाइन पर अत्याधुनिक मशीनें लगाई जाएंगी। यह ट्रेन सामान्य और एलएचबी कोच से ज्यादा पावरफुल होती है, इसलिए विशेष सावधानी बरती जाती है। इसके कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

**ट्रेन के टाइम में बदलाव की संभावनाः** वंदे भारत के



उद्घाटन के बाद से ही भागलपुर के लोगों को ट्रेन के खुलने के समय को लेकर निराशा रही है। स्थानीय यात्रियों के मुताबिक गाड़ी खुलने का समय उनके लिए उपयुक्त नहीं है। अब जब भागलपुर में ही मेंटेनेंस की सुविधा मिल रही है, तो उम्मीद है कि ट्रेन के समय में भी बदलाव किया जाएगा।

**मुख्यालय से अनुमति मिलने का इंतजारः** DRM मनीष कुमार गुप्ता ने बताया, 'वंदे भारत एक्सप्रेस के मेंटेनेंस के लिए पिट लाइन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। यह कार्य तेजी से किया जा रहा है। जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यालय से अनुमति मिलते ही वंदे भारत का मेंटेनेंस भागलपुर से शुरू हो जाएगा।

# मुंगेर में मंदिर की नवनिर्मित दीवार तोड़ी, दो गांव के लोगों के बीच पथराव, 6 घायल

निज संवाददाता। मुंगेर

नया रामनगर के महमदा गांव में रविवार की रात साढ़े आठ बजे मंदिर की दीवार तोड़े जाने के बाद ग्रामीणों और गढ़ीरामपुर गांव के लोगों के बीच पत्थरबाजी हुई। इसमें गढ़ीरामपुर के छह लोग घायल हो गए और तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही जिले के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद और डीएसपी अभिषेक भी मौके पर पहंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। देर रात तक वहां स्थिति तनावपूर्ण हो गई। गांव में पुलिस कैंप कर रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। इन लोगों को पथराव के कारण चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार, महमदा गांव में गढ़ीरामपुर गांव के ठाकुरबारी की जमीन है। पहले महमदा गांव के लोग सड़क किनारे खेत में चैती दुर्गा की प्रतिमा बैठाते थे। इस पर गढ़ीरामपुर गांव के लोगों ने ठाकुरबारी की जमीन पर एक मंदिर बना उसमें प्रतिमा बैठाने की अनुमति दे दी। कुछ



साल प्रतिमा उसी मंदिर में बैठाई गई। बाद में महमदा गांव के लोग मंदिर पर अधिकार जताने लगे। इस पर गढ़ीरामपुर वालों ने आपत्ति जताई। बाद में मामला कोर्ट में चला गया। गढ़ीरामपुर गांव लोगों को कोर्ट से डिग्री मिल गयी। इसके बाद मंदिर में दुर्गा की प्रतिमा बैठानी बंद हो गयी। अब इस मंदिर में ठाकुरबाड़ी न्यास समिति राधा-कृष्ण की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी चल रही थी। पांच जून को प्रतिमा बैठाई जानी है। इसके लिए मंदिर का गेट व दीवार बनायी जा रही थी। रविवार की रात महमदा गांव के कुछ लोगों ने नवनिर्मित दीवार को तोड़ दिया। इसके बाद ही विवाद बढ़ गया।

# मॉडल सदर अस्पताल में कोविड वार्ड तैयार





♦ 10 बेड के साथ दवाइयों और ऑक्सीजन की है व्यवस्था, साफ-सफाई पर भी ध्यान

निज संवाददाता। भागलपुर

देशभर में एक बार फिर कोरोना वायरस के मामले सामने आने लगे हैं। भागलपुर जिले में अभी तक कोरोना का कोई नया मामला दर्ज नहीं हुआ है, लेकिन सावधानी के तौर पर स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ चुका है। इसी क्रम में भागलपुर के मॉडल सदर अस्पताल में 10 बेड का विशेष कोविड वार्ड तैयार किया गया है। कोविड वार्ड में दवाइयों से लेकर ऑक्सीजन की व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त कर दी गई है। अस्पताल प्रशासन ने हर बेड पर पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सप्लाई सुनिश्चित की है, ताकि आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत राहत मिल सके। चिकित्सकों से लेकर नर्सिंग स्टाफ तक सभी को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और सैनिटाइजेशन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**मास्क पहनने की दी जा रही सलाहः** अस्पताल प्रभारी राजू ने कहा अभी जिले में कोरोना का एक भी मामला सामने नहीं आया है, लेकिन अन्य राज्यों में मामलों में इजाफा को देखते हुए पहले से तैयारी करना जरूरी है। विभाग ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मास्क पहनने, हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने और सोशल डिस्टेंसिंग जैसे कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए हैं। सिविल सर्जन की ओर से जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी सतर्क रहने और संभावित मरीजों की पहचान के लिए स्क्रीनिंग करने को कहा गया है। साथ ही, जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को मास्क पहनने, भीड़भाड़ से बचने और लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराने की सलाह दी जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि है कि कोविड वार्ड फिलहाल एहतियातन तैयार किया गया है और आवश्यकता पड़ने पर बेड की संख्या भी बढ़ाई जा सकती है।

# मानसून से पहले फिर डरा रही गंगा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में सबौर प्रखंड के मसाढ़ू गांव में अब तक कटाव रोधी कार्य शुरू नहीं हुआ है। मानसून सीजन शुरू होने से पहले लोगों में डर का माहौल है। पिछले साल करीब 50 घर गंगा में समा गए थे। सड़क, मंदिर, पानी टंकी, किसान भवन गंगा में विलीन हो गईं थी। पीड़ित परिवार को अभी तक मुआवजा भी नहीं मिला है। ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ननकी देवी ने बताया कि कटाव रोधी कार्य के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिला है। दूसरे गांव में थोड़ा बहुत काम हुआ है, लेकिन मसाढ़ू में पहले जैसा ही हाल है। कुछ भी नहीं बदला है। कटाव में जिनके घर और जमीन गंगा में समा गए थे, उन्हें मुआवजा स्वीकृति पत्र थमाया गया था। 42 पीड़ितों को लेटर तो मिला गया, लेकिन मुआवजा नहीं मिला। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी कई बार कह चुके हैं कि बिहार के खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ितों का है। क्या यहां के लोग सरकार और विभागों की नजर में आपदा पीड़ित नहीं हैं।



**ग्रामीणों में डर का माहौल हैः** स्थानीय नंदकिशोर मंडल ने बताया कि कि न तो कोई जनप्रतिनिधि सुध ले रहे हैं और न ही संबंधित विभाग ध्यान दे रहा है। बारिश शुरू होते ही पूरे गांव में डर का माहौल है। अगर यही हाल रहा तो इस बार बचे हुए घर और जमीन का भी पता नहीं चलेगा। सब गंगा में समा जाएगा।

**जल्द काम शुरू किया जाएगाः** वहीं, जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने ग्रामीणों का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि मसाढ़ू से आगे दूसरे गांव में कटावरोधी कार्य हो रहा है। मीटिंग हुई है, जल्द ही ठोस पहल की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों की मदद करने के लिए बनी साथी समिति

**भागलपुर**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देश पर जिला स्तरीय साथी समिति का गठन किया गया। इसका उद्देश्य उपेक्षित, संकटग्रस्त और बेसहारा बच्चों के जीवन में नई उम्मीद जगाना है। समिति के सफल संचालन के लिए प्राधिकरण की सचिव रंजीता कुमारी की अध्यक्षता में बार एसोसिएशन भवन में बैठक हुई। समिति 27 मई से 5 अगस्त तक जिले के प्रत्येक प्रखंड कार्यालय में अभियान चलाएगी। इस दौरान असहाय और संकटग्रस्त बच्चों की पहचान की जाएगी। मौके पर सहायक निदेशक, बाल संरक्षण पदाधिकारी, डीएसपी हेड क्वार्टर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पर्यवेक्षण गृह अधीक्षक, बालक गृह अधीक्षक, बालिका गृह अधीक्षक, पैनल अधिवक्ता संदीप झा, राघवनंदन, पीयूष कुंझा आदि थे।

### चित्रकला स्पर्धा में सुहानी प्रथम, अनन्य दूसरे और वैशाली तीसरे स्थान पर रही

**भागलपुर**। मारवाड़ी युवा मंच भागलपुर उदय शाखा की ओर से आठ दिवसीय समर कैंप का समापन रविवार को हुआ। अंतिम दिन बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सुहानी अग्रवाल को प्रथम, अनन्य को द्वितीय और वैशाली को तृतीय पुरस्कार दिया गया। साथ ही साथ बच्चों के बीच डांस का भी आयोजन किया गया। सबसे पहले मंच संरक्षक शैलेश मिश्रा, डॉ. प्रीति शेखर, अर्पित जालान और मंच अध्यक्ष राजीव गर्ग ने कार्यक्रम का उद्घाटन का किया। मंच के अध्यक्ष राजीव गर्ग ने बताया कि बच्चों ने आठ दिनों के समर कैंप में बहुत आनंद लिया। इस मौके पर संस्था सचिव मयंक टिबरेवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप शिवानीवाला, राहुल चौधरी, प्रियंका सोनी, सरिता गर्ग, अमीषा सोनी, गंगा, नेहा सिंह, प्रिया वर्मा, अभिजीत सिंह आदि सदस्य रहे।

### मां आनंदी संस्था ने वृद्धाश्रम में योग व पौष्टिक भोजन से खुशियां बाटीं

**भागलपुर**। मां आनंदी संस्था नियमित सामाजिक सेवा कार्यक्रम के तहत सहारा वृद्धाश्रम में वृद्धों के बीच खुशहाली का माहौल बनाया। संस्था ने वृद्धों के लिए योग सत्र व पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की । इसमें संस्था की संस्थापक, डॉक्टर प्रिया सोनी ने योग के माध्यम से वृद्धों को कई बीमारियों से निजात दिलाने में मदद की। डॉक्टर सोनी ने इस अवसर पर अपनी संस्था के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सफीना जी का जन्मदिन भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था के सलाहकार राजेश भगत ने कहा कि मां आनंदी संस्था समय-समय पर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करती रहती है।

### पतियों को पंखा झेलकर जीवन में शीतलता प्रेम व वंशवृद्धि का आशीर्वाद लेंगी सुहागिन

**भागलपुर**। आज वट सावित्री व्रत पर पतियों को पंखा झलकर सुहागिन जीवन में शीतलता प्रेम व वंशवृद्धि का आशीर्वाद लेंगी। व्रत का शुभ मुहूर्त मिथिला पंचांग के अनुसार 11:02 से 1.00 बजे तक, बनारसी में 11.25 से 4.25 तक है। रविवार को बाजार में महिलाएं पूजन सामग्रियों की खरीदारी करती दिखीं। बांस से बनी डालिया, पंखे व अन्य पूजन सामग्रियों की दुकानें भी सुबह से ही सड़कों के किनारे सजी रहीं। मान्यताओं के अनुसार, इस व्रत के प्रभाव से ही सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लाए थे, यही कारण है कि सुहागिनों के लिए यह पर्व बेहद खास है। बाजारों में साड़ियों और चुनरियों की दुकानों पर महिलाएं अपनी पसंद की वेशभूषा खरीदती दिखीं। श्रृंगार की दुकानों पर भी महिलाओं का तांता लगा हुआ था। इस व्रत में पंखा और डलिया की कीमतें आसमान छूने लगीं। खरीदारी करने आईं प्रीति भगत, सोनी कुमारी और संध्या कुमारी ने बताया कि यह पर्व केवल पति की लंबी आयु की कामना का ही नहीं, बल्कि मानव और प्रकृति के गहरे रिश्ते का भी प्रतीक है। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने वट सावित्री व्रत की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आज विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने पतियों की दीर्घायु और खुशहाल जीवन की कामना करेंगी। पंडित सौरभ कुमार मिश्र ने बताया कि वट सावित्री के दिन पूजन का शुभ मुहूर्त मिथिला पंचांग के अनुसार 11:02 से आरंभ होकर 01बजे दिन तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा वही बनारसी पंचांग के अनुसार 11:25 से 4:25 तक पूजन का शुभ मुहूर्त है। उन्होंने बताया कि इस बार वट सावित्री व्रत और सोमवती अमावस्या का खास संयोग बन रहा है। ज्येष्ठ मास में पड़ने वाले सारे व्रतों में वट सावित्री व्रत को बहुत प्रभावी माना गया। जिसमें सौभाग्यवती महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सभी प्रकार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं।

### गोशाला समिति ने एसडीओ को विदाई दी

**भागलपुर**| गोशाला समिति की ओर से गोशाला कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सदर एसडीओ धनंजय कुमार को अंग वस्त्र से सम्मानित कर विदाई दी। जबकि नव पदस्थापित एसडीओ विकास कुमार स्वागत किया। एसडीओ विकास ने कहा कि भागलपुर एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक शहर है। जैविक खाद एवं गोमूत्र तथा गोबर से कीटनाशक व अन्य उत्पाद के लिए प्रयास किया जाएगा। गोशाला महामंत्री गिरधारी केजरीवाल ने गोशाला में नस्ल सुधार पशुओं की दवा एवं चिकित्सा व्यवस्था पर ध्यान देने का आग्रह किया।मौके पर सत्यनारायण पोद्दार, लक्ष्मी डोकनिया, सुनील जैन, रोहित बाजोरिया, पप्पू केजरीवाल, अतुल, शिव केडिया व अन्य थे।

### प्रमाण पत्रों के शुद्धीकरण के लिए शुल्क निर्धारित

**मुंगेर**| मुंगेर विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के प्रमाण पत्रों और द्वितीयक पत्रकों में सुधार के लिए आवेदन शुल्क तय कर दिया है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने सूचना जारी कर दी है। नामांकन समिति पदाधिकारी और डीएसडब्ल्यू प्रो. देवराज सुमन ने बताया कि जो विद्यार्थी द्वितीयक प्रवेश पत्र, द्वितीयक पंजीयन पत्र या प्रमाण पत्रों में शुद्धिकरण कराना चाहते हैं, उन्हें आवेदन ऑनलाइन करना होगा। आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। इसके पहले आवेदन को संबंधित महाविद्यालय या विभागाध्यक्ष से अग्रसारित कराना जरूरी होगा। हर कार्य के लिए 200 रुपये का आवेदन शुल्क जमा करना होगा। साथ ही जरूरी दस्तावेज भी अपलोड करने होंगे। इसकी पूरी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### एयरफोर्स सार्जेंट की करंट लगने से मौत

**मुंगेर**। मुंगेर में सार्जेंट की करंट लगने से मौत हो गई। घटना जमालपुर प्रखंड के इंदरुख पूर्वी पंचायत की है। वे अपने भतीजे के उपनयन संस्कार में शामिल होने के लिए 20 मई को परिवार के साथ गांव आए थे। उपनयन संस्कार के लिए घर के पीछे पंडाल बनाया गया था। वे पंडाल में पंखा लगा रहे थे। इसी दौरान वे करंट की चपेट में आ गए। मृतक की पहचान बमबम सिंह के बेटे अवनीश कुमार(37) के रूप में हुई है। वे एयरफोर्स में सार्जेंट के पद पर कार्यरत थे। घटना के समय परिवार के सदस्य वहां मौजूद नहीं थे। कुछ देर बाद जब परिवार वालों ने खोजबीन की तो अवनीश जमीन पर गिरे मिले। परिजन तुरंत उन्हें सफियासराय स्थित निजी नर्सिंग अस्पताल ले गए। वहां से डॉक्टरों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**2005 में एयरफोर्स में हुए थे शामिलः** अवनीश को 2005 में एयरफोर्स में नौकरी मिली थी। 2007 में उनकी शादी भागलपुर की रहने वाली सपना से हुई। उनकी दो बेटियां शांभवी, श्रेया और एक दो साल का बेटा है। शव घर पहुंचने पर बड़ी बेटी शांभवी पिता की लाश से लिपटकर रोती रही। ग्रामीणों ने बताया कि अवनीश गांव के होनहार युवक थे। उनके पिता बमबम सिंह किसान हैं। अवनीश ने जवाहर नवोदय विद्यालय से पढ़ाई की थी। इंटर के बाद उन्हें एयरफोर्स में नौकरी मिल गई थी। वे गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत थे।

योजना एवं विकास विभाग
बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद
अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04/2025–26
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
1. कार्यों की विवरणी (योजना / शीर्ष / मद का नाम) : – **कब्रिस्तान धेराबन्दी योजना।**

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | रफीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत सिहुली ग्राम नईकी में कब्रिस्तान धेराबन्दी का निर्माण कार्य। | 49.46 | 99,000.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| कुल योग :– | | 49.46 | | | | |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 23.05.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 30.05.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 04.06.2025 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 05.06.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
7. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद
PR- 004361 (Planning) 2025-26
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज
Email Id- ee-pal@jharkhandmail.gov.in, rwdpalamu@gmail.com, eerwdpalamu@gmail.com, Phone No.-06562357595
पत्रांक................ दिनांक......................
कोटेशन आमंत्रण सूचना
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, RCPLWEA/PM-JANMAN अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में वन भूमि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु परामर्शी नियुक्त करने हेतु निम्न शर्त्तो के अधीन कोटेशन आमंत्रित किया जा रहा है । जिसकी शर्त्ते निम्नवत है :–
1. कार्य अवधि 180 दिन होगा जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया भी जा सकता है । (शर्त्ते लागू)
2. कोटेशन दाता झारखंड राज्य का होना चाहिए ।
3. कोटेशन दाता को झारखंड राज्य में GST निबंधित होना अनिवार्य होगा । इस हेतु ळैज निबंधन प्रमाण –पत्र संलग्न करना होगा, साथ ही आयकर अधिनियम के अंतर्गत निबंधित होना भी अनिवार्य होगा । GST एवं आयकर का अद्यतन रिर्टन दाखिल किया हुआ होना चाहिए।
4. कोटेशन दाता को स्वच्छ आचरण धारी होना चाहिए । इसे हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अद्यतन आचरण–प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा ।
5. कोटेशन दाता को संबंधित कार्य का 3 वर्ष का कार्यानुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
6. कोटेशन दाता के पास संबंधित कार्य हेतु पर्याप्त Man Power होना चाहिए, जिससे संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
7. कोटेशन दर सभी कर सहित होना चाहिए
8. सफल कोटेशन दाता को अनुमोदित कोटेशन राशि का 5 प्रतिशत अग्रधन की राशि FD के रूप में जमा करना होगा ।
9. सफल कोटेशन दाता का भुगतान नियमानुसार सभी करों की कटौती कर की जायेगी।
10. कोटेशन आमंत्रण सूचना के शर्त्तो के परविर्त्तन किया जा सकता है ।
11. आमंत्रित कोटेशन को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।
उक्त आलोक में इच्छुक परामर्शी दिनांक 30.05.2025 से 09.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक बन्द लिफाफा के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन जमा कर सकते है ।
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज
PR 353467 District (25-26)_D

कार्यालय-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा
जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा, सदर अस्पताल परिसर, गढ़वा
राज्य योजना अंतर्गत गढ़वा शहरी झुग्गी बस्तियों में आवासित लोगों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निमित "अटल मुहल्ला क्लीनिक" के संचालन हेतु चिकित्सक (एमबीबीएस) का सेवा के लिए Walk In Interview हेतु विज्ञापन
विज्ञापन संख्या ..01./2025 साक्षात्कार की तिथि 11.06.2025
अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–5/पी०– 65/2021–32(5)ब, योजना, स्वा०, गढ़वा दिनांक–25.05.2023 द्वारा शहरी झुग्गी बस्तियों में आवासित लोगों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निमित "अटल मुहल्ला क्लीनिक" के संचालन हेतु चिकित्सक (MBBS) का सेवा के लिए Walk In Interview के आधार पर सेवाएँ प्राप्त किया जाना है।
"अटल मुहल्ला क्लीनिक" गढ़वा के लिए चिकित्सक (MBBS) की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक अर्हता, परिलब्धि एवं कार्यावधि की विवरणी निम्नांकित है :–

| क्रम सं० | पद का नाम | न्युनतम शैक्षणिक योग्यता | कोटिवार पदों की संख्या | | मानदेय | कार्य का समय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | | कोटि | संख्या | | |
| 1 | चिकित्सक (एमबीबीएस) | Bachelor of Medicine, Bachelor of Surgery/MBBS Degree in any recognised Institution approved by MCI/NMC | UR | 03 | अनुमानित मासिक परिलब्धि 36,400/– (Rs. 1400x26days) | प्रातः 8:00 AM to 12:00 PM |

➢ Walk In Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
➢ चिकित्सक (MBBS) द्वारा भविष्य में नियमितीकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
➢ उपरोक्त के लिए अधिकतम् 67 वर्ष (सिविल सर्जन से निर्गत मेडिकल फिटनेश प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है, मेडिकल फिटनेश प्रमाण–पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा)।
**नोट – "अटल मुहल्ला क्लिनिक" के लिए चयनित चिकित्सक (MBBS) विभागीय निर्देशानुसार कार्य दायित्वों का निर्वहन करेंगे।**
चिकित्सक (MBBS) का सेवा हेतु अन्य शर्तें, अर्हता, आवेदन पत्र इत्यादि की विवरणी गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर अथवा जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा कार्यालय के सूचना–पट्ट से प्राप्त की जा सकती है।
इच्छुक अभ्यर्थी, चिकित्सक पद पर सेवा देने के लिए सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा में दिनांक–11.06.2025.को पूर्वाह्न .10.00. बजे सभी शैक्षणिक एवं अन्य वांछित मूल प्रमाण–पत्रों के सहित विहित प्रपत्र में आवेदन के साथ Walk In Interview में उपस्थित हो सकते हैं।शैक्षणिक एवं अन्य वांछित मूल प्रमाण–पत्रों की छायाप्रति (1 प्रति में) साथ लायेंगे।
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा
PR 353494 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D

# वाटर फॉल में नहाने से लेकर इज़हार-ए-इश्क वाले पोस्ट तक, तेज प्रताप यादव का 'दिलफेंक' अंदाज चर्चा में रहा

**पटना, एजेंसी।** राजद विधायक तेज प्रताप यादव हाल ही दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट की अनुमति के बाद मालदीव की सैर पर गये थे। वहां से दो दिन पहले ही पटना लौटे हैं। बताया जाता है कि शनिवार की शाम तक उनकी दिनचर्या सामान्य थी, लेकिन उसी दिन शाम में उनके फेसबुक पर इजहार-ए-इश्क के पोस्ट (तस्वीर के साथ) से तूफान खड़ा हो गया। हालांकि यह पोस्ट कुछ घंटे बाद ही डिलीट भी कर दी गई। सोशल मीडिया पर लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब तेज प्रताप का प्रेम पिछले 12 वर्षों से किसी लड़की के साथ था तो फिर उन्होंने आठ साल पहले (2018 में) ऐश्वर्या से शादी क्यों की? तेज प्रताप अपने प्रसंगों की वजह से चर्चा में रहे हैं। उनके कई किस्से सियासी गलियारों में तैरते रहे हैं। तरह-तरह का रूप धारण करना भी उन्हें खूब भाता है। कभी कृष्ण तो कभी शिवरूप धरकर उन्होंने फोटो साझा कर सुर्खियां बटोरी हैं। सात साल पूर्व 2018 में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. दारोगा प्रसाद राय की पौत्री ऐश्वर्या से उनका विवाह हुआ था। अर्थात, विवाह के पांच साल पहले से उनका प्रेमालाप जारी था। मंत्री रहते तेज प्रताप यादव का अपने मित्रों के साथ अचानक वाटर पार्क में जाना भी राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना था। उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। एक बार तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष सुशील मोदी ने इस पर सवाल उठाए थे तो शरद यादव ने तेज प्रताप का बचाव करते हुए कहा था कि किसी का वाटर फॉल में नहाना कोई खबर नहीं है।

**शादी के कुछ माह बाद ही दायर की तलाक की अर्जी :** 2018 में शादी के कुछ ही महीनों के बाद बाद तेजप्रताप ने ऐश्वर्य राय से तलाक लेने की अर्जी कोर्ट में दे दी। तब ऐश्वर्या ने भी उनके खिलाफ मारपीट करने, ड्रग्स का इस्तेमाल करने और क्रॉस-ड्रेसिंग का भी आरोप लगाया। परिवार न्यायालय में यह मामला चल रहा है।

**रघुवंश प्रसाद सिंह के इस्तीफा पर कसा था तंज :** तेज प्रताप ने रघुवंश प्रसाद सिंह के इस्तीफा पर तंज कसते हुए कहा था कि समुद्र से एक लोटा पानी निकल भी जाएगा तो क्या फर्क पड़ेगा। यही नहीं, पार्टी के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह से भी तेज प्रताप ने पार्टी कार्यालय में ही खुलेआम दो-दो हाथ कर लिया था। जिसकी लड़ाई वह जगदा बाबू से लड़ रहे थे, उसके तार भी ताजा प्रकरण से जुड़े हुए बताए जाते हैं। तब एक व्यक्ति को पद दिलाने के लिए तेज प्रताप ने जगदाबाबू को हिटलर तक की संज्ञा दी थी। कहा था कि प्रवासी सलाहकार से सलाह लेने में अध्यक्ष जी यह भूल गए कि पार्टी संविधान से चलता है और राजद का संविधान कहता है कि बिना नोटिस दिए आप पार्टी के किसी पदाधिकारी को पदमुक्त नहीं कर सकते। एक बार निजी सुरक्षा गार्ड (बाउंसर) को लेकर विधानसभा आकर तेज प्रताप ने पार्टी की किरकिरी करा दी थी। तेज प्रताप ने हाल ही में हसनपुर के बदले इस बार महुआ से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। तेज प्रताप के इस एलान के बाद महुआ के मौजूदा विधायक मुकेश रौशन फूट-फूटकर रोते नजर आए। उन्होंने लालू प्रसाद से गुहार भी लगाई। इस साल अपने सरकारी आवास में आयोजित होली मिलन समारोह में तेज प्रताप ने अपने अंगरक्षक दीपक कुमार को एक गाने पर नाचने को विवश किया। अंगरक्षक के नाचने से इनकार करने पर तेज प्रताप ने कहा कि निलंबित कर दिए जाओगे। यही नहीं, होली के मौके पर तेज प्रताप ने वीआईपी इलाके में अपने समर्थकों के साथ स्कूटी पर सवार हो सड़कों पर हुड़दंग भी मचाया। सीएम आवास से गुजरने के क्रम में तेज प्रताप ने सरकार में बैठे लोगों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी भी की।





### प्रधानमंत्री पर की थी अमर्यादित टिप्पणी

वर्ष 2017 में केंद्र सरकार ने लालू प्रसाद की सुरक्षा जेड प्लस से कम कर जेड श्रेणी का कर दिया। तब तेज प्रताप ने पीएम पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में तेज प्रताप ने अपने अंगरक्षक के माध्यम से एक पत्रकार पर हमला किया।

### कभी कृष्ण बने, कभी बहुरुपिया

तेज प्रताप अक्सर धार्मिक अवतारों के रूप में भी सामने आते रहते हैं। वे कभी भगवान श्रीकृष्ण का रूप लेकर लोगों के सामने आते हैं तो कभी भगवान शिव की पूजा करने के क्रम में वे शिवलिंग को पकड़कर पुजारियों से जलाभिषेक करवाते हैं। वे कभी बांसुरी बजाते हुए नजर आते हैं। वह खुद को बहुरूपिया के रूप में तस्वीरें पोस्ट करते रहे हैं।

### दूसरी बार विधायक बने

तेज प्रताप यादव अभी समस्तीपुर के हसनपुर से विधायक हैं। वर्ष 2015 में पहली बार वैशाली के महुआ विधानसभा से विधायक बने और महागठबंधन सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बने। 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में वह समस्तीपुर के हसनपुर विधानसभा से विधायक बने। साल 2021 में जब बिहार में फिर से महागठबंधन की सरकार बनी तो तेज प्रताप पर्यावरण एवं वन मंत्री बने। तेज प्रताप ने 2010 में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की। स्नातक में दाखिला लिया लेकिन उसे पूरा नहीं कर सके।



## फर्जी राशन कार्ड बनाने वाले गिरोह का खुलासा: मोतिहारी में 4 आरोपी गिरफ्तार

### 2500 रुपए में बनाते थे एक कार्ड

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी पुलिस ने फर्जी राशन कार्ड बनाने वाले साइबर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लैपटॉप, बायोमेट्रिक मशीनें और अन्य तकनीकी उपकरण बरामद हुए हैं। जिले में राशन कार्ड के आवेदन बंद होने के बाद भी एसडीओ लॉगिन पोर्टल पर राशन कार्ड की संख्या में वृद्धि देखी गई।

इस मामले की जांच के लिए अरेराज एसडीओ अरुण कुमार और साइबर डीएसपी अभिनव परासर के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। जांच में पता चला कि पहाड़पुर थाना क्षेत्र के कुछ साइबर कैफे अवैध रूप से राशन कार्ड बना रहे थे।

प्रशासन ने लधुनिया और दुधियावा स्थित साइबर कैफे में छापेमारी की। पुलिस ने लधुनिया से रेहान सैफी, सुरज कुमार, विक्की कुमार और तेजपुरवा से निरज कुमार को गिरफ्तार किया।

**राशन कार्ड के लिए लेते थे 2500 रुपए :** साइबर डीएसपी ने बताया कि गिरोह सरकारी पोर्टल आरसीएमएस को बाइपास कर फर्जी राशन कार्ड जारी कर रहा था। आरोपी ओटीपी वेरिफिकेशन सिस्टम को हैक कर पोर्टल में घुसते थे। साइबर कैफे संचालक एक राशन कार्ड के लिए 2500 रुपए लेते थे। इसमें से 1000 रुपए खुद रखते और 1500 रुपए सुपौल में बैठे गिरोह के सरगना को भेजते थे।

### फर्जी दस्तावेज किए जब्त

इस गिरोह के बनाए गए फर्जी राशन कार्ड से कई लोगों को सरकारी अनाज मिल रहा था। इससे सरकारी व्यवस्था को आर्थिक नुकसान हो रहा था। पुलिस ने सैफी डिजिटल सेवा केंद्र और भवानी साइबर कैफे से तकनीकी सामग्री और फर्जी दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

## जनसेवा एक्सप्रेस में बिहार का युवक दरवाजे पर बैठा




**बरेली, एजेंसी।** बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र में जनसेवा एक्सप्रेस से एक युवक के गिरने की घटना सामने आई है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले का 18 वर्षीय गुलशन कुमार नगरिया सादात रेलवे स्टेशन के पास गिरकर घायल हो गया। गुलशन अपनी चाची के साथ हरियाणा के अंबाला से घर लौट रहा था। वह अपने बड़े भाई की शादी में शामिल होने के लिए मुजफ्फरपुर जा रहा था। यह घटना 28 मई को हुई। नगरिया सादात रेलवे स्टेशन की डाउन लाइन पर ट्रेन के दरवाजे के पास बैठे गुलशन को नींद आ गई। वह असंतुलित होकर प्लेटफॉर्म पर गिर गया। स्टेशन स्टाफ ने तुरंत आरपीएफ को सूचित किया। आरपीएफ की टीम ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गुलशन की चाची बरेली जंक्शन पर ट्रेन से उतर गईं।

# मरीज की जगह बेड पर कुत्ता कर रहा आराम मरीजों को इंस्फेक्शन का हो सकता खतरा

### अधिकारी ने दिया जांच का आश्वासन

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमराई है। एक तरफ जीएमसीएच पूर्णिया में मरीज को एडमिट होने की जगह नहीं मिल रही, तो दूसरी तरह रौटा स्थित पीएचसी में कुत्ते बेड पर आराम फरमा रहे हैं। अस्पताल कुत्तों का आशियाना बन गया है। लोग इस पीएचसी में नियुक्त मेडिकल ऑफिसर को सस्पेंड करने की मांग कर रहे हैं। रौटा पीएचसी के बेड पर आराम कर रहे कुत्ते का वीडियो क्लिप अब सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो रविवार सुबह 8 बजे की है। जिसे मरीज के किसी परिजन ने मोबाइल में कैद किया है। वहीं, डीपीएम सुरेन्द्र दास ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच की जा रही है।



### जन आंदोलन की चेतावनी

बिस्मिल ने आगे कहा कि अस्पताल में मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। ये हाल महज किसी एक पीएचसी की नहीं। बल्कि अधिकांश जगहों पर सिस्टम कुछ इसी प्रकार गड़बड़ है। इन दिनों आवारा कुत्तों के अड्डे में तब्दील हो रहा है। बैसा और अमौर प्रखंड के हजारों गरीब मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन उन्हें चिकित्सा सुविधाओं के नाम पर बदइंतजामी और उपेक्षा ही मिल रही है।

उन्होंने सरकार और स्वास्थ्य मंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा बिहार के स्वास्थ्य मंत्री को इस स्थिति की कोई जानकारी है या उन्हें यह भी नहीं मालूम कि राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में क्या हो रहा है। जिला प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की और चेतावनी दी कि अगर जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं आया, तो छात्र राजद जन आंदोलन शुरू करेगा।

### कुत्ते की वजह से मरीज के और बीमार होने का खतरा

छात्र राजद जिलाध्यक्ष मो. बिस्मिल ने बताया कि वीडियो को अस्पताल में आए किसी मरीज के परिजनों ने बनाया है। ग्रामीण मरीज को लेकर रौटा पीएचसी इलाज के लिए पहुंचे थे। मगर अस्पताल पूरी तरह खाली मिला। कुछ एक स्टाफ मोबाइल और अपनी दूसरी दुनिया में मस्त थे। वे डॉक्टर और दूसरे स्टाफ को खोजते हुए वार्ड में पहुंचे, बेड पर मरीज की जगह कुत्ता आराम फरमा रहा था। कुत्ते के बेड पर सोने से किसी मरीज में बीमारी का खतरा किस हद तक बढ़ जाता, इसका अंदाजा बड़ी ही आसानी से लगाया जा सकता है।



## नवादा के 25 ग्रामीण बाजारों में बनेंगे शौचालय: महिला-पुरुषों के लिए अलग व्यवस्था

### जीविका समूह करेंगी रखरखाव

**नवादा, एजेंसी।** नवादा जिला प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में नागरिक सुविधाएं बढ़ाने का निर्णय लिया है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने सभी प्रखंडों के सघन बाजारों में शौचालय और पेयजल की सुविधा देने का निर्देश दिया है।जिले के 13 प्रखंडों के 25 बाजारों में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय बनेंगे। महिला शौचालयों में सैनिटरी पैड डिस्पोजल की सुविधा भी होगी। प्रत्येक शौचालय के लिए 45×40 वर्गफुट जमीन निर्धारित की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी जमीन चिह्नित करेंगे। निर्माण कार्य डीएमएफ, 15वें वित्त आयोग या छठे राज्य वित्त आयोग से होगा।

### जीविका समूह करेंगी रखरखाव

शौचालयों का संचालन और रखरखाव जीविका समूह करेंगे। चयनित बाजारों में अकबरपुर, नेमदारगंज, गोविंदपुर, थाली, मंझवे, चंडीनामा और कौआकोल शामिल हैं। इसके अलावा पांडेय गंगोट, भलुआही, बीजू विगहा, नारदीगंज, चांदनी, शेखपुरा और अंबिका विगहा में भी यह सुविधा मिलेगी।

### महिलाओं को होती थी परेशानी

कादिरगंज, पकरीबरावां, धमौल, अमांवा पूर्वी, रोह, रूपौ, सिरदला और लौंद बाजार भी इस सूची में हैं। वर्तमान में जिले के गैर-शहरी क्षेत्रों में एक भी निशुल्क महिला शौचालय नहीं है। स्थानीय जनता लंबे समय से इस सुविधा की मांग कर रही थी। दूर-दराज से आने वाली महिलाओं को बाजार क्षेत्रों में विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रशासन की यह पहल महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई है।



## 10वीं-12वीं कक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं सम्मानित: मेडल और मोमेंटो पाकर खुश हुए स्टूडेंट

**गयाजी, एजेंसी।** बिहार पान बुनकर समाज की प्रतिभा सह संत कबीर पुस्तकालय की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मानपुर गोपालगंज रोड के वार्ड संख्या-48 स्थित श्रीदुर्गा जी पान जाति पंच संगठन के परिसर में आयोजित हुआ। इसमें 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण 50 छात्र-छात्राओं को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। खास बात यह कि पान समाज (तांती) अनुसूचित वर्ग में आता है और मानपुर के पान समाज के बच्चे मानपुर हैंडलूम में मजदूरी करते हैं। सम्मानित होने वाले स्टूडेंट्स सरकारी स्कूल से पढ़ने वाले हैं। समारोह का उद्घाटन श्रीदुर्गा जी पान जाति पंच संगठन के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रदीप कुमार, मुख्य अतिथि डॉ. राज सरदार और वार्ड-48 पार्षद प्रतिनिधि विजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

### ये हुए सम्मानित

सम्मान पाने वालों में प्रियंका कुमारी (480 अंक), मुस्कान कुमारी (478), धीरज कुमार (475), कृष्णकांत (447), अमन कुमार (435) और नंदनी कुमारी (432) सहित कुल 50 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक और समाज के लोग मौजूद रहे। मौके पर समिति के उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद, महासचिव सुरेश प्रसाद, सचिव विजय कुमार पान, कोषाध्यक्ष नंदलाल प्रसाद सहित पान समाज के कई लोग उपस्थित थे। आयोजकों ने कहा कि यह पहल समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और छात्रों को प्रेरित करने के उद्देश्य से की गई है। भविष्य में इसे और व्यापक स्तर पर आयोजित करने की योजना है। संस्था की ओर से किए जा रहे प्रयास का फिलहाल बेहतर रिजल्ट बच्चे दे रहे हैं।

## एनटीपीसी कांटी में बालिका सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ

निज संवाददाता | कांटी (मुजफ्फरपुर)



एनटीपीसी काटी ने सोमवार को बालिका सशक्तीकरण अभियान 2025 की शुरुआत की। इस अभियान का उद्घाटन तापस साहा, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवम प्रचालन) एनटीपीसी काँटी ने किया। बालिका सशक्तीकरण अभियान में काँटी ब्लॉक के विभिन्न गांव से 40 बालिका शामिल हैं, जो 8 स्कूलों का प्रतिनिधित्व कर रही है. सशक्त बालिका सशक्त काँटी के थीम पर 26 मई से 22 मई तक चलने वाली इस कार्यशाला में छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी जिसमे गणित, अंग्रेजी, हिंदी आदि जैसे विषय पढ़ाये जाएंगे । इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को पौष्टिक भोजन भी मिलेगा।लड़कियों के समग्र विकास के लिए योग, नृत्य, संगीत, पेंटिंग आदि जैसी एक्स्ट्रा करीकुलर एक्टिविटीज भी प्रदान होंगी । साथ ही कम्प्युटर की ट्रेनिंग भी दी जाएंगी। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए ने तापस साहा, महाप्रबंधक ने कहा की "एनटीपीसी कांटी आज से अगले चार सप्ताह तक आस पास के गाँव से 40 बालिकाओं के लिए बालिका सशक्तिकरण अभियान की शुरुआत करने जा रही है। इस अभियान मे ना उन्हे सिर्फ किताबें पढ़ाई जाएंगी बल्कि हर वो चीजें बताई और पढाई जाएंगी जो उन्हे सशक्त बनने में मदद करेगी।एनटीपीसी जैसे कांटी के विकास के लिए हमेसा तत्पर रहती है ठीक उसी तरह से बालिकाओं की पूरी सुरक्षा और जिम्मेदारी के लिए तत्पर रहेगी। इस अभियान में हमारा सहयोग देने के लिए मैं बच्चो के अभिभावक, शिक्षक, और प्रधानाध्यापक को धन्यवाद देता हूँ।" मौके पर मौजूद महेशकुमार सुथार, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एनटीपीसी काँटी ने कहा की "यह अभियान बालिकाओ के ज़िन्दगी में ही नहीं बल्कि उनके परिवार में और सम्पूर्ण समाज में बदलाव लाएगा। 30 दिन बाद जब ये बच्चियां यहाँ से जाएँगी तो आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगी"। इस अवसर पर संजीत कुमार, उप महाप्रबन्धक एवं अन्य वरीय अधिकारीगण मौजूद थे। धन्यवाद् ज्ञापन में संजीत कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने पधारे सभी बालिकाओं, ग्रामीणों एवं उपस्थित सभी को धन्यवाद दिया ।

# दरभंगा में बोरे में मिली सड़ी हुई लाश:शरीर पर मिले चोट के निशान



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में नदी में पुल के पास रविवार को बोरे में बंद एक युवक का शव मिला है। लाश पुरी तरह से सड़ चुकी है। लाश मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। घटना की सूचना पर सदर एसडीपीओ अमित कुमार, सदर थानाधायक्ष मनोज कुमार सहित कई थाने की पुलिस पहुंची।

### एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया

दरअसल, भालपट्टी थाना पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली थी कि एक युवक का शव किसी के घर में है। पुलिस ने गांव के कई घर, खेत और गाछी में तलाशी ली। खोजी कुत्ते की मदद ली गई, लेकिन शव नहीं मिला। घटना के बारे में बताया गया कि बुधवार को बहादुरपुर थाना क्षेत्र का एक युवक अपनी प्रेमिका से मिलने रन्ना गांव आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद युवक की मौत की बात सामने आई। कुछ लोगों ने बुधवार को युवक का शव प्रेमिका के घर में देखा था, लेकिन बाद में शव वहां से गायब हो गया।

### युवक की पहचान में जुटी पुलिस

### शरीर पर चोट के निशान मिले

पुलिस को जब तक जानकारी मिली, तब तक प्रेमिका और उसकी मां घर छोड़कर फरार हो चुकी थीं। अब शव गांव से दूर सदर थाना क्षेत्र के मझिगामा के पास नदी किनारे मिट्टी में दबा मिला है। लोगों का आशंका है कि उसी घटना से जुड़ा ये मामला है। हालांकि पुलिस अभी अज्ञात शव ही बता रही है। मझिगामा के ग्रामीणों ने शव का एक हिस्सा बाहर निकला देखा, बदबू भी आ रही थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। शव सफेद प्लास्टिक की बोरी में बंद था। शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। आसपास से मोबाइल या अन्य कोई सामान नहीं मिला।

### डीएनए जांच के लिए सैंपल भी लिए गए

सदर एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि शव की पहचान की जा रही है। गुमशुदगी की रिपोर्ट किसी थाने में दर्ज नहीं कराई गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेजा गया है। डीएनए जांच के लिए सैंपल भी लिए गए हैं। पुलिस को मामला हत्या का लग रहा है। कारणों की जांच की जा रही है।

# मंत्री दीपिका की अगुवाई शुरू हुई दो लाख की सहायता वाली आवास क्रांति

- झारखंड के हर नागरिक को गरिमामयी जीवन देने की दिशा में निर्णायक प्रयास
- आवास योजनाओं के लक्ष्यों को और अधिक व्यापक बनाने का दिया गया निर्देश, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ मिल सके



निज संवाददाता | रांची/ गोड्डा

झारखंड सरकार ने राज्य के गरीब, वंचित और बेघर परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम उठाया है। ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के नेतृत्व में अब राज्य में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि को 1.20 लाख और 1.30 लाख रुपये से बढ़ाकर सीधे 2 लाख रुपये प्रति परिवार कर दिया गया है। यह निर्णय राज्य के उन लाखों परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाला साबित होगा, जो वर्षों से अपने खुद के पक्के घर के सपने को केवल सपने तक ही सीमित रखते आए हैं। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार की यह पहल सिर्फ ईंट और छत देने की नहीं, बल्कि झारखंड के हर नागरिक को गरिमामयी जीवन देने की दिशा में निर्णायक प्रयास है। उन्होंने आवास योजनाओं के लक्ष्यों को और अधिक व्यापक बनाने का निर्देश दिया है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को इस योजना का लाभ मिल सके। साथ ही अबुआ आवास योजना के तहत जिलों के पास 1 प्रतिशत वार्षिक लक्ष्य को आरक्षित रखने की सिफारिश की गई है, जिससे आपात परिस्थितियों में भी आवास आवंटन की प्रक्रिया में कोई रुकावट न आए। मंत्री ने यह भी सुनिश्चित किया है कि यह पूरी योजना कागज़ों तक सीमित न रह जाए, बल्कि इसकी जानकारी पंचायत स्तर तक पहुंचे और जरूरतमंदों तक सीधा लाभ पहुंचे।

इसके लिए राज्य स्तर पर बड़े प्रचार अभियान की शुरुआत की जा रही है, जिसमें अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना को लेकर पंचायतों तक सूचना पहुंचाई जाएगी। प्रचार सामग्रियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की तस्वीरें शामिल कर इन योजनाओं की प्रामाणिकता और पहुंच को और मजबूत करने की रणनीति बनाई गई है। सरकार की प्रतिबद्धता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अबुआ आवास योजना के तहत राज्य और जिला स्तर पर संधारित खातों में शेष 230.79 करोड़ रुपये की राशि को एक सप्ताह के भीतर पात्र लाभुकों के खातों में ट्रांसफर करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही वर्ष 2025-26 के बजट में उपलब्ध 3000 करोड़ रुपये की राशि को समय पर निकालकर आवास निर्माण कार्यों को तेजी से अंजाम देने की योजना बनाई गई है। सरकार की मंशा है कि आर्थिक प्रक्रिया में कोई बाधा न आए और लाभुकों को उनके आवास समय पर उपलब्ध हो जाएं। प्रधानमंत्री जनजातीय मानवाधिकार आवास योजना (पीएम-जनमन) के क्रियान्वयन को लेकर भी मंत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना की निगरानी में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। लाभुकों को निर्माण सामग्री समय पर मिले और निर्माण कार्य भी निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण हो, यह सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी होगी। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, जो महागामा से विधायक भी हैं, ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल घर देना नहीं है, बल्कि हर गरीब परिवार को सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थिर जीवन देना है। उन्होंने कहा, "यह केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं है, यह आत्मसम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की नींव है। हमारा संकल्प है कि झारखंड का कोई भी गरीब परिवार बेघर न रहे और हर नागरिक अपने घर में चैन और सम्मान से जीवन बिताए।"

# आवास योजनाओं को लेकर बीडीओ के नेतृत्व में विशेष कैंप आयोजित

निज संवाददाता | पथरगामा



पथरगामा प्रखंड अंतर्गत पिपरा पंचायत भवन में रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश कुमार गौतम के नेतृत्व में एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य "अबुआ आवास योजना" एवं "प्रधानमंत्री आवास योजना" के तहत पात्र लाभुकों की पहचान कर उन्हें समय पर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना था। विशेष बात यह रही कि यह कैंप उस दिन आयोजित किया गया जब सामान्यतः सरकारी कार्यों में अवकाश रहता है, लेकिन बीडीओ ने अपने पूरे प्रशासनिक दल के साथ मिलकर ग्रामीणों की सुविधा और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी। कैंप के दौरान बड़ी संख्या में लाभुक पहुंचे, जहां उनके दस्तावेजों की सूक्ष्मता से जांच की गई। दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र लाभुकों का चयन कर आवश्यक कागजी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। बीडीओ स्वयं पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहे थे और उन्होंने मौके पर कई आवास निर्माण स्थलों का भौतिक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया कि आवास योजनाओं से जुड़े सभी कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित की जाए, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। बीडीओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक जरूरतमंद को छत मिले और कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रह जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इस विशेष शिविर के आयोजन से ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों ने बीडीओ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कैंप उनके लिए बेहद मददगार साबित होते हैं, क्योंकि इससे एक ही जगह पर उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी, दस्तावेज़ी प्रक्रिया और अधिकारियों से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिलता है। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक मुकेश कुमार मंडल, पंचायत सचिव सुदर्शन कुमार, राजीव साह, मनरेगा के कनीय अभियंता पवन कुमार, निरंजन कुमार, धीरज तिवारी, मो० मजीद, कर्ण कुमार सहित बड़ी संख्या में प्रखंड कर्मी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। समर्पण और सेवा भावना के साथ आयोजित यह विशेष शिविर, प्रशासनिक सक्रियता और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गया।

# अंजली यादव बनी गोड्डा की दूसरी महिला उपायुक्त

निज संवाददाता | गोड्डा



झारखंड सरकार ने गोड्डा जिले के लिए एक नई प्रशासनिक नियुक्ति करते हुए अंजली यादव को जिले की उपायुक्त बनाया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अंजली यादव अब गोड्डा जिले की कमान संभालेंगी। अपने इस नए दायित्व के साथ वे जिले की दूसरी महिला उपायुक्त बनने जा रही हैं। इससे पहले अंजली यादव झारखंड पर्यटन विभाग में निदेशक के पद पर कार्यरत थीं। इसके अतिरिक्त उन्हें झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (JCECEB), रांची में परीक्षा नियंत्रक का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था। उनके कार्यकाल में परीक्षा संचालन की पारदर्शिता और विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना हुई थी। प्रशासनिक अनुभव और दक्षता के कारण अंजली यादव को गोड्डा जैसे संवेदनशील जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जहां विकास कार्यों के साथ-साथ जनसरोकारों के प्रति भी प्रशासनिक संवेदनशीलता अपेक्षित होती है। अंजली यादव की नियुक्ति को लेकर जिलेवासियों में भी उत्साह देखा जा रहा है, खासकर महिला वर्ग में यह एक प्रेरणादायक क्षण माना जा रहा है। यह नियुक्ति न केवल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह महिला नेतृत्व को सशक्त करने की दिशा में भी राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जिले में अब यह देखा जाएगा कि अंजली यादव अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता से गोड्डा के विकास और प्रशासनिक पारदर्शिता को किस दिशा में ले जाती हैं।

## इको क्लब के स्वयंसेवकों ने जाना स्थानीय पौधों का महत्त्व

**दुमका (नि.सं.)**। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में युवाओं की सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इको क्लब द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों और स्वयंसेवकों ने स्थानीय प्रजातियों के पौधों के महत्व को न केवल समझा, बल्कि उन्हें संरक्षण और संवर्धन का संकल्प भी लिया। मानसून के आगमन से पूर्व आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आगामी वृक्षारोपण कार्यक्रमों में स्थानीय पौधों को प्राथमिकता देने की भावना को जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इको क्लब के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमर नाथ सिंह ने कहा कि स्थानीय पौधे न केवल अपने परिवेश में तेजी से अनुकूलन कर लेते हैं, बल्कि कम देखरेख में भी अच्छे से पनपते हैं।

# ग्राम प्रधान हत्याकांड मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन सात अभियुक्त गिरफ्तार, भेज गया न्यायिक हिरासत में

निज संवाददाता | गोड्डा/बोआरीजोरी




बोआरीजोरी थाना क्षेत्र में 19 मई 2025 को सुबह-सुबह हुई ग्राम प्रधान की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। इस मामले में पुलिस ने सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मृतक की पहचान साहेबगंज जिला अंतर्गत मिर्जाचौकी के फूलोलक्ष्मी गांव के ग्राम प्रधान तालु मुर्मू के रूप में हुई थी, जिनकी गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। पत्नी की ओर से दर्ज कराए गए प्राथमिकी के आधार पर बोआरीजोरी थाना कांड संख्या 24/2025 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने महागामा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। इस विशेष टीम को निर्देश दिया गया कि मानवीय और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर शीघ्र कार्रवाई कर घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। गठित टीम ने सुनियोजित छापेमारी और गहन अनुसंधान के पश्चात हत्या में शामिल सभी सात अभियुक्तों को धर दबोचने में सफलता पाई। साथ ही, उनके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सिम कार्ड, मृतक का मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी बरामद किया गया। पुलिस की पूछताछ और जांच में यह तथ्य सामने आया कि यह हत्या जमीन विवाद को लेकर की गई थी। अभियुक्तों ने हत्या के लिए सुपारी ली थी और योजनाबद्ध ढंग से घटना को अंजाम दिया। पकड़े गए सभी अभियुक्तों ने पुलिस पूछताछ में अपने-अपने अपराध की स्वीकृति दी है। पुलिस ने उन्हें विधिसम्मत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर घटना से जुड़ी विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की। उन्होंने बताया कि जिस तरह से पुलिस टीम ने तेजी और दक्षता के साथ पूरे मामले का खुलासा किया है, वह पुलिस की गंभीरता और तत्परता को दर्शाता है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मो. मोबीन अंसारी (फूलोलक्ष्मी, मिर्जाचौकी, साहेबगंज), मो. असलम (हनवारा, गोड्डा), मो. अल्ताफ (कुशमारा, गोड्डा), पिन्टु राय (कुशमारा, गोड्डा), अरविन्द कुमार (कुशमारा, गोड्डा), सुभाष ठाकुर (भेलाटिकर, ठाकुरगंगटी, गोड्डा) और लखन मराण्डी (धनबासा, मिर्जाचौकी, साहेबगंज) शामिल हैं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने सात अलग-अलग कंपनियों के स्मार्टफोन, एक काले-नीले रंग की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त एक कीपैड मोबाइल फोन और मृतक का एक लावा कंपनी का कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया। इस पूरी कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद, बोआरीजोरी के प्रभारी बीरेन्द्र पासवान, ठाकुरगंगटी के प्रभारी पंकज कुमार, मेहरमा के प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर, हनवारा के प्रभारी राजन कुमार राम, बलबड्डा के प्रभारी अनित मार्की, महागामा के राज गुप्ता, मेहरमा के जुगनु महथा, बोआरीजोरी के सुरेश बुरीउली, सहदेव प्रसाद, शैलेन्द्र शर्मा, अरविन्द साह, संतोष साह, तकनीकी शाखा की टीम तथा सशस्त्र बलों की विशेष भूमिका रही। इस घटना के सफल उद्भेदन के साथ ही गोड्डा जिले की पुलिस ने यह संदेश दिया है कि कोई भी अपराधी कानून से बच नहीं सकता और अपराध करने वालों को शीघ्र ही उनके कृत्यों का परिणाम भुगतना होगा। पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और नागरिकों में विश्वास बनाए रखने के लिए पुलिस इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करती रहेगी।

# लंबे समय से फरार चल रहे गैरजमानती वारंटी को पुलिस ने दबोचा, जेल

निज संवाददाता | ठाकुरगंगटी



पुलिस ने एक बार फिर कानून की पकड़ से लंबे समय से बचते फिर रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के हवाले किया है। ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र अंतर्गत दोगाछी गांव निवासी 52 वर्षीय प्रकाश रविदास को सोमवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दबोच लिया। गिरफ्तार प्रकाश रविदास कांड संख्या 1875/2024 में गैरजमानती वारंटी था, जो लंबे समय से फरार चल रहा था। प्रकाश रविदास की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस काफी समय से प्रयासरत थी। थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में लगातार छापेमारी की जा रही थी, पर अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर हर बार फरार हो जाता था। आखिरकार सोमवार को पुलिस को सफलता मिली जब गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी ने एक टीम गठित कर दोगाछी गांव में छापेमारी की। पुलिस बल की सजगता और तत्परता से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को ठाकुरगंगटी थाना लाया गया, जहां उससे पूछताछ और कागजी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके पश्चात अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में गोड्डा जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि फरार अभियुक्तों के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है और किसी को भी कानून से ऊपर नहीं समझा जाएगा। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने तथा न्यायिक प्रक्रिया को गति देने के लिए ऐसे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी प्राथमिकता में शामिल है।

# बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ़ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम का किया गया आयोजन




निज संवाददाता | बोकारो

मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2025 के अप्रैल माह के लिए बोकारो स्टील प्लांट के "बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ़ द मंथ अवॉर्ड" कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल आठ (08) कर्मचारियों को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरन के साथ संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित वरीय अधिकारी तथा पुरस्कार प्राप्त करने वाले कार्मिक तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरन ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार का भी काफी योगदान है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने रोज़ के कार्यों के अलावा नित नई चुनौतियों को स्वीकार कर उनका समाधान खोजना चाहिए तथा विकास की गति को बनाये रखना चाहिए। विश्व इस्पात बाजार एक कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है और आप सभी के योगदान से हम लोग इस चुनौती को पार करेंगें और बोकारो स्टील प्लांट को एक नयी ऊँचाई तक ले जायेंगे। कार्यक्रम का सञ्चालन तथा धन्यवाद ज्ञापन सुसिबिल सिंह, सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) के द्वारा किया गया।

## 108 एंबुलेंस कर्मचारी संघ ने बकाया वेतन लेकर सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा

**दुमका (नि.सं.)**। जिले के 108 एंबुलेंस कर्मचारी संघ ने बकाया वेतन एवं अन्य समस्याओं को लेकर दुमका के सिविल सर्जन से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। वही वेतन नहीं मिलने पर अस्पताल प्रशासन खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारी संघ के सदस्यों ने बताया कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है और उनकी अन्य मांगें भी पूरी नहीं की जा रही हैं। संघ के सदस्यों ने बताया कि दुमका जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा के कर्मचारियों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। विभिन्न कंपनियों द्वारा इन कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है और उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती हैं तो वे 30 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। कर्मचारी संघ ने सरकार से मांग की है कि वह कंपनियों को निर्देश दे कि वे कर्मचारियों की मांगों को पूरा करें।

# 11 योग्य आरक्षियों को हवलदार की कोटि में हुई प्रोन्नति

निज संवाददाता | गोड्डा



गोड्डा जिला पुलिस बल के लिए 26 मई 2025 का दिन एक खास उपलब्धि लेकर आया, जब जिले के 11 योग्य आरक्षियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं एवं योग्यता के आधार पर हवलदार के पद पर प्रोन्नत किया गया। यह प्रोन्नति झारखंड पुलिस मुख्यालय, रांची से प्राप्त निदेशों के आलोक में की गई। इस क्रम में पुलिस उप-महानिरीक्षक, संथाल परगना क्षेत्र, दुमका द्वारा जारी आदेश और जिला स्तर पर निर्गत जिलादेश संख्या- 435/2025 के तहत इन आरक्षियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस केंद्र, गोड्डा में आयोजित एक सादे परंतु गरिमामय समारोह में सभी नवप्रोन्नत आरक्षियों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा औपचारिक रूप से हवलदार का बिल्ला पहनाया गया। इस दौरान पुलिस बल के अधिकारियों और जवानों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अपने साथियों की इस उपलब्धि का स्वागत किया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि यह प्रोन्नति न केवल इन जवानों की निष्ठा और परिश्रम का प्रतिफल है, बल्कि यह अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रेरणा देगी कि निरंतर सेवा, अनुशासन और समर्पण से उन्हें भी आगे बढ़ने का अवसर मिल सकता है।

अधिकारियों ने नवप्रोन्नत हवलदारों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे अपेक्षा जताई कि वे अब पहले से अधिक जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और नेतृत्व क्षमता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर जिला पुलिस बल के कई वरीय अधिकारी, पुलिसकर्मी और उनके परिजन उपस्थित रहे। पूरा वातावरण गर्व और उत्साह से भरा हुआ था। यह प्रोन्नति समारोह न केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया थी, बल्कि यह पुलिस बल में सकारात्मक मनोबल और कर्मठता को प्रोत्साहित करने वाला एक प्रतीकात्मक अवसर भी बन गया।

# पल्सर बाइक एवं कंटेनर की भिड़ंत में दो गंभीर रूप से जख्मी

**दुमका (नि.सं.)**। दुमका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसलिया के पास सोमवार सुबह सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत सदर अस्पताल दुमका रेफर कर दिया। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पलासी गांव के सनातन किस्कू अपने पल्सर बाइक में गांव के ही अदालत राणा को बैठाकर मसलिया की और से अपने घर पलासी जा रहा था।इसी दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास मोड में दुमका की ओर से आ रही कंटेनर से टकरा गया। जिसमें सड़क पर ही गिर जाने से बाइक के अगले चक्का के ऊपर एवं बाइक चालक के पैर के ऊपर कंटेनर का चक्का चढ़ गया। इस दुर्घटना बाइक में सवार दोनों के पैर एवं हाथ टूट गया। दोनों की स्थिति गंभीर बताया जा रहा है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार कंटेनर के चालक तेज गति से कंटेनर को चलाते हुए आ रहा था। मोड़ होने के कारण आगे की रास्ता दिखाई नहीं पड़ रहा था। इधर बाइक चालक भी कंटेनर को देख नहीं पाया। जिस कारण दुर्घटना घाटी। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे के कई लाइन होटल में देशी दारू पीने के चालक रुकते है। दारू पीकर नशा में वाहन चलाने के कारण सड़क पर चलने वाले इसका शिकार होते है। इसके पूर्व भी चार बार इस मोड़ पर दुर्घटना घट चुका है। जिसमें दो आदमी के जान भी जा चुका है।

# नवविवाहिताओं ने की वट सावित्री पूजा

निज संवाददाता | महागामा



प्रखंड के हनवारा क्षेत्र में वट सावित्री व्रत परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं सुहागिनों ने सुबह से ही व्रत की तैयारियां शुरू कर दी थीं और वट वृक्ष की विधिवत पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। विशेष रूप से नवविवाहिताओं में इस पर्व को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। हिंदू पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या को वट सावित्री व्रत किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश- तीनों देवताओं का वास होता है। यही नहीं, पौराणिक कथा के अनुसार, इसी वट वृक्ष के नीचे यमराज ने सावित्री के दृढ़ संकल्प और भक्ति से प्रसन्न होकर उसके मृत पति सत्यवान को जीवनदान दिया था। शहर की गलियों और बट वृक्षों के आसपास सुबह से ही त्योहार की चहल-पहल नजर आने लगी। नवविवाहिताएं पारंपरिक श्रृंगार में सज- धजकर, हाथों में पूजा की थाली और कलश लेकर वट वृक्ष की परिक्रमा करती नजर आईं। कई महिलाएं घर पर ही वट वृक्ष की टहनी लाकर पूजन करती रहीं। इस अवसर पर महिलाओं ने व्रत कथा का पाठ किया और व्रत की पूर्णता हेतु पूजन सामग्री से विधिवत अनुष्ठान किए।

त्योहार में विशेष आकर्षण नवविवाहित जोड़े रहे, जिन्होंने पहली बार इस पर्व में भाग लेकर अपने वैवाहिक जीवन की सुख-शांति और पति की आयु की कामना की। पान, सुपारी, रोली, मौली, लाल चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर और अन्य सुहाग सामग्री से सजकर जब वे वृक्ष के नीचे पहुंचीं, तो दृश्य मानो पौराणिक युग की सावित्री की याद दिला रहा था। कथाओं के अनुसार, राजकुमारी सावित्री का विवाह राजकुमार सत्यवान से हुआ था, जिसे यह श्राप था कि वह शीघ्र ही मृत्यु को प्राप्त होगा। सावित्री ने अपने अडिग प्रेम और दृढ़ निश्चय से यमराज को भी झुका दिया और पति के प्राण वापस ले आईं। इस अमर प्रेम गाथा की स्मृति में ही यह पर्व मनाया जाता है। वहीं नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या में सुहागिनों ने बट वृक्ष की पूजा कर अपने अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से कथा वाचन व भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया।

## जुआ अड्डे पर पुलिस का छापा

**जामताड़ा (नि.सं.)**। जामताड़ा जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेकीपाड़ा गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक निर्माणाधीन मकान में चल रहे जुए के अड्डे पर छापेमारी कर दो जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई मिहिजाम थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई, जिसमें पियालशोला निवासी 33 वर्षीय सलीम अंसारी और 38 वर्षीय निमाय मंडल को ताश के पत्तों और नगद 14 हजार रुपये के साथ पकड़ा गया। दोनों वहीं मौके पर जुआ खेलते पाए गए, जबकि छापेमारी की भनक लगते ही वहां मौजूद अन्य छह जुआरी भागने में सफल रहे। पुलिस ने घटनास्थल से सभी बरामद सामग्रियों को जब्त कर लिया है और फरार आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की गतिविधियां लंबे समय से संदिग्ध थीं और ये लगातार स्थान बदल-बदल कर जुआ खेलते और खिलवाते थे। इस मामले में कई बार शिकायतें भी मिली थीं, जिनके आधार पर सतर्कता रखी जा रही थी।

# लूट और रंगदारी की योजना बनाते सात अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता | लातेहार



लातेहार पुलिस ने आपराधिक गिरोहों पर शिकंजा कसते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के पन्नाटांड़ जंगल से पुलिस ने कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के सात सक्रिय सदस्यों को हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के बाद शुरू की गई। सूचना के अनुसार, अपराधी गिरोह के सदस्य अमझरिया कैंप के पास इकट्ठा होकर किसी बड़ी लूट और रंगदारी की योजना बना रहे थे। सूचना मिलते ही लातेहार के एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया और जंगल में रणनीतिक तरीके से घेराबंदी कर सभी अपराधियों को मौके पर ही दबोच लिया गया। पुलिस की इस सघन कार्रवाई में अपराधियों को किसी प्रकार भागने का अवसर नहीं मिला। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान रोहित कुमार, कुंदन तूरी, विशाल लोहरा, शुभम लोहरा, प्रमोद लोहरा, विक्रांत सिंह और विनय गुप्ता के रूप में की गई है। ये सभी लातेहार, चंदवा और बालूमाथ के निवासी बताए जा रहे हैं, जिनकी उम्र 20 से 26 वर्ष के बीच है और जो लंबे समय से लूट, रंगदारी व फायरिंग जैसी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने इनके पास से एक देशी पिस्तौल, 19 जिंदा कारतूस, आठ मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस ने सभी मोबाइलों को जब्त कर उनकी तकनीकी जांच शुरू कर दी है ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों, संपर्क सूत्रों और संभावित षड्यंत्रों का पता लगाया जा सके। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अपराधियों ने कई अहम खुलासे किए हैं। पुलिस के अनुसार, 9 मई को बोरसीदाग में पीआरए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सड़क निर्माण साइट पर मजदूरों पर की गई फायरिंग इन्हीं अपराधियों द्वारा की गई थी। इसके अलावा, 15 मई को एमजी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की साइट पर लेवी की मांग को लेकर गोलीबारी की गई थी। दोनों घटनाएं राहुल सिंह और जेल में बंद कुख्यात अपराधी बजरंगी उर्फ दीपक मेहता के निर्देश पर अंजाम दी गईं। इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने में एसडीपीओ अरविंद कुमार के साथ चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक भवेश यादव, ललन कुमार, सहायक निरीक्षक अनोज कुमार ओझा, मनोज कुमार दुबे और सैट-44 के सशस्त्र बलों की अहम भूमिका रही। सभी ने समन्वय के साथ जंगल में घेराबंदी कर अपराधियों को गिरफ्त में लिया। पुलिस अब इस गैंग के आर्थिक स्रोतों और फंडिंग नेटवर्क की भी गहराई से जांच कर रही है, ताकि इसके संचालन की पूरी श्रृंखला को ध्वस्त किया जा सके। इस सफलता को लेकर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और जिले को अपराधमुक्त बनाने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। लातेहार पुलिस की यह कार्रवाई न केवल एक बड़ी आपराधिक साजिश को नाकाम करने में कामयाब रही, बल्कि आमजन में सुरक्षा और विश्वास का भाव भी पुनर्स्थापित करने में सहायक साबित हुई है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# बेनकाब होगा पाक

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचों को नष्ट करने के बाद अब समय है इस्लामाबाद की हकीकत और भारत के बदले रुख से दुनिया को वाकिफ कराने का। पाकिस्तान तब तक अपनी हरकतों से बाज नहीं आएगा, जब तक उसे कुछ देशों का समर्थन मिलता रहेगा। इस समर्थन को कूटनीति के जरिये ही खत्म किया जा सकता है।पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश को आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर किया है। अभी तक पाकिस्तान अपनी करतूतों को परमाणु बम की ओट में छिपाता रहा था, लेकिन नई दिल्ली ने साफ चेतावनी दे दी है कि यह धमकी अब नहीं चलेगी। अगर पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों की आड़ में भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश की, तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत का न्यू नॉर्मल है और दुनिया को पता होना चाहिए कि पाकिस्तान की टेरर पॉलिसी के चलते यह नौबत आई है। अपने यहां मौजूद आतंकी ढांचों पर एक्शन तो दूर, पाकिस्तान ने उन्हें हमेशा बचाने की कोशिश की। ये अड्डे हिंदुस्तान और बाकी दुनिया के लिए भी बड़ा खतरा बने हुए थे।पाकिस्तान ने संघर्ष को भड़काने के लिए खूब झूठ फैलाया। उसका यह चेहरा बेनकाब करने की जरूरत है कि भारत से टक्कर की चाहत में वह अपने नागरिकों को भी ढाल बना लेता है, और नई दिल्ली की लड़ाई आम लोगों से नहीं बल्कि आतंकियों और उनके आकाओं से है। हिंदुस्तान ने सिंधु जल संधि को इसलिए निलंबित किया, क्योंकि एक तो इस ट्रीटी में भारतीय हितों का ख्याल नहीं रखा गया था और दूसरे, पाकिस्तान ने कभी पड़ोसी धर्म नहीं निभाया। पाकिस्तान को पानी पर सहानुभूति बटोरने का मौका नहीं मिलना चाहिए।पाकिस्तान बार-बार दुस्साहस इसलिए कर पाता है, क्योंकि उसे चीन और तुर्किये जैसे देशों से मदद मिल जाती है। इस बार भी इन दोनों मुल्कों ने अपने निहित स्वार्थ के चलते पाकिस्तान को सपोर्ट किया। भारत की कूटनीतिक पहल से दोनों देशों पर दबाव पड़ेगा और दूसरे देश भी पड़ोसी मुल्क की सच्चाई से वाकिफ होंगे।सरकार ने सातों डेलिगेशन में सभी दलों के प्रतिनिधियों को शामिल किया है। यह दिखाता है कि राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर राष्ट्रीय हित के मसले पर पूरा देश एक है - आतंकवाद से लड़ाई में सरकार को सभी का समर्थन हासिल है। भारत की एकजुटता संदेश है और चेतावनी भी कि पाकिस्तान से सीमापार आतंक का सच हम सभी देशों के सामने लाने को प्रतिबद्ध हैं।

# हाशिये की आवाज को मिला अंतरर्राष्ट्रीयमंच

बानू मुश्ताक के कन्नड़ भाषा में लिखे गए कहानी संग्रह 'हृदय दीप' के अनूदित संस्करण 'हार्ट लैंप' को अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिलने से एक बार फिर यह सिद्ध हुआ है कि भारतीय साहित्य का फलक बड़ा है। इस पुरस्कार ने लेखिका की जिंदगी और उनके साहित्य को दुनिया के सामने रखा है। दरअसल, बानू मुश्ताक ने पितृसत्तात्मक समाज में संघर्ष कर रही लाखों महिलाओं की पीड़ा को अपनी कहानियों में उकेरा है। अपनी कहानियों में दर्ज उन्हीं महिलाओं को पुरस्कार समर्पित करते हुए उन्होंने कहा भी है कि यह केवल उनकी जीत नहीं, बल्कि उन अनसुनी आवाजों का समवेत स्वर है, जिसे प्राय~ दबा दिया जाता है। वकील और सामाजिक कार्यकर्ता बानू रूढ़िवाद के खिलाफ हमेशा मुखर रही हैं। यह उनके लेखन में स्पष्ट दिखता है। वे सामाजिक मुद्दे प्रमुखता से उठाती रही हैं। उनकी कहानियों में परंपरा और लोकभाषा जीवंत हो उठती है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों से साहित्य रचा है। इसलिए उनमें कल्पना के साथ तीखी सच्चाई है। उनका मानना है कि आज की बंटी हुई दुनिया में साहित्य एक ऐसी पवित्र जगह है, जहां हम कुछ देर के लिए ही सही, लेकिन एक दूसरे की भावना और जीवन को महसूस कर सकते हैं। लेखिका की यह भावना दुनिया से गुम हो रही संवेदना को बचाने की कोशिश है। जाहिर है, अब 'हार्ट लैंप' को बुकर पुरस्कार मिलना वैश्विक फलक पर भारतीय भाषाओं को अपनी पहचान स्थापित करने के रास्ते को और आसान बनाएगा। क्षेत्रीय भाषाओं में रचे जा रहे साहित्य को नए पाठक भी मिलेंगे।

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती

(ललित गर्ग)

> **जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे।**

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है।

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है।

अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। 'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वच्छन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा। आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं।

इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं।

# समृद्ध विरासत और गौरव का दर्शन कराता है मध्यप्रदेश का पर्यटन

(लोकेन्द्र सिंह राजपूत)

वर्तमान में यूनेस्को की 'विश्व विरासत' की सूची में मध्यप्रदेश के चार स्थल है- बुद्ध का सन्देश देते साँची के स्तूप, प्रागैतिहासिक सभ्यता के चिन्ह भीमबेटिका, सौंदर्य के साक्षी खजुराहो के साथ त्यागमय संस्कृति का प्रतीक ओरछा। ये चारों ही स्थान विदेशी पर्यटकों को लुभाते हैं। भारत का हृदय 'मध्यप्रदेश' अपनी नैसर्गिक सुन्दरता, आध्यात्मिक ऊर्जा और समृद्ध विरासत के चलते सदियों से यात्रियों को आकर्षित करता रहा है।

आत्मा को सुख देनेवाली प्रकृति, गौरव की अनुभूति करानेवाली धरोहर, रोमांच बढ़ानेवाला वन्य जीवन और विश्वास जगानेवाला अध्यात्म, इन सबका मेल मध्यप्रदेश को भारत के अन्य राज्यों से अलग पहचान देता है। इस प्रदेश में प्रत्येक श्रेणी के पर्यटकों के लिए कई चुम्बकीय स्थल हैं, जो उन्हें बरबस ही अपनी ओर खींच लेते हैं। यह प्रदेश उस बड़े हृदय के मेजबान की तरह है, जो किसी भी अतिथि को निराश नहीं करता है।

वैभव की इस भूमि पर पराक्रम की गाथाएं सुनाते और आसमान का मुख चूमते दुर्ग हैं। भारत का जिब्राल्टर 'ग्वालियर का किला', महेश्वर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का राजमहल, मांडू का जहाज महल, दतिया में सतखंडा महल, रायसेन का दुर्ग, दुर्गावती का मदन महल, जलमग्न रहनेवाला रानी कमलापति का महल और गिन्नौरगढ़ सहित अनेक किले हैं, जो मध्यप्रदेश के स्थापत्य की विविधता का बखान करते हैं। देवों के चरण भी इस धरा पर पड़े हैं। उज्जैन, जहाँ योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण पढ़े। चित्रकूट, जहाँ प्रभु श्रीराम माता सीता और भ्राता लखन सहित वनवास में रहे। ओंकारेश्वर, जहाँ आदि जगद्गुरु शंकराचार्य ने आचार्य गोविन्द भगवत्पाद से दीक्षा ली। मध्यप्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग- महाकाल और ओंकारेश्वर हैं। इसके साथ ही भगवान शिव ने कैलाश और काशी के बाद अमरकंटक को परिवार सहित रहने के लिए चुना है। एक ओर जहाँ द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण प्रतिवर्ष मुरैना में आकर ढ़ाई दिन रहते हैं तो वहीं ओरछा में राजा राम का शासन है। महारानी कुंवर गणेश के पीछे-पीछे श्रीराम अयोध्या से ओरछा तक चले आये थे। ओरछा राजाराम के मंदिर के लिए ही नहीं, अपितु अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है।

मध्यप्रदेश अपने वनों के लिए भी प्रसिद्ध है। सतपुड़ा के घने जंगल का तो अद्भुत वर्णन कवि भवानी प्रसाद मिश्र की कविता में आता ही है। चम्बल के भरकों से लेकर कटनी, उमरिया और जबलपुर से लगा शाहडार का जंगल भी रोमांचक यात्राओं का ठिकाना है। मेकल पर्वत पर सदानीरा माँ नर्मदा का उद्गम स्थल ही नहीं, अपितु वहां का सघन वन भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। मध्यप्रदेश भारत का इकलौता राज्य है जहाँ सर्वाधिक 12 राष्ट्रीय उद्यान हैं। कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, शिवपुरी, पन्ना और कई अन्य राष्ट्रीय उद्यान लोगों को वन्य जीवन को देखने का दुर्लभ, रोमांचपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। मध्यप्रदेश सफ़ेद बाघ 'मोहन' का ही घर नहीं है, अपितु यह रहस्य और कौतुहल बढ़ानेवाले बालक 'मोगली' का भी जन्मस्थान है। सर विलियम हेनरी स्लीमन ने 'एन एकाउंट ऑफ वाल्वस नरचरिंग चिल्ड्रन इन देयर डेन्स' शीर्षक से लिखे अपने एक दस्तावेज में उल्लेख किया है कि मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के जंगल (पेंच टाइगर रिजर्व) में मोगली का घर था। वाइल्डलाइफ पर्यटन मध्यप्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाता है। वन्य जीवों के संरक्षण के कारण मध्यप्रदेश के पास 'टाइगर स्टेट' के साथ ही 'द लेपर्ड स्टेट' और 'घड़ियाल स्टेट' का दर्जा भी है। बाघ देखने के लिए न केवल देशभर से बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से भी लोग मध्यप्रदेश में आते हैं। भिंड और मुरैना के समीप स्थित चम्बल सफारी तो घडियाल संरक्षण का बड़ा केंद्र बन गई है। कभी डाकुओं के लिए कुख्यात रहे चम्बल के बीहड़ अब डोल्फिन के लिए प्रसिद्ध हैं। भारत में गंगा के बाद सबसे अधिक डोल्फिन चम्बल सफारी में पाए जाते हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5743

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 4 | | 6 | | |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| 1 | | | | | 3 | | 4 | 5 |
| 5 | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | 4 | 8 | | 5 | 9 | | |
| | | 1 | | 6 | | | 5 | 2 |
| 6 | 9 | | 5 | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | 9 | 6 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5742

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 |

## वर्ग पहेली 5743




**संकेतः बाएं से दाएं**
1. यह हमारा राष्ट्रीय वृक्ष है (4)
5. शरीर के अंगों के जोड़ संबंधी एक रोग (3)
8. पैर का आघात, पैरों से कुचलने की क्रिया (5)
10. गहरा दुख, शोक (2)
11. यदि ऐसा न होगा, विवाह के समय वधू का वर को अंगीकार करना (3)
13. उरस्थल को यह कहा जाता है (2)
15. जीवयुक्त, जीवित, जीवधारी (3)
17. जो रिश्तें में माता के भाई हो, मातुल (2)
19. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय जो देव और दानव दोनों को प्रिय था (2)
20. एक प्रकार का हास्य रस प्रधान रूपक (4)
21. निष्पत्ति, समाधान, निराकरण (2)
22. दीवानी अदालत का अभियोग, नालिश , अधिकार, स्वामित्व (2)
23. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
24. कपि, बंदर (3)
25. किसी के अपेक्षा और अधिक अच्छा (4)

**ऊपर से नीचे**
1. बलवीर, बलभद्र, सीरायुक्ष, बलदेव (4)
2. ध्यानमग्न, प्रवृत्तिशील, मनोयोग से काम में लगा हुआ (2)
3. संगीत का विशेष कंपन, महक, सुगंध (3)
4. दुख, तकलीफ, कष्ट (3)
6. बौना, छोटे कद का (3)
7. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)
9. नई जिंदगी, नया जीवन (5)
12. आवाज, शब्द, शोरगुल (2)
14. क्षमादान करने की क्रिया या भाव (5)
16. सांवले रंग का (3)
18. प्रतिमास, प्रति महीने में (4)
19. संग, साथ, संगत (4)
23. पथ, मार्ग, रास्ता (2)

### वर्ग पहेली 5742 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | य | न | ला | रा | | ला | |
| जी | | ख | | शि | का | य | त |
| ल | ह | रा | ना | | फि | क | रा |
| | ठ | | क | म | ला | | श |
| वि | | ह | की | म | | घा | ना |
| प्र | ति | वा | सी | | मू | ल | |
| | र | | ध | नु | | मे | ला |
| ग | प | | में | | पा | ल | ना |

# आज का राशिफल

### मेष
आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा और आप भावनात्मक रूप से मजबूत होंगे। ऑफिस में यदि अतिरिक्त समय देना पड़े तो चिंता न करें, घर की ओर से पूरा समर्थन रहेगा। आपके प्रफेशनल नेटवर्क में कोई प्रभावशाली व्यक्ति आपकी मेहनत से प्रभावित होकर आपको प्रमोशन या नए प्रॉजेक्ट के लिए नामित कर सकता है।

### वृष
आज तरक्की के योग बन रहे हैं। दिन ऊर्जा और जोश से भरा है। कार्यस्थल पर आप जो भी काम उत्साहपूर्वक करेंगे, उसमें सफलता निश्चित है। सरकारी नौकरी वालों को कोई महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हो सकती है। पुराने निवेशों से रिटर्न मिलने की संभावना है और अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

### मिथुन
आज ऑफिस में टीमवर्क और लीडरशिप सभी को प्रभावित करेगी। आप अपने साथियों का भरोसा जीतने में सफल रहेंगे। यदि कोई कानूनी विवाद या सरकारी अड़चन लंबे समय से चल रही थी, तो उसका समाधान निकल सकता है।

### तुला
ऑफिस में अकाउंट्स या दस्तावेज़ से जुड़े किसी काम में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी, इसलिए उन्हें पहले से तैयार रखें। अपने कर्मचारियों से अच्छा व्यवहार करने से उनका सहयोग मिलेगा, जिससे आपकी कार्य क्षमता और प्रतिष्ठा दोनों बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी और छोटे निवेश से लाभ हो सकता है।

### वृश्चिक
आज अपने इनोवेटिव आइडियाज को लागू करने का अवसर मिलेगा। यदि आप मीडिया, राजनीति या पब्लिक रिलेशन से जुड़े हैं, तो नए कॉन्टैक्ट बन सकते हैं। बिजनस में किसी क्लाइंट के साथ डील फाइनल करते वक्त रिश्तों की अहमियत समझें। हर बार पैसों का नफा नुकसान ही सब कुछ नहीं होता।

### धनु
आज किसी खुशखबरी के आने की पूरी संभावना है। शायद कोई इंटरव्यू कॉल या नया बिजनस प्रपोज़ल। छोटी यात्रा से आपको नए कॉन्टैक्ट्स मिल सकते हैं, जो करियर और बिजनस दोनों के लिए लाभदायक रहेंगे। अगर आप सेल्स या मार्केटिंग में हैं तो बड़ी डील हो सकती है। कार्यस्थल पर आपकी बातों को गंभीरता से लिया जाएगा।

### कर्क
आज फाइनेंस से जुड़े अहम निर्णय लेने के लिए दिन सर्वोत्तम है, क्योंकि आने वाले दिनों में समय की कमी रहेगी। बैंक या टैक्स से जुड़े किसी दस्तावेज़ पर साइन करने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लें। घर में शुभ कार्य की योजना बन सकती है जिससे खर्चे बढ़ सकते हैं, लेकिन परिवार में खुशहाली बनी रहेगी।

### सिंह
धार्मिक और आत्मिक ऊर्जा आपको सकारात्मक बनाएगी, जिससे आपके निर्णयों में स्थिरता आएगी। कार्यक्षेत्र में आप किसी बौद्धिक या क्रिएटिव प्रॉजेक्ट को सफलतापूर्वक संभाल सकते हैं। बिजनस में कोई बड़ी डील आपकी शर्तों पर फाइनल हो सकती है, जिससे आर्थिक लाभ मिलेगा।

### कन्या
आज रचनात्मकता चरम पर होगी। यदि आप आर्ट, डिजाइन, राइटिंग या सोशल मीडिया से जुड़े हैं तो दिन कुछ नया और लाभदायक आरंभ करने के लिए उत्तम है। पैसे की थोड़ी तंगी हो सकती है, पर शाम तक कोई आर्थिक सहायता या बकाया मिल सकता है।

### मकर
आपके सामने कार्यभार अधिक रहेगा, लेकिन साथ ही उनमें सफलता की भी संभावना प्रबल है। किसी लंबे समय से रुके हुए प्रॉजेक्ट को आप पूरी कुशलता से अंजाम देंगे। आत्मविश्वास और अनुभव का सही उपयोग आपको नेतृत्व की ओर ले जा सकता है। नौकरीपेशा लोगों को उच्चाधिकारियों से प्रशंसा या रिवॉर्ड मिल सकता है।

घर के जरूरी कामों में अधिक समय लग सकता है, लेकिन करियर को लेकर भी आपको सजग रहना चाहिए। यदि आप लीगल या डॉक्यूमेंटेशन से जुड़े हैं तो किसी पेपर पर हस्ताक्षर करने से पहले पूरा विवरण पढ़ना जरूरी होगा। कोई पुराना ऑफिशल काम अचानक याद आ सकता है। निवेश या किसी आर्थिक योजना को स्थगित करना बेहतर रहेगा।

### मीन
आज दिन थोड़ा सा उलझन भरा साबित हो सकता है। सुबह थोड़ी सुस्ती या मानसिक उलझन रह सकती है, लेकिन जैसे-जैसे दिन बढ़ेगा आप बेहतर महसूस करेंगे। ऑफिस में किसी प्रेजेंटेशन या एनालिसिस से जुड़ा काम आपकी प्रतिभा को उजागर करेगा। किसी बड़ी डील को अभी फाइनल करने की बजाए कुछ दिन का समय लेना बेहतर रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### अंबे माइनिंग : सीएचपी के जर्जर हॉपर को किया गया डिसमेंटल

**धनबाद, एजेंसी।** बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र के बेनीडीह मेन साइडिंग स्थित आउटसोर्सिंग कंपनी अंबे माइनिंग के जर्जर फिडर ब्रेकर (सीएचपी) के हॉपर को रविवार को सुबह साढ़े सात बजे डिसमेंटल किया गया। इस दौरान जोरदार आवाज के साथ हॉपर धराशायी होने से साइडिंग में अफरा-तफरी मच गयी। मजदूर इसे दुर्घटना बताते हुए वीडियो वायरल कर दिया। सूचना पाकर बीसीसीएल के सेफ्टी अधिकारी पहुंचे। वहां लोगों की भीड़ जुट गयी। बाद में अंबे कंपनी ने मजदूरों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। कंपनी के पीओ शंभु पासवान ने बताया कि यह दुर्घटना नहीं है। बल्कि हॉपर को डिसमेंटल किया गया है। उन्होंने बताया कि सीएचपी का हॉपर जर्जर होने के कारण उसे डिसमेंटल किया गया। अब आठ हजार क्षमता का नया हॉपर बनाया जायेगा। एक माह में नया हॉपर का निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा।

### झारखंड में डॉग लवर्स के लिए बुरी खबर, खतरनाक नस्लों के कुत्तों पर बैन,

**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखंड सरकार ने कई खतरनाक कुत्ते का पालन, खरीद, बिक्री और प्रजनन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। जानकारी देते हुए जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुधाकर मुंडा ने बताया कि सरकार ने पिटबुल, राटविलर व डोगो अर्जेंटीनो जैसी खतरनाक कुत्तों की नस्लों के पालन, बिक्री और प्रजनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। झारखंड सरकार ने राज्य में कुत्ते पालने से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किए है। राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति बिना अनुमति ऐसे नस्ल के कुत्तों का पालन करता है या उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर लापरवाही से घुमाता है, तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर पालतू जानवर को जब्त कर उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जो लोग इसको पाल रहे हैं, उनको जिम्मेदारी लेनी ही होगी। अगर ऐसे कुत्तों के पालकों की जानकारी होती है तो फिर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कोडरमा में हाथी का कहर, महिला को कुचला: मॉर्निंग वॉक पर निकली थी

**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा जिले में हाथियों का आतंक जारी है। जयनगर थाना क्षेत्र के कोसमाडीह गांव में एक और घटना सामने आई है। सुबह 4:30 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकली 55 वर्षीय अनिता देवी को हाथी ने कुचल दिया। अनिता देवी छोटू लाल यादव की पत्नी थीं। मृतका के पुत्र दिनेश यादव ने बताया कि उनकी मां को रास्ते में हाथी दिख गया। वह भागने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन सफल नहीं हो पाईं। स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर हाथी वहां से भाग गया। इससे पहले 13 मई को जयनगर थाना क्षेत्र के सतडीहा गांव में एक और घटना हुई थी। शादी समारोह से लौट रहे 62 वर्षीय एक व्यक्ति को हाथी ने कुचल दिया था। इस तरह 15 दिनों में हाथियों ने दो लोगों की जान ले ली है। क्षेत्र में हाथियों का झुंड पहले से ही किसानों की फसलें नष्ट कर रहा था। लोगों के घरों में रखे अनाज को भी बर्बाद कर रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग हाथियों को भगाने में असफल रहा है। परिजन वन विभाग से मुआवजे की मांग कर रहे हैं। साथ ही हाथियों के झुंड को इस क्षेत्र से बाहर निकालने की मांग भी कर रहे हैं।

### झामुमो प्रखंड सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक

**चाईबासा, एजेंसी।** रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नोवामुंडी प्रखंड सम्मेलन के स्वागत एवं सम्मान समारोह को लेकर तैयारियां ज़ोरों पर हैं। इसी को लेकर शुक्रवार को कावेरी क्लब, नोवामुंडी में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता झामुमो नोवामुंडी प्रखंड समिति के अध्यक्ष आदरणीय दुर्गा चरण देवगम ने की। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, मेहमानों के स्वागत की व्यवस्था, स्थान सज्जा, मंच संचालन और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। तैयारी बैठक में झामुमो के कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें बिपिन पूर्ति, रिमू बहादुर, रामा पाण्डेय, आनंद सिंह, जय राम गोप, कामरान रजा, अमीर अंसारी, सोनू हरिवंश, सावन पान, और रितेश प्रमुख रूप से शामिल थे।

# सदर अस्पताल में गायब रहे डॉक्टर, मुर्दे को मृत घोषित करने में लगे 4 घंटे

**गढ़वा, एजेंसी।** सदर अस्पताल में चिकित्सकों की मनमानी चरम पर है। अब यहां मुर्दे को भी मृत घोषित किए जाने के लिए इंतजार करना पड़ता है।

यह स्थिति एक दिन की नहीं है। अब हर रोज इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, जब चिकित्सक अक्सर ही ड्यूटी में देर से आते हैं और ओपीडी या इमरजेंसी ड्यूटी छोड़कर निर्धारित समय से पहले ही चले जाते हैं। सदर अस्पताल की व्यवस्था के लिए जिम्मेदार उपाधीक्षक डॉ. हरेन चंद्र महतो एवं अस्पताल प्रबंधक सुनील मणि त्रिपाठी भी अक्सर ही गायब रहते हैं। इससे आए दिन यहां इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ताज्जुब की बात यह है कि सदर अस्पताल की लचर स्थिति से अवगत होते हुए भी सिविल सर्जन एवं जिला प्रशासन इस पर कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुए है।

इससे ड्यूटी छोड़ कर फरार रहने वाले चिकित्सक, चिकित्सा कर्मियों, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक का मनोबल बढ़ा हुआ है और ये लोग हर दिन सिविल सर्जन एवं जिला प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे हैं। रविवार की सुबह में भी कुछ ऐसी ही स्थिति सामने आई, जब सदर अस्पताल में सुबह सात बजे से 10:30 बजे तक कोई भी चिकित्सक ड्यूटी में नहीं था।

इस दौरान इमरजेंसी में इलाज कराने आए मरीजों को परेशानी हुई और मरीजों के स्वजनों ने हंगामा भी किया। इस दौरान सुबह साढ़े छह बजे से एक सहायक पुलिस कर्मी को लेकर आए उसके स्वजनों एवं पुलिस कर्मी पहुंचे थे। हालांकि, उसकी मौत हो चुकी थी, लेकिन उसे मृत घोषित करने के लिए



सदर अस्पताल में कोई चिकित्सक ड्यूटी में मौजूद ही नहीं था। इससे परेशान होकर पुलिस कर्मियों ने अधिकारियों को मोबाइल फोन पर जानकारी दी। तब जाकर सुबह साढ़े दस बजे सदर अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी में चिकित्सक आए और सहायक पुलिस कर्मी को मृत घोषित किया।

### क्या है पूरा मामला

मझिआंव थाना क्षेत्र के मोरबे गांव निवासी सहायक पुलिस कर्मी 29 वर्षीय निरंजन कुमार गुप्ता पिता कृष्णा गुप्ता केतार थाना में पदस्थापित थे। वहीं कुछ दिन पहले उनका ब्रेन हेमरेज हो गया। इसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर ले जाया गया। वहां इलाज चल रहा था। लेकिन स्थिति गंभीर होने पर रायपुर से रेफर कर दिया गया। तब उसके स्वजन रांची लेकर जा रहे थे। स्वजनों के अनुसार रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद उसे लेकर रविवार की सुबह में सदर अस्पताल आए। उसकी मौत की खबर सुनकर पुलिस एसोसिएशन गढ़वा के अध्यक्ष रवि कुशवाहा, उपाध्यक्ष राजू कुमार चंद्रवंशी, धीरेंद्र पासवान, दीपक कुमार, श्रीप्रकाश यादव, दिनेश कुमार एवं सहायक पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश कुमार द्विवेदी, पुलिस केंद्र गढ़वा के मेजर संदीप कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी सदर अस्पताल पहुंचे।

पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए सबसे पहले चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित किया जाना चाहिए। लेकिन सदर अस्पताल में कोई चिकित्सक ड्यूटी में मौजूद नहीं था। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक भी गायब थे। पुलिस कर्मियों ने सिविल सर्जन को फोन लगाया, लेकिन सिविल सर्जन का फोन किसी महिला ने उठाया और बोली कि साहब मोबाइल छोड़ कर घुमने निकले हैं। तब पुलिस कर्मियों ने एसडीओ गढ़वा को फोन कर सदर अस्पताल की स्थिति से अवगत कराया और मदद की गुहार लगाई। बताया जा रहा है कि मामला उपायुक्त तक भी पहुंचा। इसके बाद सदर अस्पताल में सुबह 10:30 बजे इमरजेंसी ड्यूटी में चिकित्सक आए और निरंजन कुमार गुप्ता को मृत घोषित किया। इसके बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरा किया जा सका।

सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. हरेन चंद्र महतो एवं अस्पताल प्रबंधक सुनील मणि त्रिपाठी बिना किसी सूचना के एवं बिना किसी को प्रभार दिए ही गढ़वा से गायब हैं। इस संबंध सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि उपाधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक ने उन्हें या उनके कार्यालय में गढ़वा से बाहर जाने या छुट्टी पर जाने से संबंधित कोई सूचना नहीं दिए हैं। इसे लेकर उनसे शो कॉज किया जा रहा है। ड्यूटी से गायब चिकित्सक, ड्यूटी में देर से आने वाले चिकित्सक, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक के विरूद्ध कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को रिपोर्ट भेजा जा रहा है।

# झारखंड के फिल्म मेकर लाल विजय शाहदेव कोरोना संक्रमित

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के जाने-माने फिल्म निर्माता और झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के सदस्य लाल विजय शाहदेव कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने खुद इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए साझा की है। शाहदेव ने फेसबुक पोस्ट में बताया कि वह इस समय रांची के सेंटेविटा अस्पताल में इलाजरत हैं और पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं। डॉक्टर मोहित नारायण की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

उन्होंने बताया कि 22 मई को जब वे मुंबई से रांची लौट रहे थे, तभी फ्लाइट में उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। रांची पहुंचने के बाद जब उनकी जांच हुई तो रिपोर्ट में वे कोरोना पॉजिटिव निकले। इसके बाद उन्हें तुरंत सेंटेविटा अस्पताल में भर्ती कराया गया। लाल विजय शाहदेव ने लिखा है कि वे झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के सदस्य के रूप में कुछ फिल्मों का प्रिव्यू करने वाले थे, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वे यह कार्य नहीं कर पाए। उन्होंने सभी



लोगों से अपील की है कि जो भी उनके संपर्क में आए हों और जिन्हें सिरदर्द, बदन दर्द, बुखार, खांसी या सर्दी जैसे लक्षण महसूस हो रहे हों, वे तुरंत कोरोना की जांच करवाएं और डॉक्टर से परामर्श लें।

उन्होंने यह भी लिखा कि भारत में अब तक 257 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं और दुर्भाग्यवश वे भी उनमें से एक हो गए हैं। हालांकि उन्होंने विश्वास जताया कि वह जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होकर लौटेंगे। साथ ही, उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और कोरोना के सभी गाइडलाइन्स का पालन करने की अपील की।

# क्यों अटका है बोकारो हवाई अड्डे का काम बीजेपी-जेएमएम के बड़े नेताओं ने बताई अंदर की बात! तेज हुई सियासत

**बोकारो, एजेंसी।** औद्योगिक राजधानी बोकारो के विकास और देश के अन्य हिस्सों से सीधी कनेक्टिविटी के लिहाज़ से बोकारो हवाई अड्डा एक महत्वपूर्ण परियोजना है।

वर्षों से लोग इसके शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह हवाई अड्डा न केवल बोकारो, बल्कि आसपास के जिलों के लाखों लोगों के लिए एक बड़ी सुविधा का जरिया बन सकता है, लेकिन अब यह विषय सियासी टकराव का कारण बनता जा रहा है।

एक ओर भाजपा इसे राज्य सरकार की उदासीनता बता रही है, तो दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) केंद्र और नागरिक उड्डयन एजेंसियों पर अवरोध उत्पन्न करने का आरोप लगा रहा है। झामुमो ने धनबाद सांसद ढुलू महतो पर झूठ बोलने व पूर्व भाजपा विधायक बिरंची नारायण पर काम नहीं करने का आरोप लगाया है।

हवाई अड्डे को लेकर शनिवार को बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने झारखंड राज्य नागरिक विमानन के प्रभारी कैप्टन सुरेन्द्र सिन्हा से मुलाकात की।

उन्होंने कहा कि बोकारो हवाई अड्डे का निर्माण



कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले कुछ कार्य जैसे पर्यावरण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र, एक दमकल वाहन, सुव्यवस्थित एम्बुलेंस, और सतनपुर पहाड़ी पर टावर लाइट की व्यवस्था अब तक नहीं की गई है, जिससे हवाई परिचालन शुरू नहीं हो पा रहा है।

बिरंची नारायण ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केवल राज्य सरकार के छोटे-छोटे कार्यों की वजह से पूरा बोकारो अब भी एयर कनेक्टिविटी से वंचित है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बोकारो हवाई मार्ग से जुड़ी यह जनाकांक्षा को पूरा करने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं और इस मुद्दे पर संघर्ष जारी रहेगा।

कैप्टन सिन्हा ने भी उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही परिचालन शुरू कराने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि बोकारो हवाई मार्ग से जुड़े ये पूरे बोकारो वासियों की जनाकांक्षा है और इसे पूरा करने के लिए वो कृतसंकल्पित हैं।

# कांग्रेस के दिग्गज नेता खूंटी में जुटे, पार्टी को मजबूत करने की दिशा में बनी रणनीति



**खूंटी, एजेंसी।** जिला में कांग्रेस के वरीय पदाधिकारियों का जुटान हुआ और कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के लिए जिला स्तर, मंडल स्तर, पंचायत स्तर और वार्ड स्तर पर अलग अलग बैठकें आयोजित की गईं। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित राज्य के दिग्गज और खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा सहित पार्टी के विधायक मौजूद रहे। खूंटी के परिसदन में सभी नेताओं ने बंद कमरे में बैठक आयोजित कर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलेश केशव महतो ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की उपस्थिति में दो महत्वपूर्ण निर्णय पारित किए गए थे। सबसे पहले कर्नाटक में प्रस्ताव पारित करने के बाद रांची में भी प्रस्ताव पारित किया गया। दो प्रमुख प्रस्तावों में पहला 2025 संगठन सृजन का वर्ष और दूसरा जय बापू, जय भीम और जय संविधान का प्रस्ताव पारित किया गया।

उसी के आलोक में झारखंड में पांच दिवसीय मंथन शिविर का आयोजन भी किया गया। 2025 संगठन सृजन का वर्ष और दूसरा जय बापू, जय भीम और जय संविधान के तहत सभी राज्यों और जिलों में वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला, मंडल, पंचायत और वार्ड स्तर पर अलग अलग चर्चाएं भी की गई।

सभी स्तर के लिए अलग अलग प्रवेक्षकों की नियुक्ति भी की गई है जिससे प्रदेश स्तर से लेकर जिला, मंडल, पंचायत और वार्डों में कांग्रेस सांगठनिक रूप में मजबूती के साथ संगठन बना सके। साथ ही आगामी 26 मई को जनगणना मामले में आदिवासियों के जनगणना के लिए अलग कॉलम निर्धारण मसले पर राजभवन घेराव का कार्यक्रम तय किया गया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनगणना में सभी धर्मों का अलग अलग कॉलम निर्धारित है साथ ही पूर्व में अन्य कॉलम भी होता था लेकिन अब अन्य कॉलम हटा दिया गया है। झारखंड समेत देशभर में आदिवासी प्रकृतियों पूजक हैं उनकी अपनी आस्था है उनके लिए सरना धर्म कोड का कॉलम अवश्य होना चाहिए। अगर केंद्र सरकार आदिवासियों के धर्म को लेकर जनगणना के लिए अलग कॉलम नहीं देती है तो कांग्रेस इस मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद करेगी।

कांग्रेस के कार्यकारी उपाध्यक्ष बंधु तिर्की ने भी कहा कि संगठन सृजन का वर्ष 2025 रखा गया गया। इसके तहत जिला से लेकर पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूती से खड़ा करना है। साथ ही उन्होंने कहा कि खूंटी जिले में अफीम की खेती को लेकर भी कई मामले सामने आए हैं। गांव स्तर पर इन मुद्दों को सुलझाने की जरूरत है।

पेसा कानून नियमावली बनाने को लेकर भी कांग्रेस के वरीय पदाधिकारियों और गांव स्तर पर बैठक आयोजित कर विशेष कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। बंधु तिर्की ने कहा कि आगामी 26 मई को पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अस्तित्व, अस्मिता और पहचान को लेकर महाधरना का आयोजन किया गया है।

# गुमला में बिजली का टूटा तार बना काल: बैलों को लगी करंट, किसान बचाने दौड़ा, चपेट में आने से हुई मौत



**गुमला, एजेंसी।** गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के इटकीरी नावाडीह गांव में रविवार की सुबह करंट लगने से एक किसान और उसके दो बैलों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय बुधमन उरांव के रूप में हुई है। यह हादसा उस समय हुआ जब बुधमन खेत में हल जोतने के लिए बैलों के साथ निकले थे। परिजनों के अनुसार, खेत की ओर जाते समय रास्ते में पहले से टूटा हुआ बिजली का तार पड़ा था। जैसे ही बैल उस तार के संपर्क में आए, वे करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही गिर पड़े। बैलों को तड़पता देख बुधमन उन्हें बचाने दौड़े, लेकिन वे खुद भी करंट की चपेट में आ गए। तीनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

**गांव में पसरा मातम, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल :** घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। मृतक की पत्नी सूरतमुनि देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि पति रोज की तरह खेत में काम करने निकले थे, लेकिन किसे पता था कि यह उनकी आखिरी सुबह होगी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गांव में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण सभी तार जर्जर हालत में हैं। कई जगहों पर तार झूलते हुए जमीन से सटे हैं। ग्रामीणों ने पहले भी इसकी शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा :** घटना की जानकारी मिलते ही घाघरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। बिजली विभाग के एसडीओ करमा उरांव ने बताया कि घटना बेहद दुखद है। पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही गांव के सभी जर्जर तारों की मरम्मत कराई जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# लातेहार में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़: 5 लाख का इनामी मनीष यादव ढेर

**लातेहार, एजेंसी।** लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के करमखाड़ और दौना के बीच जंगल में रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें भाकपा माओवादी के 5 लाख रुपए का इनामी नक्सली कमांडर मनीष यादव को ढेर कर दिया गया है। पुलिस ने मौके से 10 लाख रुपए के इनामी नक्सली कुंदन खेरवार को गिरफ्तार किया है।



**इलाके में चल रहा सर्च अभियान :** मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। पलामू डीआईजी वाईएस रमेश ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मनीष यादव अपने दस्ते के साथ जंगल में घूम रहा था। इसकी सूचना लातेहार पुलिस को मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम गठित कर नक्सलियों की घेराबंदी की गई। पुलिस को देखते ही माओवादियों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में मनीष यादव को मार गिराया गया है। मुठभेड़ के बाद पुलिस की चर्च अभियान जारी है। पुलिस ने मौके से दो ऑटोमैटिक राइफल भी बरामद की है। उन्होंने बताया कि पुलिस के लिए यह बड़ी उपलब्धि है।

**पुलिस को मिल रही है लगातार उपलब्ध :** पुलिस ने लगातार को बड़ी उपलब्धि मिल रही है। दो दिन पहले ही सदर थाना क्षेत्र के ईचाबार जंगल में पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में जेजेएमपी के सुप्रीमो 10 लाख के ईनामी पप्पू लोहरा व 5 लाख के ईनामी प्रभात गंझू को मार गिराया गया था। इसके दो दिन ठीक बाद माओवादियों के आतंक का पर्याय बन मनीष यादव को मार गिराया गया है। जबकि कुख्यात नक्सली कुंदन खरवार को गिरफ्तार किया गया है। इससे स्पष्ट है कि पुलिस ने जिले में एंटी नक्सल अभियान को लेकर तेज कर दी है।

**हिंसक घटनाओं देने के लिए जाना जाता था मनीष यादव :** मारा गया 5 लाख का इनामी मनीष यादव हिंसक घटनाओं देने के लिए जाना जाता था। छोटू खरवार की मृत्यु के बाद महुआडांड़ क्षेत्र में संगठन की कमान मनीष ही चलाता था। महुआडांड के क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों में हिंसक घटनाओं का अंजाम दिया था।

23 में 2025 को भी महुआडांड के चुटिया बेलवार मार्ग में पुलिया निर्माण में कार्य कर रहे हैं मजदूरों के साथ मारपीट की थी। 30 अप्रैल 2025 की रात झारखंड और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर पर स्थित महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ओरसापाट गांव के पास बन रहे सड़क निर्माण कार्य के साइडिंग पर हथियारबंद नक्सलियों ने हमला कर दिया था। कई गाड़ियों में आग लगा दी थी। मुंशी मोहम्मद अयूब की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना में कुंदन खरवार व मनीष यादव के टीम ने ही घटना को अंजाम दिया था। 27 नवंबर 2024 को छिपादोहर के नावाडीह जंगल में भाकपा माओवादी के 18 लाख की इनामी छोटू खरवार की हत्या में मनीष यादव व कुंदन यादव शामिल थे। लेवी व वर्चस्व को लेकर उसकी हत्या की गई थी।

**50 से अधिक नक्सल हमले का आरोपी है मनीष यादव :** मनीष यादव लातेहार पलामू, गढ़वा, चतरा, बिहार के गया और औरंगाबाद में 50 से अधिक नक्सल हमले का आरोपी है। बिहार के इलाके में मनीष यादव सक्रिय था और फिर बाद में वह बूढ़ापहाड़ के इलाके में माओवादियों के दस्ते का सदस्य बन गया था। चर्चित कटिया मुठभेड़, जिसमें सीआरपीएफ जवान के पेट में बम प्लांट किया गया था और 13 जवान शहीद हुए थे। इस घटना का मनीष यादव आरोपी रहा है। 2018-19 में गढ़वा के पोलपोल नक्सल हमला हुआ था, इस हमले में छह जवान शहीद हुए थे। इस घटना का भी मुख्य आरोपी मनीष यादव रहा है।

# झारखंड के प्रवासी मजदूर की गुजरात में संदिग्ध मौत, शव वापस आने पर रो पड़ा पूरा गांव

**ललपनिया, एजेंसी।** झारखंड के एक प्रवासी मजदूर की गुजरात में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। इसके बाद उसके शव को सूरत से गांव पहुंचा दिया गया। शव पहुंचते ही मृतक के गांव में मातम पसर गया। जानकारी के अनुसार, गुजरात के सूरत में बीते शुक्रवार यानी 23 मई को दो मंजिला बिल्डिंग से गिरने के कारण गोमिया के एक प्रवासी मजदूर रेशका हेंब्रम की मौत हो गई। मृतक गोमिया के चतरो चट्टी थाना क्षेत्र के राजडेरवा गांव का रहने वाला है। वह सूरत में सेटरिंग मिस्त्री का काम करता था। वह गुजरात में गोमिया के साथी मजदूर मोहन मुर्मू के साथ रहता था। मोहन ने फोन पर रेशका की मौत की खबर परिवारवालों को दी।

मृतक के साथी मोहन ने बताया कि हम तीन लोग खाना खाने के बाद दो मंजिला बिल्डिंग की छत पर सोने चले गए थे। जब सुबह 4 बजे नींद खुली, तो उसने रेशका हेंब्रम को गायब पाया। इस पर उसने रेशका को ढूंढा। काफी खोजबीन करने पर देखा कि रेशका बिल्डिंग के नीचे गिरा हुआ है। उसने आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी। फिर, उसे लेकर अस्पताल पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने रेशका को मृत घोषित कर दिया।

मोहन ने कहा कि संभावना है कि हमलोग के सो जाने के बाद वह देर रात को शौच के लिए उठ छत के किनारे चला गया और तभी नीचे गिर गया होगा। स्थानीय पुलिस ने उसका पोस्टमॉर्टम कराकर शव हमें सौंप दिया है। रविवार सुबह रेशका का शव रजडेरवा गांव पहुंचा।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब में आंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**होशियारपुर, एजेंसी।** पंजाब के होशियारपुर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर कथित तौर पर थूकने, अपमानजनक टिप्पणी करने और प्रतिमा के निकट संविधान की प्रतिकृति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करने के आरोप में रविवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना यहां बस स्टैंड के पास आंबेडकर चौक पर हुई। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि टैगोर नगर का निवासी आरोपी जगदीप सिंह मथारू उर्फ दीपक कथित तौर पर अपने सिर पर कपड़ा लपेटकर मूर्ति तक जाने वाली सीढ़ियां चढ़ रहा था। प्राथमिकी में कहा गया है कि मथारू ने कथित तौर पर मूर्ति पर कई बार थूका, चिल्लाया कि वह इसे तोड़ने आया है और दावा किया कि वह डॉ. आंबेडकर या संविधान को स्वीकार नहीं करता। इसमें कहा गया है कि आरोपी की हरकतों ने वहां खड़े लोगों का ध्यान खींचा और वे मौके पर पहुंचे तथा प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने से पहले ही उसे पकड़ लिया। मॉडल टाउन थाने के उपनिरीक्षक गुरसाहिब सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्राथमिकी बहुजन समाज पार्टी की पंजाब इकाई के सचिव सुखदेव सिंह की शिकायत पर दर्ज की गई है।

### सोना व्यापार योजना का लालच देकर बुजुर्ग से 1.4 करोड़ की ठगी, दो लोगों पर मामला दर्ज

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ठ के ठाणे शहर में सोना व्यापार योजना का लालच देकर दो लोगों ने एक बुजुर्ग से कथित तौर पर 1.4 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

वागले एस्टेट प्रभाग के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) (धोखाधड़ी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईअी) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि कथित धोखाधड़ी 11 अप्रैल से 19 मई के बीच हुई। अधिकारी के अनुसार, 62 वर्षीय शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसे सोने के खनन और व्यापार योजना में निवेश करने के लिए फुसलाया और खनन से एक निश्चित मासिक आय तथा सोने के व्यापार से 15 प्रतिशत रिटर्न का वादा किया।

### बॉयफ्रेंड के साथ रिसॉर्ट गई महिला; भोजन करते वक्त गले में फंसा चिकन का टुकड़ा, मौत

**पालघर , एजेंसी।** महाराष्ट्र के पालघर में एक रिसॉर्ट में ठहरी 27 वर्षीय महिला की भोजन के दौरान दम घुटने से मौत हो गई। यह घटना 23 मई को हुई। केलवा पुलिस स्टेशन की इंस्पेक्टर विजया गोस्वामी ने बताया कि महिला अपने प्रेमी के साथ रिसॉर्ट में गई थी। रात के खाने के दौरान अचानक उसे सांस लेने में तकलीफ हुई और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोस्वामी ने कहा कि महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, ऐसा लगता है कि चिकन का एक टुकड़ा उसकी भोजन नली में फंस गया था। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया, हमने फिलहाल इसे आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं ताकि मौत का सटीक कारण पता चल सके।

### कंटेंट क्रिएटर निकला कॉन्ट्रैक्ट किलर, 5 लाख लेकर मुंबई में रेता महिला का गला; नोएडा से गिरफ्तार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के मशहूर कंटेंट क्रिएटर सुखप्रीत सिंह उर्फ सुख रतिया को मुंबई में सुपारी लेकर एक महिला की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। नोएडा एसटीएफ ने उसे गिरफ्तार कर नवी मुंबई पुलिस को सौंप दिया है। सुख रतिया हरियाणा के फतेहाबाद के रतिया कस्बे का रहने वाला है। इंस्टाग्राम पर उसके 5 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं और वह इंस्टाग्राम रील्स बनाकर काफी फेमस हुआ था। सुख रतिया व गुरप्रीत को पैसों की जरूरत थी और इसी चक्कर में उसने ये कदम उठाया। 24 साल का सुख रतिया 12वीं तक पढ़ने के बाद मॉडलिंग की ख्वाहिश लेकर साल 2022 में अपने मामा के लड़के गुरप्रीत सिंह के साथ मुंबई गया था।

# पाकिस्तान की कमर तोड़ने का तैयार है प्लान, पांच एशियाई विदेश मंत्री आ सकते हैं भारत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने पाकिस्तान की कमर तोड़ने का प्लान तैयार कर लिया है। पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। वहीं चाबहार बंदरगाह के जरिए भारत पाकिस्तान को अलग-थलग कर देना चाहता है। हाल के दिनों में पाकिसतान और तालिबान के बीच संबंध खराब हुए हैं। भारत चाहता है कि पाकिस्तानी बंदरगाहों पर निर्भरता कम हो जाए। वहीं ईरान चाहता है कि इस बंदरगाह के जरिए वह भारत के नेतूत्ववाले अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे में शामिल हो जाए। अगले महीने सेंट्रल एशिया के पांच विदेश मंत्री भारत आ सकते हैं। उस दौरान भारत पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, सीमापार आतंकवाद और पाकिस्तान पर व्यापार की निर्भरता को कम करने का मुद्दा उठा सकता है।


अफगानिस्तान और पाकिस्तान के आसपास सेंट्रल एशिया आतंकवाद का शिकार लंबे समय से रहा है। अफगानिस्तान में भी सीमापार आतंकवाद की समस्या बढ़ रही है। जून में होने वाली विदेश मंत्रियों की यह बैठक पहले 2022 में ही गणतंत्र दिवस के मौके पर होनी थी। हालांकि किसी वजह से उस समय यह मीटिंग नहीं हो पाई थी। ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक विदेश मंत्रियों की इस बैठक में आतंकवाद के खिलाफ एक्शन और यूरेशिया में आईएनएसटीसी और चाबहार पोर्ट के जरिए व्यापार को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

### कौन-कौन से देशों को विदेश मंत्री आ सकते हैं भारत

जून के महीने में कजाकिस्तान, किर्गिज रिपब्लिक, तजाकिस्तान, तुर्किमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री भारत आ सकते हैं। कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान ने पहले से ही आईएनएसटीसी और चाबहार पोर्ट के जरिए भारत से व्यापार शुरू कर दिया है। जानकारों का कहना है कि भारत केंद्रीय एशिया के देशों के साथ रक्षा संबंध और व्यापारिक संबंध और मजबूत करना चाहता है। अफगानिस्तान-पाकिस्तान रीजन में बढ़ते आतंकवाद को लेकर रूस समेत केंद्रीय एशिया के देश बेहद परेशान हैं। भारत इस मौके का फायदा उठाना चाहता है। आतंकवाद के खिलाफ अगर इन देशों ने मिलकर लड़ाई शुरू की तो पाकिस्तान अपने आप ही अलग-थलग हो जाएगा। पिछले कुछ महीनों में कजाकिस्तान-किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान में आतंकवाद पर बड़ी कार्रवाई की गई है। 2024 में एससीओ समिट में भी इन देशों ने संयुक्त बयान में आतंकवाद और सीमापार आतंकवाद के खिलाफ वार किया था।

### दुनियाभर से ज्यादा अकेले पाक में रह रहे आतंकीः गुलाम नबी आजाद

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने पाकिस्तान को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी देशों को मिलाकर जितने आतंकी नहीं हैं, उससे ज्यादा अकेले पाकिस्तान में मौजूद हैं। बहरीन दौरे पर आजाद ने कहा कि भारत में एकजुटता है, जबकि पाकिस्तान बंटा हुआ है।



बीजेपी सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में बहरीन पहुंचे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे गुलाम नबी आजाद ने एएनआई से बातचीत में कहा कि, हम अलग-अलग पार्टियों से हो सकते हैं, लेकिन यहां हम भारतीय बनकर आए हैं। पाकिस्तान धर्म के नाम पर बना, लेकिन वो खुद एकजुट नहीं रह सका। पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) और पश्चिमी पाकिस्तान भी नहीं टिक सके। उन्होंने आगे कहा, भारत में हर धर्म के लोग शांति और भाईचारे के साथ रहते हैं।

**ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ आतंकियों पर था:** आजाद ने भारत की हालिया सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई पाकिस्तान के आम नागरिकों के खिलाफ नहीं, बल्कि वहां मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ थी। उन्होंने कहा, हमारी सेना ने इस बात का पूरा ध्यान रखा कि किसी आम पाकिस्तानी नागरिक को नुकसान न पहुंचे। सिर्फ आतंकी और उनके परिवार के लोग मारे गए। लेकिन दुर्भाग्य से पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई में हमारे आम नागरिकों को निशाना बनाया।

**प्रधानमंत्री मोदी की तारीफः** आजाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पड़ोसी देशों के साथ अच्छे रिश्ते बनाने की कोशिशों की सराहना की। उन्होंने कहा, हमारे सभी प्रधानमंत्रियों ने पाकिस्तान समेत पड़ोसियों के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखने की कोशिश की है, लेकिन हर बार भारत को आतंकवाद का सामना करना पड़ा है।

**भारतीय डायस्पोरा से मिले नेताः** सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बहरीन में बड़ी संख्या में मौजूद भारतीय समुदाय से मुलाकात की। आजाद ने कहा कि वहां हर धर्म और समुदाय के लोग बिना किसी भेदभाव के रहते हैं, और बहरीन 'मिनी इंडिया' की तरह लगता है।

## हिमाचल के डीजीपी ने शिमला एसपी के निलंबन की सिफारिश की, सरकार को लिखा पत्र

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल पावर कॉर्पोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत की सीबीआई जांच के आदेशों के बाद हिमाचल पुलिस के भीतर उठा विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। एसपी शिमला संजीव गांधी द्वारा राज्य के डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा पर गंभीर आरोप लगाने के बाद डीजीपी ने सरकार को पत्र भेजकर एसपी को निलंबित करने की सिफारिश कर दी है।

डीजीपी ने गृह विभाग को भेजे अपने पत्र में लिखा है कि एसपी शिमला ने गंभीर अनुशासनहीनता की है। उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की है और कर्तव्यों में लापरवाही बरती है। उन्होंने कहा कि संजीव गांधी का व्यवहार अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम, 1968 और हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 का स्पष्ट उल्लंघन है।

डीजीपी ने पत्र में स्पष्ट किया है कि हिमाचल हाई कोर्ट ने 23 मई को विमल नेगी मौत मामले में एसपी शिमला की भूमिका पर गंभीर टिप्पणियां की हैं। इसके अगले ही दिन 24 मई को एसपी ने एक प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार के मुख्य सचिव और एक संवैधानिक पदाधिकारी पर बिना प्रमाण के आरोप लगाए। इतना ही नहीं, उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और केंद्र सरकार से जुड़े एक जांच मामले में भी भ्रामक और तथ्यहीन बयान दिए, जिससे संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा प्रभावित होने का खतरा है और केंद्र व राज्य सरकार के बीच संबंधों में तनाव की स्थिति खड़ी हो सकती है।

**डीजीपी बोले- सरकार की आलोचना कर रहे एसपीः** डीजीपी का पत्र में कहना है कि एसपी संजीव गांधी का आचरण सेवा नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी सार्वजनिक मंच से सरकार की आलोचना नहीं कर सकता। उन्होंने गृह विभाग से अनुरोध किया है कि एसपी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए और पुलिस मुख्यालय रिपोर्ट करने को कहा जाए।

गौरतलब है कि 10 मार्च को शिमला से लापता हुए चीफ इंजीनियर विमल नेगी का शव 18 मार्च को गोविंदसागर झील (बिलासपुर) से बरामद हुआ था। इस मामले की जांच एसपी शिमला की अगुवाई में गठित एसआईटी कर रही थी। लेकिन, मृतक की पत्नी किरण नेगी ने एसआईटी पर भरोसा न जताते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की। 23 मई को अदालत ने सीबीआई जांच के आदेश देते हुए एसआईटी की जांच पर सवाल उठाए।

**एसपी ने कहा- डीजीपी के हलफनामे से निष्पक्ष जांच को ठेसः** सीबीआई जांच के आदेश के अगले ही दिन एसपी संजीव गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीजीपी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि डीजीपी द्वारा कोर्ट में दाखिल किया गया हलफनामा न केवल गैर जिम्मेदाराना है बल्कि इससे एसआईटी की निष्पक्ष जांच की साख को ठेस पहुंची है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वे हाई कोर्ट में इस हलफनामे को चुनौती देंगे।

**नशा तस्करों से स्टाफ के संबंध का सनसनीखेज दावाः** एसपी गांधी ने डीजीपी के निजी स्टाफ पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि डीजीपी के स्टाफ का एक सदस्य नशा तस्करी के गिरोह से जुड़ा पाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले सीआईडी के एक गोपनीय पत्र के लीक होने में भी डीजीपी स्टाफ की भूमिका संदिग्ध है। गांधी ने कहा कि उनकी कई महत्वपूर्ण जांचों को रोकने और दिशा मोड़ने के प्रयास हुए। उन्होंने इन प्रयासों के पीछे पुलिस मुख्यालय और राजनीतिक संरक्षण की भूमिका होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह उनकी 25 वर्षों की ईमानदार सेवा को कलंकित करने का षड्यंत्र है, जिसे वे कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

## जुपिटर की आंध्र प्रदेश में 2700 करोड़ रुपये के निवेश से संयंत्र स्थापित करने की योजना

**अमरावती, एजेंसी।** जुपिटर रिन्यूएबल्स आंध्र प्रदेश में सौर सेल विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 2,700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। राज्य में संयंत्र स्थापित करने वाली यह तीसरी कंपनी होगी। राज्य तेजी से सौर मॉड्यूल और सेल उत्पादन में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।



उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा निवेश को मंजूरी देने के आदेश में कहा गया,कोलकाता स्थित जुपिटर इंटरनेशनल की अनुषंगी कंपनी जुपिटर रिन्यूएबल्स, 2,700 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अनकापल्ली जिले के रामबिल्ली में 4.8 गीगावाट (जीडब्ल्यू) सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) सेल एवं 1.5 गीगावाट मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना बना रही है। जुपिटर राज्य में सौर ऊर्जा विनिर्माण आधार स्थापित करने वाली तीसरी कंपनी है। राज्य अब इस क्षेत्र में गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु जैसे अग्रणी राज्यों को चुनौती दे रहा है। इससे पहले, इंडोसोल को एक ऊर्ध्वाधर एकीकृत सौर पीवी विनिर्माण इकाई में 69,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए मंजूरी मिली थी। वहीं प्रीमियर एनर्जीज भी राज्य में दो चरणों में निवेश कर रही है। पहले चरण में 5 गीगावाट इनगॉट एवं सौर वेफर विनिर्माण में 1,742 करोड़ रुपये का निवेश होगा और दूसरे चरण में 8 गीगावाट सौर सेल विनिर्माण में 4,200 करोड़ रुपये का निवेश होगा। एन. चंद्रबाबू नायडू सरकार के पिछले साल सत्ता में आने के बाद से राज्य में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश में उछाल देखा गया है।

## एक बंदर पकड़ने पर खर्च होंगे 1650 रुपये, स्पेशल एजेंसी करेगी प्रयागराज नगर निगम की मदद



**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज नगर निगम शहरी सीमा में बंदरों को पकड़ेगा। पहले बंदरों को पकड़ने का काम वन विभाग करता था। अब नगर निगम बंदरों को पकड़ने के लिए एक एजेंसी की तैनाती करेगा। खास बात यह है कि नगर निगम एजेंसी को एक बंदर पकड़ने के लिए 1650 रुपये भुगतान करेगा। बंदर को पकड़ने की राशि और बढ़ सकती है। नगर निगम बंदरों को पकड़ने के लिए विशेषज्ञ एजेंसी की मदद लेगा। बंदरों को पकड़ने वाली एजेंसी की तैनाती के लिए नगर निगम के पशुधन विभाग ने पहली बार टेंडर निकाला है।

टेंडर में नगर निगम की ओर से एक बंदर पकड़ने का आधार भुगतान 1650 रुपये रखा गया है। एजेंसी की मांग पर यह राशि बढ़ाई भी जा सकती है। इससे पहले नगर निगम एक बंदर पकड़ने के लिए 1450 रुपये भुगतान करता था। बंदरों को पकड़ने के लिए निकाली गई निविदा पर नगर निगम के पशुधन अधिकारी डॉ. विजय अमृतराज ने बताया कि बंदर वन्य जीव है। अभीतक वन विभाग ही बंदरों को पकड़ता था। संसाधन की कमी के चलते वन विभाग शहरी क्षेत्र में बंदरों को पकड़ने में सफल नहीं हो पा रहा था।

## आंबेडकर शोभायात्रा निकालने की नहीं मिली थी अनुमति

### गुस्साए दलित समाज ने रोकी कलश यात्रा

**एटा, एजेंसी।** यूपी के एटा में जलेसर थाना क्षेत्र के गांव जैनपुर में रविवार को उस समय तनाव की स्थिति फैल गई, जब दलित समाज के लोगों ने एक कलश यात्रा को रोक दिया। आगे नहीं जाने दिया। कहासुनी होने लगी। सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने यात्रा का विरोध कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। करीब 2 घंटे तक यात्रा में शामिल महिलाएं और बच्चियां सिर पर कलश लेकर धूप में खड़ी रहीं। कोतवाली जलेसर के गांव जैनपुर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। इसी के तहत रविवार शाम को कलश यात्रा निकाली जा रही थी। महिलाएं और बच्चियां अपने सिर पर कलश लेकर जा रही थी। यात्रा जाटव समाज के मोहल्ले से होकर गुजरी तो समाज के लोगों ने विरोध कर दिया। लोगों ने यात्रा नहीं निकलने दी। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पुलिस पहुंच गई। उधर, कलश यात्रा निकाल रहे लोग भी जिद पर अड़ गए और उसी मार्ग से जाने की बात कहने लगे। विवाद बढ़ता देख एसएचओ सुधीर कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्ष की बात सुनी। दलित समाज के लोगों का कहना था कि 16 अप्रैल को डा. भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा निकालने की तैयारी थी, लेकिन उन्हें परमीशन नहीं दी गई थी। अब कलश यात्रा की इजाजत कैसे मिल गई। सूचना पर अफसर मौके पर पहुंच गए। सीओ जलेसर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि समझाने पर कलश यात्रा निकाली गई है। गांव में शांति है। कई घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया। इसके बाद यात्रा आगे के लिए रवाना हुई। उधर, जानकारी पर एसडीएम भावना विमल, सीओ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार वाजिद हुसैन, एलआइयू प्रभारी अशोक सारस्वत भी मौके पर पहुंच गये।

# विदेश में नौकरी के लिए युवाओं को तैयार कर रहा मेघालय

**शिलांग, एजेंसी।** पूर्वोत्तर भारतीय राज्य मेघालय अपने युवाओं को विदेशी भाषाओं में ट्रेनिंग देकर काम करने बाहर भेज रहा है.इससे युवाओं के लिए नए रास्ते खुल रहे हैं.पूर्वोत्तर भारत के राज्य मेघालय ने अब अपने युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाने की गंभीर पहल की है.राज्य सरकार ने जर्मन संस्थाओं के सहयोग से एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत नर्सिंग और हेल्थ सेक्टर से जुड़े युवा अब जर्मनी में नौकरी कर सकेंगे.शुरुआत के लिए 20 युवाओं का एक बैच चुना गया है जिन्हें छह महीने तक जर्मन भाषा का बी2 स्तर तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है.इसके बाद वीजा और इंटरव्यू की प्रक्रिया पूरी होने पर उनकी नियुक्ति जर्मनी के अस्पतालों में की जाएगी. योजना नहीं, निवेश है। मुख्यमंत्री कोनराड संगमा इस कार्यक्रम को आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की एक शुरुआत मानते हैं.उनके अनुसार, अगर हम 30,000 पेशेवरों को विदेश भेजने में सफल होते हैं, तो वे हर महीने करीब 250 करोड़ रुपये राज्य में भेज सकते हैं.यह रकम सालाना 3,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है मुख्यमंत्री का कहना है कि यह योजना केवल एक नौकरी



कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक निवेश है जो राज्य की युवा आबादी को वैश्विक ताकत में बदल सकता है.कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत शिलॉन्ग में हुई जहां कोलकाता स्थित जर्मन वाणिज्य दूतावास की डिप्टी काउंसिल जनरल आंद्रेया येस्के और पीपल2हेल्प संस्था के कंट्री डायरेक्टर जनरल यान एबेन भी मौजूद थे.येस्के ने कहा, जर्मन स्वास्थ्य प्रणाली को 2035 तक लाखों कुशल पेशेवरों की जरूरत होगी, और भारत जैसे देशों से सहयोग अनिवार्य है. मेघालय की यह पहल समय की मांग के अनुरूप है उन्होंने आगे कहा, हम इन युवाओं को सिर्फ स्वास्थ्य पेशेवर नहीं, बल्कि भारत और जर्मनी के बीच सांस्कृतिक समझ के दूत के रूप में देखते हैंमहिलाएं बढ़ा रही हैं भरोसाइस योजना में भाग ले रही एक युवती ने डीडब्ल्यू को बताया, मेरी एक रिश्तेदार जापान में काम कर रही है.उसे देखकर ही मैंने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने का फैसला किया.अब मैं विदेश में अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहती हूंयह बयान उन कई लड़कियों की भावनाओं को जाहिर करता है जो सीमित संसाधनों और अवसरों के बावजूद अपने जीवन को बदलने के लिए तैयार हैं.सामाजिक संगठनों ने भी इस पहल का स्वागत किया है. एक स्थानीय संगठन के सचिव जोबी लिंगदोह ने कहा, यह कार्यक्रम बाकी युवाओं को भी प्रेरित करेगा, लेकिन इसे केवल एक बार की पहल न बनाकर नियमित और स्थायी कार्यक्रम में बदला जाना चाहिएवहीं एक महिला संगठन की प्रमुख ईके संगमा ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ी पहल बताया.उन्होंने कहा, युवतियों की भागीदारी दिखाती है कि वे अब पूर्वोत्तर की सीमाओं से निकलकर दुनिया में अपनी जगह बनाने को तैयार हैंसम्मान भी जरूरीहालांकि इस पहल के फायदे स्पष्ट हैं, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण सवाल भी उठते हैं.क्या स्थानीय स्वास्थ्य सेवाएं तब प्रभावित होंगी जब कुशल प्रोफेशनल विदेश जाएंगे? क्या विदेशों में काम करने वाले युवाओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी? मुख्यमंत्री संगमा का कहना है, हमारी योजना में यह सुनिश्चित किया गया है कि हर प्रतिभागी को सुरक्षित, सम्मानजनक और पेशेवर माहौल में काम करने का अवसर मिलेमेघालय सरकार पहले ही जापान और सिंगापुर में इस तरह के मॉडल पर काम कर चुकी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com





# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में उरुग्वे को 3-2 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना के रोसारियो में खेले जा रहे फ्रेंडली फोर नेशंस टूर्नामेंट में अपने दूसरे मुकाबले में उरुग्वे को 3-2 से हरा दिया। भारत की ओर से सोनम ने 21वें मिनट में गोल किया, जबकि कनिका सिवाच ने 46वें और 50वें मिनट में दो अहम गोल दागे। उरुग्वे के लिए मिलाग्रोस सीगल ने 3वें मिनट में और अगस्टिना मारी ने 24वें मिनट में गोल किए।

मैच की शुरुआत में ही उरुग्वे ने बढ़त बना ली थी, जब मिलग्रोस सीगल ने तीसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर अपनी टीम को आगे कर दिया। इसके बाद भारत की सोनम ने 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी का गोल कर दिया। लेकिन तीन मिनट बाद ही उरुग्वे की अगस्टिना मारी ने फिर से पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे कर दिया। तीसरे क्वार्टर के अंत तक खेल बराबरी पर रहा, लेकिन कनिका सिवाच ने अंतिम चरण में दो गोल करके भारत को विजयी बनाने में मदद की। अंतिम क्वार्टर में कनिका सिवाच ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल किया और 50वें मिनट में एक शानदार फील्ड गोल दागकर भारत को जीत दिला दी। इससे पहले, भारतीय टीम ने रोसारियो में चिली पर 2-1 की जीत के साथ अपने दौरे की शानदार शुरुआत की। उस मैच में भारत की तरफ से सुखवीर कौर ने 39वें मिनट में और कनिका सिवाच ने 58वें मिनट में गोल किए थे।

चिली के लिए एकमात्र गोल जावेरीया साएंज ने 20वें मिनट में गोल किया था। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को (आईएसटी के अनुसार) मेजबान अर्जेंटीना से होगा।

**आईपीएल 2025:**

# 37 गेंद में तूफानी शतक जड़ क्लासेन ने रचा इतिहास

## हैदराबाद के नाम भी खास रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में रविवार को कोलकाता और हैदराबाद के बीच खेले गए मैच में हैदराबाद ने कोलकाता को 110 रनों के बड़े अंतर से हराया.

ये दोनों ही टीमों का इस सीजन का आखिरी मैच था. इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक बल्लेबाज़ हेनरिक क्लासेन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में इतिहास रच दिया है. उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दिल्ली में खेले गए मैच में महज़ 37 गेंदों में शतक जड़कर आईपीएल इतिहास के तीसरे सबसे तेज़ शतक का रिकॉर्ड अपने नाम किया.

### क्लासेन ने बनाया ये रिकॉर्ड

क्लासेन का यह शतक आईपीएल इतिहास का अब तक का संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज़ शतक है, और दूसरा सबसे तेज़ शतक किसी विदेशी खिलाड़ी द्वारा. इस सूची में उनसे सिर्फ क्रिस गेल हैं, जिन्होंने 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 30 गेंदों में शतक जड़ा था.

### अब तक के सबसे तेज़ आईपीएल शतक (गेंदों के आधार पर)

30 गेंद – क्रिस गेल– बेंगलुरु, 2013
35 गेंद – वैभव सूर्यवंशी जयपुर, 2025
37 गेंद – यूसुफ पठान– मुंबई, 2010
37 गेंद – हेनरिक क्लासेन– दिल्ली, 2025
38 गेंद – डेविड मिलर–मोहाली, 2013

क्लासेन की इस तूफानी पारी के दम पर एसआरएच ने 278 रन बनाए. जो आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा टीम स्कोर है. आईपीएल के अब तक के शीर्ष पांच स्कोरों में से चार स्कोर एसआरएच के नाम हैं.



# हर्ष दुबे चालाक गेंदबाज, उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं : डेनियल विटोरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ की रेस से बाहर सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने अपने अंतिम लीग मैच में जीत हासिल कर टूर्नामेंट के सफर का शानदार अंत किया। इस मैच में ऑलराउंडर हर्ष दुबे के प्रदर्शन से मुख्य कोच डेनियल विटोरी काफी प्रभावित हुए। न्यूजीलैंड के इस पूर्व दिग्गज क्रिकेटर ने युवा खिलाड़ी को बहुत ही चालाक गेंदबाज बताया। अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स पर हैदराबाद ने 110 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। जिसमें दुबे ने अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को आउट किया और अपने चार ओवरों में उन्होंने 34 रन देकर तीन विकेट लिए। पूर्व में दुबे ने अपने पहले दो आईपीएल मैचों में मिशेल मार्श और विराट कोहली को आउट किया था, जिसके बाद यह दमदार स्पेल आया। 2025 दुबे के लिए एक शानदार साल रहा है, खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी के एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड तोड़ा, जब उन्होंने विदर्भ की 2024/25 चैंपियनशिप जीतने की दौड़ में 69 विकेट चटकाए, और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। दुबे को 30 मई से शुरू होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया 'ए' टीम में शामिल किया गया है। डेनियल विटोरी ने मैच के बाद दुबे की तारीफ में कहा कि मुझे लगता है कि टीम में आने के बाद से उन्होंने जो कुछ किया है, उससे हम बहुत खुश हैं।

वह स्पष्ट रूप से एक बहुत ही चालाक गेंदबाज है और परिस्थितियों को अच्छी तरह समझता है। वह समझता है कि उसे कैसे गेंदबाजी करनी है और कैसे विकेट निकालनी है। उसने आईपीएल के मैचों में अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। विटोरी ने कहा, उसके लिए सबसे अच्छी बात यह है कि अब से लेकर अगले आईपीएल तक वह बहुत क्रिकेट खेलेगा.

# चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई, बड़ी पुरस्कार राशि की भी घोषणा



**चेन्नई, एजेंसी।** आयोजकों ने एक प्रेस रिलीज में बताया कि छह से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में अब प्रत्येक वर्ग में 10 खिलाड़ी भाग लेंगे। चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे सत्र में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाकर 20 करने के साथ इसकी अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये करने की घोषणा की गई है। आयोजकों ने एक प्रेस रिलीज में बताया कि छह से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में अब प्रत्येक वर्ग में 10 खिलाड़ी भाग लेंगे, जबकि पिछले सत्र में आठ खिलाड़ी भाग लेते थे।

एमजीडी1 द्वारा आयोजित और तमिलनाडु सरकार तथा तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण द्वारा समर्थित इस टूर्नामेंट को सिंगापुर स्थित 'फिनटेक' कंपनी 'क्वांटबॉक्स रिसर्च' के साथ करार के बाद 'क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स' कर दिया गया है। पिछले सत्र में अरविंद चिदंबरम मास्टर्स वर्ग में अर्जुन एरिगैसी और विदित गुजराती जैसे खिलाड़ियों को पछाड़कर चैंपियन बने थे। प्रणव वी. ने चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता था। इस जीत से उन्हें इस साल मास्टर्स वर्ग में चुनौती पेश करने का मौका मिलेगा।

# लाहौर कलंदर्स ने चार साल में तीसरी बार जीता पीएसएल का खिताब




**लाहौर, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा ने टॉस से महज 10 मिनट पहले इंग्लैंड से यहां पहुंचकर लाहौर कलंदर्स को चार साल में पाकिस्तान सुपर लीग का तीसरा खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। खिताब जीतने पर कलंदर्स को पुरस्कार के रूप में 500,000 डॉलर भी मिले जो करीब 4.24 करोड़ रुपए बनते हैं। वहीं उपविजेता टीम ग्लेडिएटर्स को 200,000 डॉलर मिले, जो लगभग 1.69 करोड़ रुपए बनते हैं।

अगर इस राशि को अगर आईपीएल की इमानी राशि से जोड़कर देखा जाए तो यह काफी कम हैं क्योंकि आईपीएल का खिताब जीतने वाली टीम को 20 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं पीएसएल की खिताबी राशि से कहीं अधिक राशि आईपीएल नीलामी में खिलाड़ियों पर खर्च की जाती है। इसमें ऋषभ पंत एक उदाहरण हैं जो इस बार 27 करोड़ में बिके थे।

लाहौर ने रविवार को रोमांचक फाइनल में बड़े स्कोर का सफलता से पीछा करते हुए क्वेटा ग्लैडिएटर्स को एक गेंद शेष रहते छह विकेट से हराया।

रजा ने नॉटिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था जिसे जिम्बाब्वे शनिवार को पारी से हार गया था। उन्होंने रविवार को सात गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाए जबकि कुसल परेरा ने 31 गेंदों में नाबाद 62 रनों की पारी खेली जिससे लाहौर ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की। क्वेटा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद 9 विकेट पर 201 रन बनाए थे।

क्वेटा के अबूझ स्पिनरों की जोड़ी अबरार अहमद (27 रन पर एक विकेट) और उस्मान तारिक (38 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में लाहौर पर शिकंजा कस दिया था। जब रजा मैदान पर आए तो घरेलू टीम को अंतिम 20 गेंदों पर 57 रन की जरूरत थी। लाहौर पहुंचने के लिए कई उड़ान लेने वाले रजा पर थकान का कोई लक्षण नहीं दिखा।

उन्होंने तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की पहली दो गेंदों पर चौका और छक्का जड़ा। फहीम अशरफ की अंतिम तीन गेंदों पर टीम को जीत के लिए आठ रन चाहिए थे। रजा ने इस तेज गेंदबाज के खिलाफ छक्का और फिर फिर मिड-ऑन पर चौका जड़कर लाहौर को यादगार जीत दिला दी। इससे पहले पाकिस्तान के उभरते हुए स्टार टी20 बल्लेबाज हसन नवाज ने 43 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली। अशरफ (28) ने सलमान मिर्जा के आखिरी ओवर में 23 रन बटोरे जिससे क्वेटा 200 रन के पार पहुंच गया।

# वैभव सूर्यवंशी बाल-बाल बचे

## कटने वाला था नाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाल-बाल बच गए वैभव सूर्यवंशी. नहीं तो कट जाता नाम. आप सोच रहे होंगे कि हम ऐसा क्यों कह रहे हैं? क्या बेंगलुरु में इंडिया अंडर 19 स्क्वॉड के कैंप में मौजूद वैभव सूर्यवंशी के साथ कुछ ऐसा-वैसा हुआ है. तो जी नहीं, ऐसा बिल्कुल भी नहीं है.

वैभव सूर्यवंशी बेंगलुरु में अच्छे से अंडर-19 टीम का कैंप कर रहे हैं. रही बात उनके नाम कटने से बाल-बाल बचने की तो इसके तार आईपीएल इतिहास के सबसे तेज शतकों की लिस्ट से जुड़ा है. दरअसल, आईपीएल इतिहास के सबसे तेज शतकों की लिस्ट में अपडेट हुआ है. अब वहां पर युसूफ पठान के साथ तीसरे नंबर पर हेनरिक क्लासन का भी नाम दर्ज हो गया है. सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज क्लासन ने केकेआर के खिलाफ 25 मई को खेले मुकाबले में तूफान मचाते हुए सिर्फ 37 गेंदों पर शतक जमाया.

### 269.23 की स्ट्राइक रेट से क्लासन ने मारे रन

केकेआर के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा ने 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए. ट्रेविस हेड ने 190 की स्ट्राइक से विस्फोटक बैटिंग की.

लेकिन, जब नंबर 3 पर हेनरिक क्लासन उतरे तो उन्होंने 269.23 की स्ट्राइक रेट से नाबाद शतक जमाया. उन्होंने 64 मिनट बल्लेबाजी की और 39 गेंदों में नाबाद 105 रन बनाए, जिसमें 9 छक्के, 7 चौके शामिल रहे.

आईपीएल में वैभव सूर्यवंशी ने अपने तूफानी शतक की स्क्रिप्ट 35 गेंदों पर लिखी थी. जब उन्होंने ऐसा किया था तब उन्होंने यूसुफ पठान का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा था. और क्रिस गेल का 30 गेंदों वाला रिकॉर्ड तोड़ने से चूके थे. अब जब हेनरिक क्लासन ने 37 गेंदों पर शतक जमाया है तो उससे वैभव सूर्यवंशी का रिकॉर्ड बाल-बाल बचा है. दोनों के बीच बस 2 गेंदों का फासला रहा है. हालांकि, हेनरिक क्लासन ने यूसुफ पठान के 37 गेंदों की बराबरी जरूर कर ली.

# वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को DLS से 197 रनों से हराया

- **कार्टी का लगातार दूसरा शतक, वेस्टइंडीज ने बनाए 385 रन; वनडे सीरीज 1-1 से बराबर**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केसी कार्टी के करियर के सर्वश्रेष्ठ 170 रनों और शाई होप तथा जस्टिन ग्रीव्स के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय मैच में आयरलैंड को ष्ठरुस्र पद्धति से 197 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। बारिश की वजह से बाधित इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 385 रन बनाए। बारिश के कारण आयरलैंड का लक्ष्य 46 ओवरों में 363 रन कर दिया गया था।

आयरलैंड की पूरी टीम 29.5 ओवर में 165 रन पर ऑलआउट हो गई। आयरलैंड ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज के केसी कार्टी ने लगातार दूसरे मैच में शतक जड़ा, जबकि होप और ग्रीव्स ने अर्धशतकीय पारी खेली।

# फुटबॉल: वेनेजिया पर रोमांचक जीत से युवेंतस ने चैंपियंस लीग का टिकट कटाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम ने सीरी ए के अंतिम दौर के अपने मैच को जीतकर तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। युवेंतस रोमा से एक अंक आगे रहा। मैनुअल लोकाटेली के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से युवेंतस ने इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रेलीगेट (निचली लीग में खिसकना) हो चुकी वेनेजिया पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई किया। मौजूदा सत्र में युवेंतस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और इस साल मार्च में जब इगोर ट्यूडर को टीम की जिम्मेदारी (कोच) दी गई तो उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि टीम चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई कर सके। उन्होंने मुश्किल से ही सही, लेकिन अपना लक्ष्य पूरा किया। टीम ने सीरी ए के अंतिम दौर के अपने मैच को जीतकर तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। युवेंतस रोमा से एक अंक आगे रहा। रोमा ने टोरिनो में 2-0 से जीत हासिल करके यूरोपा लीग में जगह बनाई। पहले ही रेलीगेट हो चुकी वेनेजिया ने दूसरे मिनट में डेनियल फिला के गोल से युवेंतस को सकते में डाल दिया। केनान यिल्डिज और रैंडल कोलो मुआनी के छह मिनट के अंदर किये गए गोल से युवेंतस ने मैच के 31वें मिनट में बढ़त कायम कर ली। हाफ टाइम के बाद रीडगेसियानो हैप्स ने वेनेजिया के लिए बराबरी का गोल किया।

**आईपीएल 2025:**

# संन्यास का मन बना चुके हैं धोनी?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अच्छा नहीं रहा, लेकिन महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली टीम ने गुजरात टाइटंसको हराकर सफर का अंत किया। मैच के बाद महेंद्र सिंह धोनी से सवाल हुआ कि क्या वह अगले साल भी खेलते दिखेंगे? इस बार धोनी ने साफ-साफ नहीं कहा कि वह रिटायर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अभी रिटायर नहीं हो रहे हैं, लेकिन यह भी साफ नहीं किया कि अगले साल वह दिखेंगे। धोनी ने गुजरात के खिलाफ मैच के बाद कहा, ÷यह अच्छा है। मैं यह नहीं कहूंगा कि आज हाउसफुल था, लेकिन अच्छी भीड़ थी। यह एक बहुत बड़ा स्टेडियम है। हमारा सीजन अच्छा नहीं रहा,लेकिन जीत के साथ खत्म करना अच्छा था। गेंदबाजी विभाग और बल्लेबाजी विभाग में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन में से एक था। हमने कैच लेने में अच्छे नहीं रहे, लेकिन यह एक ऐसा मैच था जिसमें हमारी फील्डिंग और कैचिंग अच्छी थी। अगले साल खेलने के सवाल पर धोनी ने कहा, मेरे पास निर्णय लेने के लिए 4-5 महीने हैं, यह तय करने की कोई जल्दी नहीं है कि क्या करने की जरूरत है। हर साल शरीर को फिट रखने के लिए अधिक प्रयास करना पड़ता है। आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है, यह शीर्ष स्तर का क्रिकेट है। यह पेशेवर क्रिकेट है।

### हमेशा प्रदर्शन मायने नहीं रखता

धोनी ने आगे कहा, हमेशा प्रदर्शन मायने नहीं रखता। यदि क्रिकेटर अपने प्रदर्शन के कारण संन्यास लेना शुरू कर दे तो उनमें से कुछ 22 साल की उम्र में संन्यास ले लेंगे। यह देखना महत्वपूर्ण है कि आपमें कितनी भूख है और आप कितने फिट हैं। आप टीम के लिए कितना योगदान दे सकते हैं। टीम को जरूरत है या नहीं।

### सोचूंगा और फिर फैसला लूंगा

मेरे पास पर्याप्त समय है। रांची वापस जाऊंगा, काफी समय से घर नहीं गया हूं, इसलिए कुछ बाइक राइड का आनंद लूंगा और फिर निर्णय लूंगा। मैं यह नहीं कह रहा कि मैं जा रहा हूं, न ही मैं यह कह रहा हूं कि मैं वापस आऊंगा। मेरे पास समय है। इस बारे में सोचूंगा और फिर फैसला लूंगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### उपभोक्ता अदालत के आदेश पर 75 हजार का भुगतान

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** जिला उपभोक्ता अदालत, औरंगाबाद के सदस्य ब्रदी नारायण सिंह ने सोमवार को शिकायत वाद संख्या -97/24 में शिकायतकर्ता शहर के वार्ड-6 पटेल कॉलोनी निवासी साहित्या कुमारी को एक नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनी(एनबीएफसी) की ओर से दिया 75 हजार रूपये का चेक सौंपा। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन में कहा था कि इस कंपनी में जमा राशि पांच साल में दोगुना स्कीम में 02 मार्च 2015 को 25 हजार और 24 अक्टूबर 2016 को 50 हजार रुपए जमा किया था। भुगतान तिथि 2020-21 में परिपक्वता राशि देने में कंपनी द्वारा टालमटोल किया जा रहा था, तब शिकायतकर्ता ने शारिरिक और मानसिक उत्पीड़न का वकालतन नोटिस कम्पनी को भेजा, लेकिन कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया। तब शिकायतकर्ता ने न्याय के लिए जिला उपभोक्ता अदालत में वाद दाखिल किया। इसी वाद में कंपनी द्वारा आज पहली किस्त प्रदान की गई है।

### घुसपैठियों को हटाने और शहर अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** शहर में घुसपैठियों की बढ़ती संख्या के विरोध में रविवार को लोगों ने गांधी मैदान से शांतिपूर्ण पदयात्रा निकाली। पैदल यात्रा जामा मस्जिद होते हुए रमेश चौक पहुंची। यात्रा 3 प्रमुख मांगों को लेकर निकाली गई। पहली मांग- घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें बाहर किया जाए। दूसरी शहर में चोरी छिपे गोकशी और अवशेष दूसरे जगहों पर फेंके जाने के कारण दुर्गंध। तीसरी अतिक्रमण कर कब्जा किए गए सरकारी और निजी जमीन को मुक्त कराया जाए। कारण शहर वासियों को सड़क जाम की समस्या से जूझना पड़ता है।

# मंडे फॉलोअप बैठक में योजनाओं की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में मंडे फॉलो अप बैठक एवं जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई तथा सभी विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक की शुरुआत में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों को जोड़ने हेतु 26 मई से 28 मई 2025 तक चलाए जा रहे विशेष अभियान की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंडों के नोडल पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे इस अभियान के दौरान आयुष्मान कार्ड निर्माण की सतत निगरानी करते हुए लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराएं। इसके पश्चात मंडे फॉलो अप बैठक में विभागवार एजेंडा की पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से अवलोकन किया गया, तथा निष्पादन की दिशा में ठोस पहल करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला समन्वय समिति की बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला, सदर अनुमंडल तथा दाउदनगर अनुमंडल स्तर पर लंबित परिवादों की पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की गई। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने विभागों में लंबित मामलों की सूची प्राप्त कर उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि जिले में वर्तमान में सीपीग्राम्स से संबंधित तीन, ई-डैशबोर्ड पर 235 एवं "जनता के दरबार में मुख्यमंत्री" कार्यक्रम से संबंधित 84 आवेदन लंबित हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। लोक सेवा के अधिकार अधिनियम (आरटीपीएस) के अंतर्गत निवास, जाति, आय, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही पेंशन, पारिवारिक लाभ, राशन कार्ड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन), एलपीसी जैसे आवेदनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला विधि शाखा में लंबित CWJC एवं MJC वादों की विभागवार समीक्षा की गई। इस क्रम में जिला पदाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समयबद्ध रूप से प्रति शपथ पत्र दायर कर जिला विधि शाखा को आवश्यक प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं, जिससे न्यायिक मामलों में यथासमय प्रभावी प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया जा सके। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (पीएचईडी) की समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि पंचायती राज विभाग से हस्तांतरित वार्डों में कुल 1163 टोलों में से 757 टोलों के लिए एनओसी प्राप्त हो चुकी है जबकि शेष 406 के लिए अंचल कार्यालयों से एनओसी की प्रतीक्षा है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शीघ्र शेष एनओसी निर्गत करें, जिससे लंबित टोलों में कार्य प्रारंभ किया जा सके। समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण, मरम्मत, पेयजल एवं शौचालय सुविधा की स्थिति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण एवं मरम्मत संबंधी कार्य पंचायत समिति फंड से शीघ्र संपन्न कराएं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की स्थापना हेतु भूमि चिह्नित कर शीघ्र एनओसी प्रदान करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा अन्य विभागों के कार्यों की भी क्रमवार समीक्षा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के अंत में "डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान" के अंतर्गत आयोजित शिविरों की समीक्षा की गई। शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रगति पर विशेष ध्यान देते हुए जिला पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी अपने विभाग से संबंधित आवेदनों की सतत निगरानी करते हुए उनका शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। डीआरसीसी विभाग की धीमी निष्पादन प्रक्रिया पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिला पदाधिकारी ने योजना पदाधिकारी को तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही नए राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी को दिया गया।

# आरपीएफ ने शराब के साथ कारोबारी को दबोचा



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथीन बी राज के निर्देशन में रेल सुरक्षा तथा यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तथा रेल गाड़ियों से विष्फोटक, ज्वलनशील प्रतिबंधित एवं नशीले सामानों का परिवहन रोकने हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। आरपीएफ रफीगंज के निरीक्षक प्रभारी राम सुमेर तथा राजकीय रेल थाना सोननगर के थानाध्यक्ष के नेतृत्व में रफीगंज स्टेशन पर छापामारी अभियान चलाया गया। इसी अभियान के तहत रेल सुरक्षा बल रफीगंज की टीम के उप निरीक्षक इंदल कुमार मंडल, सहायक उप निरीक्षक नितेश कुमार सिंह, प्रधान आरक्षी प्रमोद कुमार एवं आरक्षी योगेंद्र राम, आरक्षी संदीप कुमार द्वारा प्लेटफार्म संख्या 03 के पश्चिमी छोर पर रफीगंज थाना अंतर्गत चरकावां निचली डीह निवासी रामजी चौधरी के पुत्र संजय कुमार को लगभग 15.285 लिटर अंग्रेजी शराब जिसका कीमत 13,600/- रुपया है। को जप्त कर अग्रिम कार्यवाही के लिए रेल पुलिस सोननगर को सुपुर्द किया गया।

# 28 साल बाद हार्डकोर नक्सली गिरफ्फतार

निज संवाददाता | औरंगाबाद

बिहार के अति नक्सल प्रभावित औरंगाबाद और गया जिले की पुलिस को एक हार्डकोर नक्सली पिछले 28 साल से चकमा देता फिर रहा था। पुलिस उसके पीछे हाथ धोकर पड़ी थी। आखिरकार वह बिहार पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स(एसटीएफ) की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस के हत्थें चढ़ गया।गिरफ्तार हार्डकोर नक्सली अर्जुन पासवान औरंगाबाद के गोह प्रखंड में बंदेया थाना के चपरा गांव का निवासी है। आधा दर्जन नक्सली कांडों में पुलिस उसे सरगर्मी से तलाश रही थी। औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने सोमवार को बताया कि औरंगाबाद जिले को अपराध एवं नक्सल मुक्त क्षेत्र बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा स्पेशल टास्क फोर्स(एसटीएफ) के साथ सामंजस्य स्थापित कर लगातार कई तरह के अभियान चलाएं जा रहे है। अभियान में विभिन्न नक्सली कांडों में फरार नक्सलियों की लगातार गिरफ्तारी हो रही है। इसी अभियान में आधा दर्जन नक्सली वारदातों में संलिप्त 28 वर्षों से फरार चल रहे हार्डकोर नक्सली अर्जुन पासवान को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस और एसटीएफ की स्पेशल टीम लगातार कर रही काम-उन्होने बताया कि नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए औरंगाबाद पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त विशेष टीम पहले से गठित है। यह टीम तकनीकी एवं ह्यूमन इंटेलिजेंस से मिल रही सूचना पर लगातार छापेमारी में जुटी है। जा रही थी। खुफिया इनपुट पर छापेमारी में हुई गिरफ्तारी-एसपी ने बताया कि स्पेशल टीम को ऑपरेशन के दौरान यह खुफिया इनपुट मिला कि औरंगाबाद जिले का कुख्यात नक्सली तथा कई कांडों का वांछित फरार अपराधकर्मी अर्जुन पासवान अपने घर चपरा आया हुआ है। उसे किसी खास उदेश्य से बंदेया थाना क्षेत्र में गंगटी मोड़ के पास घुमते हुए देखा गया है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गंगटी मोड़ के पास घेराबंदी कर छापेमारी शुरू की। इसी दौरान यह कुख्यात नक्सली अर्जुन पासवान पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गिरफ्तारी के बाद नक्सली ने पुलिस के समक्ष कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इसके बाद गिरफ्तार नक्सली को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैं। इन मामलों में थी पुलिस को तलाश-उन्होने कहा कि औरंगाबाद पुलिस एवं एसटीएफ द्वारा की जा रही संयुक्त कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है और नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाए रखने के लिए छापेमारी अभियान लगातार जारी है। गिरफ्तार नक्सली अर्जुन पासवान पर गोह थाना में कांड संख्या-115/97, 21/04, 102/09, गोह के बंदेया थाना में कांड संख्या-12/2017, 08/2024 एवं गया जिले के गुरारु थाना में कांड संख्या-48/09 दर्ज है। उसके खिलाफ गया जिले के जिला सत्र न्यायालय, शेरघाटी से एसटीआर-140/14, टीआर नंबर-1133/23, गया के एडीजे-2 के कोर्ट से एसटीआर 312/14 और गया जिले के ही एडीजे-4 के कोर्ट

# बेटी पैदा हुई तो हमारी बहन को मार डाला

निज संवाददाता | औरंगाबाद



एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के भाई का कहना है कि मेरी बहन को बेटी हुई थी, जिसके चलते ससुराल वाले नाराज थे। उन्होंने ही मेरी बहन की हत्या कर किचन में खूंटी से लटका दिया है। दरअसल, महिला की मौत के बाद एक वीडियो सामने आया है, जिसमें महिला का पैर जमीन पर टीका है और वो फंदे से लटकी दिख रही है। पुलिस ने सोमवार को किचन में फंदे से लटका हुआ महिला का शव बरामद किया है। मामला दाउदनगर के गोला रोड का है। मृतका की पहचान 23 साल की सुमन कुमारी के रूप में हुई है, जो वक्त मोहल्ला के रहने वाले गुड्डू कुमार की पत्नी थी। करीब 13 महीने पहले 18 अप्रैल 2024 को महिला की शादी हुई थी। मृतका के भाई सोनू ने बताया कि शादी के कुछ दिनों के बाद से ही ससुराल वालों की ओर से मेरी बहन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया था। कई बार रिश्तेदारों की मौजूदगी में समझौता भी कराया गया। किसी तरह ससुराल वाले मनाकर चार दिन पहले सुमन को घर लेकर आए थे। सोमवार को हम लोगों को सुमन की मौत की खबर मिली। सोनू ने कहा कि जब हम सुमन के ससुराल पहुंचे तो किचन में उसका शव खूंटी से बने एक फंदे से लटका हुआ था। उसका पैर जमीन से सटा हुआ था। ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए उसे फंदे से लटका दिया था। मृतका के भाई ने सुमन के पति गुड्डू पर कई गंभीर आरोप लगाया है। उसने बताया कि उसके बहनोई का कई अन्य महिलाओं के साथ भी अवैध संबंध है। एक बार उसका मोबाइल घर पर ही छूट गया था। उसके बहन ने मोबाइल में कुछ महिलाओं के साथ गुड्डू का आपत्तिजनक स्थिति में तस्वीर देख लिया था। अवैध संबंध को लेकर ही दोनों के बीच हमेशा विवाद होता था। सुमन के ससुर ने बताया कि शादी के बाद कुछ महीना बीतने के बाद उसके मायके वालों को पता चला कि वह गर्भवती है। उसके बाद मायके वाले ससुराल वालों पर उसे ले जाने के लिए दबाव बनाने लगे। रिश्तेदारों की मौजूदगी में समझौता के बाद उसे ससुराल लाया गया। 4 महीने पहले 29 जनवरी को उसने एक लड़की को जन्म दिया। कुछ दिन के बाद फिर उसका पति के साथ विवाद हो गया। मायके वालों ने उसके घर में पुलिस बुला दिया। कुछ दिनों के बाद 15 फरवरी को वह फिर मायके चली गई। चार दिन पहले गुरुवार को समझौता के बाद उसे ससुराल लाया गया था। ससुर ने बताया कि 2 दिन पूर्व ही उसका बेटा गुड्डू घर से नौकरी के लिए निकला है। दो दिनों से वह खाना पीना नहीं खा रही थी। जब मृतका की सास सोमवार को उसके कमरे में गई तो वह कमरे में नहीं मिली। बाद में उसका शव किचन में मिला। इसके बाद घटना की जानकारी परिजनों तथा अन्य लोगों को दी गई। इस संबंध में दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद सुमन के शव को परिजन को सौंप दिया गया। छानबीन जारी है। एफएसएल की टीम को बुलाया है।

# गांधी के विचारों से असहमति, मोदी को बताया आदर्श नेता

निज संवाददाता | औरंगाबाद



विश्व हिंदु परिषद के केंद्रीय धर्माचार्य मार्गदर्शक मंडल के प्रमुख महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वर दास ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों को लेकर बड़ा बयान दिया है। एक यज्ञ में शामिल होने औरंगाबाद आए महामंडलेश्वर ने सोमवार को यहां कहा कि गांधी की बात हम नही मानते है। गांधी एक गाल में थप्पड़ मारने पर दूसरा गाल आगे करने की बात करते है लेकिन दूसरा थप्पड़ पड़ गया तो तीसरा गाल कहां से लाएंगे। यह कायरता है और हमारा सत्य सनातन धर्म इसकी इजाजत नही देता बल्कि जैसे को तैसा की बात कहता है और हमें खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी राह पर चल रहे है। धर्म और राजनीति के समन्वय का सुंदर उदाहरण रामायण का उतर कांड- कहा कि मोदी राजधर्म का सम्यक निर्वहन कर रहे और राजनीति बिना धर्म के चल ही नही सकती। धर्म के साथ राजनीति और राजनीति के साथ धर्म का समन्वय बेहद जरूरी है, जो वर्तमान में नरेंद्र मोदी की सरकार में दिख रहा है और धर्म तथा राजनीति के समन्वय का सबसे सुंदर उदाहरण रामायण का सुंदर कांड है, जिसे हर किसी को पढ़ना और मनन करना चाहिए। पहलगाम हमले को ले शंकराचार्य द्वारा केंद्र को कटघरे में खड़े करने के सवाल पर नही की टिपण्णी-उन्होने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा पहलगाम घटना को लेकर केंद्र सरकार को कटघरे में खड़े किए जाने के सवाल पर टिपण्णी से परहेज करते हुए कहा कि वें सनातन धर्म के सर्वोच्च गरिमामय पद पर है। इस नाते उनके बयान पर कोई टिपण्णी नही करेंगे लेकिन इतना जान लीजिए वें आदरणीय है और रहेंगे। उनकी टिपण्णी का गलत अर्थ नही निकाला जाना चाहिए। किसी खास विषय पर सबकी राय एक समान नही हो सकती है, वह उनके बयान पर भी लागू होता है। उनका बयान असहमति वाला भले ही है लेकिन सभी शंकराचार्य, धर्माचार्य और संत महात्मा पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार के स्तर से की गई कार्रवाई से सहमत है। कट्टरवादिता समाप्त हो सकती सनातन नही-सनातन पर खतरा के सवाल पर बिना किसी धर्म का नाम लिए उन्होने कहा कि कट्टरवादिता खत्म हो सकती है लेकिन सनातन नही। सनातन था, है और रहेगा, इस पर कोई आंच नही आ सकती। कहा कि भारत का उद्भव, हमारे संस्कार-संस्कृतिसिखने जाने की हमें कही जाने की जरूरत नही है, यह हमारे डीएनए में है। किसी धर्म का नाम लिए बिना उन्होने फिर कहा कि उनकी उपासना पद्धति अलग है लेकिन अलग-अलग देवी-देवताओं की पूजा की परंपरा के बावजूद हमारी उपासना पद्धति और हमारा सनातन धर्म एक है। सनातन पर अंग्रेजों ने हमला किया, तुर्कों ने हमले किए लेकिन हमारा कुछ नही बिगड़ा। वें आज कहां है और हम कहां है, यह सब दिख रहा है। कहा कि हमारे धर्म में कट्टरता आ ही नही सकती क्योकि हमारे यहां विशेष मुहुर्त छोड़कर किसी भी समय पूजा-आराधना करने की इजाजत है। हमारे यहां समय की बाध्यता नही है। यह हमारे मन पर है, हमें जब समय मिले हम पूजा कर सकते है। हमारे यहां पग-पग पर परंपरा और संस्कार है, जिनसे हम कभी विमुख हो नही सकते। भारत विश्वगुरू था, है और रहेगा-महामंडलेश्वर ने कहा कि भारत सदियों से विश्वगुरू रहा है, आज भी है और आगे भी रहेगा क्योकि हमारा भारत किसी की लकीर मिटाने में यकीन नही करता बल्कि खुद ही लंबी लकीर खींचता है। इतनी लंबी लकीर खींचता है कि दूसरा कोई उसके समान लकीर खींच नही सकता। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। हमारी प्रगति से दुनियां के लोगों को तकलीफ हो रही है। वें विरोध भी कर रहे है लेकिन हम उनका विरोध नही कर रहे क्योकि हमारा सनातन धर्म 'सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः' यानी सबके सुखी और निरोग होने की बात करता है। मुस्लिम गंगा में खड़ा हो गाय की पूंछ पकड़ भी हिंदु विरोधी नही होने की बात कहेगा, तो भी यकीन नही- उन्होने कहा कि मुसलमान गंगा में खड़ा होकर गाय की पूंछ पकड़ कर भी सनातन विरोधी नही होने की बात करेगा, तब भी उसकी बात यकीन करने लायक नही है क्योकि जब आप धारा 370 हटाएंगे, तीन तलाक हटाएंगे, बुर्का प्रथा हटाने और सामान्य नागरिक संहिता की बात करेंगे, तो वह हमारा विरोधी रहेगा ही। उसके विरोध का सनातन पर कोई फर्क नही पड़ता बल्कि सनातन आगे ही बढ़ता रहेगा। पत्रकारिता, राजनीति और संत तीनों की समाज के लिए कल्याणकारी- पहले पत्रकारिता, फिर संत बनने और बिहार के शिवहर से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर महामंडलेश्वर ने कहा कि तीनों ही कार्य समाज के लिए कल्याणकारी है। पत्रकार जब किसी समस्या की खबर लिखता है, तो उससे किसी की समस्या दूर होती है, किसी का कल्याण होता है। राजनीति भी इसी तरह होती है। राजनेता भी अपने कार्य जन कल्याण के लिए ही करते है और संत-महात्मा भी समाज को सही मार्ग दिखा कर जन कल्याण में ही लगे रहते है। इस कारण इन तीनों में भी समन्वय बना रहना चाहिए क्योकि तीनों ही जन कल्याण के माध्यम है और उन्होंने इन तीनों ही राह अपनाए है। औरंगाबाद का नाम बदल कर हो अरूण नगर-उन्होने विश्व हिंदु परिषद की औरंगाबाद का नाम अरूण नगर रखने की पुरानी मांग को फिर से उठाते हुए कहा कि अरूण शब्द सूर्य का पर्यायवाची है। यहां सूर्य का प्राचीन मंदिर है। यहां सूर्य की उपासना होती है, छठ पूजा होती है। इसलिए इस जगह का 'अरुण नगर' उपयुक्त नाम है। कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनका निवेदन होगा कि उन्हे औरंगाबाद का नाम बदलकर 'अरूण नगर' रखना चाहिए।

# सड़क हादसे में 2 महिला समेत 4 लोग घायल

निज संवाददाता | औरंगाबाद



अलग-अलग सड़क हादसों में 2 महिला समेत चार लोग घायल हो गए। 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान दाउदनगर के अंबेडकर नगर कुर्बान बिगहा निवासी आशा देवी, कौशल्या देवी, तरारी निवासी अरुण कुमार और ओबरा के तेजपुरा निवासी छोटू कुमार के तौर पर हुई है। पहली घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र की है। तेज रफ्तार पिकअप ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ई-रिक्शा पलट गई। हादसे में कौशल्या देवी, आशा और अरुण घायल हो गए। हादसे के बाद आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत में आशा देवी को डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल महिला के परिजनों ने बताया कि रविवार शाम पूजा का सामान खरीदने दाउदनगर बाजार गई थी। घर लौटते समय ई-रिक्शा में पिकअप ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना ओबरा थाना क्षेत्र के तेजपुरा गांव की है। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। स्थानीय लोगों ने बाइक युवक को पानी से बाहर निकाला। गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।



बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

## पशुओं में भीषण गर्मी एवं लू लगने के लक्षण एवं उपचार

गर्मी के मौसम में जब बाहरी वातावरण का तापमान अधिक हो जाता है तो वैसी स्थिति में पशु को उच्च तापमान पर ज्यादा देर तक रखने से या गर्म हवा के झोंकों के संपर्क में आने पर लू लगने का डर अधिक होता है जिसे हीट स्ट्रोक अथवा सन स्ट्रोक कहते हैं।

### पशुओं में लू लगने के लक्षण

- तीव्र ज्वर की स्थिति
- मुँह खोलकर जोर–जोर से सांस लेना अर्थात हांफना एवं मुँह से लार गिरना।
- क्रियाशीलता कम हो जाना एवं बेचैनी की स्थिति।
- भूख में कमी एवं पानी अधिक पीना एवं पेशाब कम होना अथवा बंद हो जाना।
- धड़कन तेज होना।
- कभी–कभी अफरा की शिकायत होना आदि।

### पशुओं में लू से बचाव के उपाय

- पशुओं को धूप एवं लू से बचाव हेतु पशुओ को हवादार पशुगृह अथवा छायादार वृक्ष के नीचे रखें जहाँ सूर्य की सीधी किरणें पशुओं पर न पड़े।
- पशुगृह को ठंढ़ा रखने हेतु दीवारों के उपर जूट की टाट लटका कर उसपर थोड़ी–थोड़ी देर पर पानी का छिड़काव करना चाहिए ताकि बाहर से आने वाली हवा में ठंढक बनी रहे।
- पंखे अथवा कूलर का यथासंभव उपयोग करें। पशुओं में पानी एवं लवण की कमी हो जाती है। साथ ही भोजन में अरूची हो जाती है। इन्हें ध्यान में रखकर दिन में कम से कम चार बार साफ, स्वच्छ एवं ठंढा जल उपलब्ध कराना चाहिये। साथ ही संतुलित आहार के साथ–साथ उचित मात्रा में खनिज मिश्रण देना चाहिये। पशुओं खासकर भैंस को दिन में दो–तीन बार नहलाना चाहिए। आहार में संतुलन हेतु एजोला घास का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही आहार में गेहूँ का चोकर एवं जौ की मात्रा बढ़ा देनी चाहिए। पशुओं को चराई के लिए सुबह जल्दी/शाम में देर से भेजना चाहिए।

### पशुओं में लू लगने के उपचार

- सर्वप्रथम शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए पशु को ठंडे स्थान पर रखना चाहिए।
- पशु को पानी से भरे गढ्ढे में रखना चाहिए अथवा पूरे शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करना चाहिए। सम्भव हो तो बर्फ या अल्कोहल पशुओं के शरीर पर रगड़ना चाहिए।
- ठंडे पानी में तैयार किया हुआ चीनी, भुने हुए जौ का आटा व थोड़ा नमक का घोल बराबर पिलाते रहना चाहिए।
- पशु को पुदीना व प्याज का अर्क बनाकर देना चाहिए।
- शरीर के तापमान को कम करने वाली औषधी का प्रयोग करना चाहिए।
- शरीर में पानी एवं लवणों की कमी को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रोलाइट थेरेपी करना चाहिए।
- विषम परिस्थिति में नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करना चाहिए।

PR No.- 004164 (Animal)D. 2025-26

पशुपालन निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा जनहित में प्रचारित